CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAJK1 User: cci Time: 01-16-2026 23:03 Color:

नई दिल्ली > शनिवार, 17 जनवरी 2026 > पौष 28, शक संवत 1947, माघ कृष्ण चतुर्दशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 15 > पेज 26* > मूल्य ₹5.00 या ₹11.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

NBT नवभारत टाइम्स



मचाडो ने दिया अपना नोबेल, तो ट्रंप ने उसे रख लिया

▶ देखें अंदर

नगर निगम के नतीजों में छाई BJP, मोदी बोले- थैंक्यू महाराष्ट्र

▶ देखें अंदर



एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 19001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 19001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

युद्ध नशे विरुद्ध 2.0

दूसरे चरण की शुरुआत

स.भगवंत सिंह मान
मुख्यमंत्री, पंजाब

पिंडां दे पहरेदार

पंजाब का हर व्यक्ति अब बन सकता है अपने गाँव और समाज का रक्षक

पिंडां दे पहरेदार की भूमिका और ज़िम्मेदारियाँ

- जहाँ नशा बेचा या सप्लाई किया जाता है, उसकी सूचना देना
- यदि कोई व्यक्ति नशा छोड़ना चाहता है तो उसे नज़दीकी नशा मुक्ति केंद्र (ओ.ओ.ए.टी केंद्र) लेकर जाना

फेज 1: 300 दिन में असल नतीजे

29,978 एफ.आई.आर
एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज

43,276 गिरफ्तारियाँ
राज्यभर में

30,595 किलोग्राम
नशा ज़ब्त

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

CCI NG 3.7 Product: NBTDelNiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA8 User: vivek.kumar4 Time: 01-16-2026 21:58 Color:

एक भरोसेमंद विरासत। दो लैंडमार्क नए रूप में।

हमारे प्रमुख शोरूम
साउथ एक्सटेंशन और नोएडा सेक्टर 18 में

आज खुल रहा है!

कल्याण ज्वेलर्स साउथ एक्सटेंशन और नोएडा सेक्टर 18 में अपने दो प्रमुख शोरूम का उद्घाटन करते हुए अत्यंत हर्ष का अनुभव कर रहा है। भव्यता, विरासत और कलात्मकता के इन दो शानदार केंद्रों का अनुभव करें, जहाँ भारत के बेहतरीन कारीगरों द्वारा निर्मित कल्याण के सिग्नेचर कलेक्शंस की सबसे उत्तम रेंज, सर्वोत्तम मूल्यों पर उपलब्ध है।

कल्याण ज्वेलर्स

UP TO ₹1500 PER GRAM OFF ON MAKING CHARGES

KALYAN SPECIAL GOLD RATE

SOUTH EXTN

15,000 SQ. FT. OF JEWELLERY SPLENDOUR, DESIGNED TO WELCOME 100 CUSTOMERS AT ONCE

5000 SQ. FT. OF DEDICATED PARKING FOR A SEAMLESS SHOPPING EXPERIENCE

OVER 1,00,000 CREATIONS IN GOLD, DIAMOND & POLKI JEWELLERY

OPEN ON ALL DAYS

SOUTH EXTENSION - F-45, BLOCK F, PART-1, NEW DELHI. PH: 99711 18408, 73560 71333

KAROL BAGH - PH: 95823 73433 | **PREET VIHAR** - PH: 98109 80833 | **DWARKA** - PH: 99101 98533 | **OMAXE MALL** - PH: 98216 88482 | **VEGAS MALL DWARKA** - PH: 95822 4933 **KAMLA NAGAR** - PH: 95990 71233 | **RAJOURI GARDEN** - PH: 99715 19130 | **JANAKPURI** - PH: 93114 87433 | **SHAHDARA** - PH: 97461 92753 | **PITAMPURA** - PH: 88003 72933 **PITAMPURA (KOHAT ENCLAVE)** - PH: 85120 95633 | **KAILASH COLONY** - PH: 98219 61363 | **ROHINI** - PH: 88268 05993 | **PASCHIM VIHAR** - PH: 98214 70774 | **GURGAON** - PH: 99710 53233 **GOLD SOUK MALL** - PH: 73037 67833 | **SADAR BAZAR** - PH: 74283 80133 | **AMBIENCE MALL** - PH: 92666 05028 | **GIP MALL NOIDA** - PH: 85274 32313 | **GAUR CITY MALL** - PH: 84482 76933 **SECTOR-50** - PH: 73562 10033 | **GHAZIABAD** - PH: 96672 56333

NOIDA

10,000 SQ. FT. OF JEWELLERY SPLENDOUR

AMPLE PARKING FOR A SEAMLESS SHOPPING EXPERIENCE

OVER 1,00,000 CREATIONS IN GOLD AND DIAMOND JEWELLERY

OPEN ON ALL DAYS

NOIDA SECTOR 18 - NEAR METRO STATION, BEHIND WAVE SILVER MALL, GAUTAM BUDH NAGAR. PH: 99712 85633

GIP MALL NOIDA - PH: 85274 32313 | **GAUR CITY MALL** - PH: 84482 76933 | **SECTOR-50** - PH: 73562 10033 | **KAROL BAGH** - PH: 95823 73433 | **PREET VIHAR** - PH: 98109 80833 **DWARKA** - PH: 99101 98533 | **OMAXE MALL** - PH: 98216 88482 | **VEGAS MALL DWARKA** - PH: 95822 4933 | **KAMLA NAGAR** PH: 95990 71233 | **RAJOURI GARDEN** - PH: 99715 19130 **JANAKPURI** - PH: 93114 87433 | **SHAHDARA** - PH: 97461 92753 | **PITAMPURA** - PH: 88003 72933 | **PITAMPURA (KOHAT ENCLAVE)** - PH: 85120 95633 | **KAILASH COLONY** - PH: 98219 61363 **ROHINI** - PH: 88268 05993 | **PASCHIM VIHAR** - PH: 98214 70774 | **GURGAON** - PH: 99710 53233 | **GOLD SOUK MALL** - PH: 73037 67833 | **SADAR BAZAR** - PH: 74283 80133 | **AMBIENCE MALL** - PH: 92666 05028

*T & C Apply

461 BRANCHES SPREAD ACROSS INDIA, THE USA, THE UK AND THE MIDDLE EAST | FOR MORE DETAILS CONTACT US ON **TOLL FREE NUMBER: 1800 425 7333** | WWW.KALYANJEWELLERS.NET | FOLLOW US ON | BUY ONLINE @ WWW.CANDERE.COM | FOR FRANCHISE ENQUIRIES WRITE TO **FRANCHISEE.ENQUIRY@KALYANJEWELLERS.NET**

CCI NG 3.7 Product: NBTDelNiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA8 User: vivek.kumar4 Time: 01-16-2026 21:58 Color:

एक भरोसेमंद विरासत। दो लैंडमार्क नए रूप में।

हमारे प्रमुख शोरूम
साउथ एक्सटेंशन और नोएडा सेक्टर 18 में

आज खुल रहा है!

कल्याण ज्वेलर्स साउथ एक्सटेंशन और नोएडा सेक्टर 18 में अपने दो प्रमुख शोरूम का उद्घाटन करते हुए अत्यंत हर्ष का अनुभव कर रहा है। भव्यता, विरासत और कलात्मकता के इन दो शानदार केंद्रों का अनुभव करें, जहाँ भारत के बेहतरीन कारीगरों द्वारा निर्मित कल्याण के सिग्नेचर कलेक्शंस की सबसे उत्तम रेंज, सर्वोत्तम मूल्यों पर उपलब्ध है।

कल्याण ज्वेलर्स

UP TO ₹1500 PER GRAM OFF ON MAKING CHARGES

KALYAN SPECIAL GOLD RATE

SOUTH EXTN

15,000 SQ. FT. OF JEWELLERY SPLENDOUR, DESIGNED TO WELCOME 100 CUSTOMERS AT ONCE

5000 SQ. FT. OF DEDICATED PARKING FOR A SEAMLESS SHOPPING EXPERIENCE

OVER 1,00,000 CREATIONS IN GOLD, DIAMOND & POLKI JEWELLERY

OPEN ON ALL DAYS

SOUTH EXTENSION - F-45, BLOCK F, PART-1, NEW DELHI. PH: 99711 18408, 73560 71333

KAROL BAGH - PH: 95823 73433 | **PREET VIHAR** - PH: 98109 80833 | **DWARKA** - PH: 99101 98533 | **OMAXE MALL** - PH: 98216 88482 | **VEGAS MALL DWARKA** - PH: 95822 4933 **KAMLA NAGAR** - PH: 95990 71233 | **RAJOURI GARDEN** - PH: 99715 19130 | **JANAKPURI** - PH: 93114 87433 | **SHAHDARA** - PH: 97461 92753 | **PITAMPURA** - PH: 88003 72933 **PITAMPURA (KOHAT ENCLAVE)** - PH: 85120 95633 | **KAILASH COLONY** - PH: 98219 61363 | **ROHINI** - PH: 88268 05993 | **PASCHIM VIHAR** - PH: 98214 70774 | **GURGAON** - PH: 99710 53233 **GOLD SOUK MALL** - PH: 73037 67833 | **SADAR BAZAR** - PH: 74283 80133 | **AMBIENCE MALL** - PH: 92666 05028 | **GIP MALL NOIDA** - PH: 85274 32313 | **GAUR CITY MALL** - PH: 84482 76933 **SECTOR-50** - PH: 73562 10033 | **GHAZIABAD** - PH: 96672 56333

NOIDA

10,000 SQ. FT. OF JEWELLERY SPLENDOUR

AMPLE PARKING FOR A SEAMLESS SHOPPING EXPERIENCE

OVER 1,00,000 CREATIONS IN GOLD AND DIAMOND JEWELLERY

OPEN ON ALL DAYS

NOIDA SECTOR 18 - NEAR METRO STATION, BEHIND WAVE SILVER MALL, GAUTAM BUDH NAGAR. PH: 99712 85633

GIP MALL NOIDA - PH: 85274 32313 | **GAUR CITY MALL** - PH: 84482 76933 | **SECTOR-50** - PH: 73562 10033 | **KAROL BAGH** - PH: 95823 73433 | **PREET VIHAR** - PH: 98109 80833 **DWARKA** - PH: 99101 98533 | **OMAXE MALL** - PH: 98216 88482 | **VEGAS MALL DWARKA** - PH: 95822 4933 | **KAMLA NAGAR** PH: 95990 71233 | **RAJOURI GARDEN** - PH: 99715 19130 **JANAKPURI** - PH: 93114 87433 | **SHAHDARA** - PH: 97461 92753 | **PITAMPURA** - PH: 88003 72933 | **PITAMPURA (KOHAT ENCLAVE)** - PH: 85120 95633 | **KAILASH COLONY** - PH: 98219 61363 **ROHINI** - PH: 88268 05993 | **PASCHIM VIHAR** - PH: 98214 70774 | **GURGAON** - PH: 99710 53233 | **GOLD SOUK MALL** - PH: 73037 67833 | **SADAR BAZAR** - PH: 74283 80133 | **AMBIENCE MALL** - PH: 92666 05028

*T & C Apply

461 BRANCHES SPREAD ACROSS INDIA, THE USA, THE UK AND THE MIDDLE EAST | FOR MORE DETAILS CONTACT US ON **TOLL FREE NUMBER: 1800 425 7333** | WWW.KALYANJEWELLERS.NET | FOLLOW US ON | BUY ONLINE @ WWW.CANDERE.COM | FOR FRANCHISE ENQUIRIES WRITE TO **FRANCHISEE.ENQUIRY@KALYANJEWELLERS.NET**

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH10 User: atul.kumar1 Time: 01-16-2026 22:47 Color:

क्या अधिकारी को टूटने तक जेल में रखेंगे : SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

FILE



फोन टैपिंग में तेलंगाना सरकार से पूछा सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना के विशेष खुफिया ब्यूरो (SIB) के पूर्व प्रमुख टी प्रभाकर राव की ओर से फोन टैपिंग मामले में दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई की।

राज्य सरकार से पूछा कि क्या उसकी मंशा सेवानिवृत्त अधिकारी को 'टूट जाने' तक जेल में रखने की है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में ही पूर्व आईपीएस अधिकारी को दी गई अंतरिम जमानत के अपने आदेश को स्थायी करने का संकेत दिया।

तेलंगाना सरकार की ओर से पेश सीनियर अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने इसका विरोध करते हुए कहा कि मामले में कानून के व्यापक प्रश्न शामिल हैं। लूथरा ने अदालत से राज्य द्वारा उठाए गए कानून से जुड़े प्रश्नों पर विचार करने का अनुरोध किया, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या भगोड़ा घोषित किया गया और विदेश में रह रहा शख्स अग्रिम जमानत के लिए आवेदन कर सकता है?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अग्रिम जमानत का अभिप्राय यह नहीं है कि उन्हें पूरी तरह से छूट हासिल है और राज्य पुलिस उन्हें तब भी पूछताछ के लिए बुला सकती है।

माइनस कटऑफ का विरोध, डॉक्टर पहुंचे SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

FILE

देशभर के मेडिकल कॉलेजों में खाली पड़ी पोस्टग्रैजुएट की मेडिकल सीटों को भरने के लिए कुछ कैटेगरी में क्वालिफाइंग कटऑफ को जीरो पर्सेंटाइल और स्कोर को माइनस 40 तक घटाने के फैसले के खिलाफ रेजिडेंट डॉक्टरों का विरोध तेज हो गया है। डॉक्टरों के संगठन यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट (UDF) ने इस फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है।

UDF के अध्यक्ष डॉ. लक्ष्य मित्तल और अन्य डॉक्टरों द्वारा दायर यह याचिका में नैशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशंस इन मेडिकल साइंसेज (NBEMS) की ओर से जारी उस नोटिस को चुनौती देती है, जिसमें पोस्टग्रैजुएट मेडिकल दाखिले के लिए न्यूनतम क्वालिफाइंग मानकों में ऐतिहासिक कटौती की गई।

क्यों घटी कटऑफ?: दरअसल, मेडिकल पीजी कोर्स की लगभग 18 हजार सीटें खाली पड़ी हैं और इन्हें भरने के लिए कटऑफ में भारी गिरावट की गई है। हालांकि रेजिडेंट डॉक्टरों का तर्क है कि सीटें भरने के नाम पर न्यूनतम योग्यता मानकों को खत्म करना किसी भी तरह से समाधान नहीं है।

UDF के नैशनल जनरल सेक्रेटरी डॉ. अरुण कुमार ने बताया कि इससे मेडिकल प्रोफेशन में भरोसा कमजोर होगा और इसका सीधा असर मरीजों की देखभाल की गुणवत्ता पर पड़ेगा।

कितनी घटी कटऑफ?

- सामान्य वर्ग और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए क्वालिफाइंग 50 पर्सेंटाइल को 7 पर्सेंटाइल कर दिया गया है।
- एससी, एसटी और ओबीसी उम्मीदवारों के लिए पर्सेंटाइल 40 से घटाकर 0 कर दिया गया है।
- बेंचमार्क दिव्यांगता वाले जनरल कैटिगरी (PwBD) के लिए 45 से घटाकर 5 पर्सेंटाइल कर दिया गया।

विरोध में क्या तर्क दिए?

डॉक्टर लक्ष्य मित्तल ने बताया कि जीरो या नेगेटिव नंबर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को पीजी मेडिकल ट्रेनिंग के लिए योग्य ठहराना न सिर्फ मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता को कमजोर करता है, बल्कि इससे मरीजों की सुरक्षा और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा पैदा होता है।

डॉक्टरों ने लिखा स्वास्थ्य मंत्री को पत्र

इस बीच फोर्डा ने स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को लिखे पत्र में कहा है कि नीट पीजी की कटऑफ में इस तरह की कटौती से योग्य और मेहनती उम्मीदवारों के साथ अन्याय होगा और पोस्टग्रैजुएट मेडिकल शिक्षा की साख को नुकसान पहुंचेगा। संगठन ने सरकार से इस फैसले पर पुनर्विचार करने और न्यूनतम क्वालिफाइंग मानकों को बहाल करने की मांग की है।

NEET (UG) के लिए भी इस बार जल्दी शुरू होगा ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

AI Image

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET (UG) के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन इस बार जनवरी में ही शुरू हो जाएगा। 2025 में फरवरी महीने में आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई थी। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET-UG) 2026 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रोसेस इस बार दो महीने पहले शुरू हुआ है और मेडिकल एंट्रेंस टेस्ट की प्रक्रिया जल्द शुरू किए जाने को लेकर तैयारी की जा रही है। नैशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी NTA ने मेडिकल टेस्ट के लिए सिलेबस भी जारी कर दिया है और टेस्ट के पैटर्न में बदलाव नहीं होगा। एनटीए ने कैंडिडेट्स को अपने सभी डॉक्युमेंट्स तैयार रखने को कहा है।

MBBS, बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी (BDS), आयुर्वेद, यूनानी और सिद्ध मेडिकल कोर्सेज में दाखिले के लिए होने वाला एंट्रेंस टेस्ट की टाइमिंग भी पहले की तरह दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक रहने की उम्मीद है।

ये होगा एग्जाम पैटर्न : स्टूडेंट्स को सभी सवालों का जवाब देना होगा। नेगेटिव मार्किंग भी होगी। सही जवाब के लिए चार नंबर मिलेंगे और गलत जवाब देने पर एक नंबर काटा जाएगा।

अगर कोई स्टूडेंट कोई सवाल का जवाब नहीं देता है यानी उस सवाल को अटेम्प्ट नहीं करता है तो उस सवाल में नंबर नहीं मिलेगा और न ही नंबर काटा जाएगा। MCQ बेस्ड सवाल होंगे और इस तरह से हर सवाल के लिए एक मिनट का समय होगा। नीट- यूजी में 23-24 लाख तक कैंडिडेट्स आवेदन करते हैं। 2025-26 में MBBS सीटों में 11 हजार से ज्यादा का इजाफा हुआ। सीटें बढ़कर 1.29 लाख हो गई हैं।

NTA के लिए भी बड़ा इम्तिहान

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

पिछले दो वर्षों परीक्षाओं में गड़बड़ियां हो रही हैं। इसलिए एनटीए ने कुछ नए कदम उठाए हैं। पहला कदम छात्रों को परीक्षा से काफी पहले सिलेबस के बारे में जानकारी देना है। इस बार आवेदन की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जा रही है। विशेषज्ञों को कहा गया है कि क्वेश्चन पेपर में गलतियां न हों, अनुवाद में कोई गलती न हो। 2026 की परीक्षाएं NTA के लिए भी बड़ा इम्तिहान हैं। आने वाली परीक्षाओं से साफ होगा कि एनटीए के ये प्रयास कितने कारगर साबित हुए हैं।

फटाफट खबरें

पूर्व वायुसेना कर्मी को 20 साल की जेल

■ भाषा, देहरादून: देहरादून की एक अदालत ने एक पूर्व वायुसेना कर्मी को अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म का दोषी ठहराते हुए 20 साल जेल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। पीड़िता को तीन लाख रुपये मुआवजे के तौर पर देने का आदेश दिया है।

बजट सत्र के लिए रशीद ने मांगी परोल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने शुक्रवार को जेल में बंद लोकसभा सांसद इंजिनियर रशीद की याचिका पर एनआईए से जवाब मांगा है, जिसमें उन्होंने हिरासत में रहते हुए संसद के आगामी बजट सत्र में हिस्सा लेने की इजाजत देने का अनुरोध किया है।

हत्या का आरोपी 14 साल के बाद रिहा

■ भाषा, कोच्चि: केरल हाई कोर्ट ने हत्या मामले में 14 साल जेल में बिता चुके शख्स की दोषसिद्धि और उम्रकैद की सजा रद्द कर दी। कोर्ट ने कहा, उसे निष्पक्ष सुनवाई से वंचित किया गया था। आरोपी को लंबे समय तक हिरासत में रखा गया और उसे ऐसे मुकदमे का सामना करना पड़ा, जो टुकड़ों-टुकड़ों में चलाया गया था।

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
ई-निविदा आमंत्रण सूचना

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड, द्वारा पात्र ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए आई-आरईपीएस पोर्टल पर ई-निविदा के माध्यम से **दो लिफाफा प्रणाली में विशेष सीमित निविदा** आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** विस्तृत डिज़ाइन परामर्श (डीडीसी) तथा साइट सेवाएं/पर्यवेक्षण – (i) दो नई सुरंगों के निर्माण के लिए – एक मौजूदा 544 मीटर लंबी ओल्ड गोवा सुरंग के समानांतर तथा दूसरी मौजूदा 1561 मीटर लंबी पेरनेम सुरंग के समानांतर, तथा (ii) गोवा राज्य, भारत में कोंकण रेलवे मार्ग पर स्थित मौजूदा ओल्ड गोवा और पेरनेम सुरंगों के पुनर्वास के लिए। **निविदा सूचना क्रमांक: केआर/डब्ल्यू/09/2025/19. कार्य की विज्ञापित लागत:** रु. 17,13,50,000/- (जीएसटी को छोड़कर). **समापन तिथि/समय:** 06.02.2026 को 15:00 बजे तक ऑनलाइन प्रस्ताव/बोली जमा करने हेतु। **पूर्णता अवधि:** मानसून सहित 26 (छब्बीस) माह। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। विवरण/भागीदारी के लिए कृपया **www.ireps.gov.in** वेबसाइट देखें। शुद्धिपत्र/परिशिष्ट केवल इसी वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे।

नौएडा
नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण
मुख्य प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.in

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

UPCL लखनऊ में पंजीकृत फर्मो/ठेकेदारों से निम्न जॉब संख्याओं हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की वेबसाइट www.noidaauthorityonline.in एवं UPCL की वेबसाइट http://etender.up.nic पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

Job No.	Name of Work	Amount (Rs.)
05/व.प्र./बाह्य विज्ञापन/2025-26 प्रथम बार	नौएडा क्षेत्र के सैक्टर-72, 73, 75 एवं मानव रचना पब्लिक स्कूल सैक्टर-50 के मध्य मुख्य मार्ग पर बी.ओ.टी. आधार पर फुटओवर ब्रिज के निर्माण, संचालन एवं विज्ञापन के अधिकार का कार्य (ग्यारह वर्ष हेतु)।	3,86,68,738.00

जिन्हें दिनांक **29.01.2026 को 5.00 बजे** तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक **30.01.2026 को 11.00 बजे** खोली जायेगी। वरिष्ठ प्रबंधक बाह्य विज्ञापन, नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभि०/परियोजना/दिल्ली, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1.	N.I.T. No.	Project_DLI_SNT_02 dated 16.01.2026
2.	कार्य का नाम	पुराने दिल्ली रेलवे स्टेशन और आदर्श नगर स्टेशन में सूक्ष्मीमंडी स्टेशन और दिल्ली आदर्शनगर स्टेशन के बीच SIEMENS मेक में बदलाव का डिज़ाइन, कार्यान्वयन, परीक्षण और कमीशनिंग, साथ ही दिल्ली डिवीजन, नॉर्दर्न रेलवे के सूक्ष्मीमंडी स्टेशन पर EI के अनुसार कुछ सामग्री की आपूर्ति।
3.	अनुमानित लागत	रु. 1,26,82,407.52/-
4.	धरोहर राशि	रु. 2,13,400.00/-
5.	समापन अवधि	06 महीने
6.	ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय	09.02.2026 को 11.30 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 09.02.2026 को 11.30 बजे
7.	निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है	www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है

पत्र संख्या– Project_DLI_SNT_02 dated 16.01.2026 171/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर मध्य रेलवे

L.No.: Dy.CEE/PU/AGC/25-26 दिनांक- 16.01.2026

सार्वजनिक अधिसूचना

उत्तर मध्य रेलवे के शोलाका रेलवे स्टेशन के पास नीचे दिए गये खंड 2x25 के.वी. शोलाका/एस.एस.पी. दिनांक **18.01.2026** या उसके बाद ऊर्जीकृत कर दिया जायेगा। इस तारीख से 2x25 के.वी. शोलाका/एस.एस.पी.को हर समय ऊर्जीकृत लाइन की तरह ट्रीट किया जाएगा और कोई भी अनाधिकृत आदमी इस लाइन तक पहुँचने की कोशिश नहीं करेगा और ना ही कार्य करने की कोशिश करेगा।

क्र.सं.1. खंड/कार्य का नाम: उत्तर मध्य रेलवे के मौजूदा नई दिल्ली-मुंबई रूट पर पलवल - मथुरा के बीच एसपी/एसएसपी के साथ 132/2X25 केवी ट्रैक्शन सब-स्टेशन का डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य, गति को 160 किमी प्रति घंटा 200 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाने के संबंध में नए 2x25 केवी शोलाका/एस.एस.पी. का ऊर्जीकरण।

किलोमीटर/लोकेशन/चैनेज	
से	तक
शोलाका कि.मी. 1458/1 (चैनेज 1458/29.30)	शोलाका कि.मी. 1458/5 (चैनेज 1458/ 119.30)

ऊर्जीकृत करने की तिथि: 18.01.2026

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता/परियोजना, उत्तर मध्य रेलवे, आगरा

112/26 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनीष उर्फ अतुल** पुत्रः **सुरेश सिंह** पताः मकान नं. आरजेड-224, तुगलकाबाद एक्सटेंशन, गोविन्दपुरी, नई दिल्ली ने case **FIR No. 125/2023 U/s 356/379/411/34 IPC,** थानाः **चितरंजन पॉर्क, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है); और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ अतुल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ अतुल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 125/2023 U/s 356/379/411/34 IPC,** थानाः चितरंजन पॉर्क, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मनीष उर्फ अतुल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकदमा का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.03.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री देवांशी जनेजा
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-04
दक्षिण पूर्व, रूम नं. 10
साकेत कोर्ट परिसर, दिल्ली

DP/376/SD/2026 (Court Matter)

SC ने करिश्मा कपूर से मांगा जवाब

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को करिश्मा कपूर से उस याचिका पर जवाब मांगा है, जो प्रिया सचदेव कपूर ने दायर की है। इस याचिका में प्रिया सचदेव कपूर ने अपने दिवंगत पति संजय कपूर और करिश्मा कपूर के बीच वर्ष 2016 में सुप्रीम कोर्ट में हुए तलाक समझौते की सर्टिफाइड कॉपी मांगी है। संजय कपूर की प्रॉपर्टी को लेकर भी विवाद चल रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना

ई निविदा सूचना सं. एसएण्डटी-जेयू-26-2025-26 भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक/सं.व.दू.उ.प.रे., जोधपुर द्वारा निम्न लिखित सिगनलिंग एवं टेलीकॉम सम्बन्धी कार्य हेतु मुहरबंद ई निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **1. कार्य का नाम:** उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के अंतर्गत, DSTE/JU के सेक्शन में सुरक्षा और विश्वसनीयता से संबंधित SNT कार्यों तथा JU-LN-SMR- MBF सेक्शन में RUB का कार्य। **2. कार्य की अनुमानित लागत:** रुपये 2,03,14,214/- (RO) **3. ई निविदा जमाकर्ता कार्यालय का पूर्ण पता:** वरि. मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी. मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय हमीद जौशी मार्ग जोधपुर **4. बयाना राशि (Bid Security):** रुपये 2,51,600.00/- **5. ई निविदा प्रपत्र जमा कराने एवं खुलने की तारीख व समय:** 09.02.2026 को 11.00 बजे तक। तथा ई टेंडर ऑन लाइन आई आर ई पी एस पर 11.00 बजे बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जायेगी। **6. वैबसाईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड व कार्यालय जहाँ से टेण्डर का विवरण देखा जा सकें। एवं खरीद की जा सकें: www.ireps.gov.in** नोट:- यह एक ई टेण्डर है इसलिए इसमें भाग लेने के लिए ठेकेदार ई टेण्डरिंग के द्वारा उल्लेखित वैबसाईट पर टेण्डर डाले। 100-AJ/26

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल
ई- निविदा सूचना

निम्नलिखित स्टोर कार्य के लिए भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (स्टोर), रतलाम, पश्चिम रेलवे द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या: 83257321, दिनांक 13.01.2026, कार्य का नाम:** Provision of isolation switch for starring battery in power car as per RDSO modification sheet no. RDSO/PE/MS/AC/0086-2022 (Rev.0) or latest. The works includes supply, installation, testing and commissioning of isolation disconnector switch with fuse of approved make. List of material required in 1 Set Power Cars (1 Power car having 2 nos. D.A. Set) in above modification :- 1. Switch disconnecting fuse (SDF) 2 pole 315A 415V insulation suitable for 690 volt with 315A 415V breaking capacity minimum 100KA rating fuse and metallic cover, the switch disconnector of make L&T (CK910070009 ? SF94234), Siemens (3KX8345-4AC-3KL8331-2UA00- 3NA33520RC), ABB or Schneider or similar / better ? 02 Nos. 2. Copper Cable 120Sq.mm. as per RDSO Specification No. ELRS/ SPEC/ELC/0019. (Rev.-1) ? 32 Mtr. 3. Fuse Link SF 94234 315A ? 04 Nos. 4. Conduit as per RDSO Specification ? RDSO/PE/SPEC/AC-0138 2009 (Rev 1) for 120 Sq.mm. copper cable (NW-29) ? 32 Mtr. 5. Gland ? 04 Nos. 6. Control Cable Length ? 50 Mtr. Approx. **[Warranty Period:** 30 Months after the date of delivery] **[Inspection Agency:** TPI, **Stage Insp. :** No, Stages : 0] **[UVAM Linking:] Item Type:** Goods (supply). **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 70,96,774.88/-. **निविदा दस्तावेज़ की लागत:** 0 (Zero). **बयाना राशि जमा:** ₹ 1,41,940.00/-. **ऑफर की वैधता (दिन):** Within 90 days thereafter. **ई-निविदा दस्तावेज़ जमा करने के लिए समापन का समय और तारीख:** 04-FEB-26, 11:00 hrs. **ई-निविदा खोलने का समय और तारीख:** 04-FEB-26, 11:30 hrs. निविदा को ई-निविदा पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन देखा जा सकता है और प्रस्ताव उसी ई-निविदा पोर्टल पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए। DE/15/1414

facebook.com/WesternRly

जस्टिस वर्मा केस में संसदीय पैनल की वैधता को चुनौती SC से खारिज

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

FILE

पिछले साल 14 मार्च को मिली थी जली हुई नोटों की गड्डियां।

■ **नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जस्टिस यशवंत वर्मा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष द्वारा उनके (जस्टिस वर्मा) पद से हटाने (महाभियोग) से संबंधित प्रस्ताव को स्वीकार किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी और साथ ही उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कर रहे संसदीय पैनल की वैधता को भी जस्टिस वर्मा ने चुनौती दी थी।

क्या है पूरा मामला?

14 मार्च को नई दिल्ली स्थित जस्टिस वर्मा के आवास से जले हुए नोटों के बंडल मिलने के बाद उन्हें दिल्ली हाई कोर्ट से इलाहाबाद हाई कोर्ट वापस भेज दिया गया था। शीर्ष अदालत ने 16 दिसंबर को जांच समिति के गठन को चुनौती देने वाली जस्टिस वर्मा की याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति दी थी। इससे पहले, तत्कालीन भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने एक आंतरिक (इन-हाउस) जांच शुरू की थी और तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। समिति ने 4 मई को अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसमें जस्टिस वर्मा को जिम्मेदार ठहराया गया। जस्टिस वर्मा द्वारा इस्तीफा देने से इनकार किए जाने के बाद, सीजेआई ने रिपोर्ट और इनहाउस कमिटी की रिपोर्ट राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेज दी, जिससे महाभियोग की कार्यवाही का रास्ता खुला।

21 जुलाई 2025 को लोकसभा और राज्यसभा दोनों में जस्टिस वर्मा के महाभियोग की मांग करते हुए अलग-अलग प्रस्ताव पेश किए गए। उस समय के राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई को ही इस्तीफा दे दिया। 11 अगस्त को राज्यसभा के उपसभापति ने राज्यसभा में लाए गए प्रस्ताव को खारिज कर दिया। 12 अगस्त को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने जांच समिति की घोषणा की, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरविंद कुमार, एक हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव और सीनियर वकील बी.वी. आचार्य को शामिल किया गया। इसके बाद जस्टिस वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

बांके बिहारी कॉरिडोर के लिए हुई पहली रजिस्ट्री

■ NBT न्यूज, मथुरा

कॉरिडोर बनाने की दिशा में यह बड़ी उपलब्धि

वृन्दावन में प्रस्तावित श्री बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर क्षेत्र में आने वाली एक संपत्ति की रजिस्ट्री संपत्ति मालिकों ने तहसीलदार सदर के पक्ष में की गई। इसे कॉरिडोर निर्माण की दिशा में पहली और बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है, जिससे परियोजना का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है।

दरअसल, श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन कराने के लिए कॉरिडोर का प्रस्ताव है। इसे लेकर पहले मंदिर सेवायत गोस्वामी समाज की ओर से विरोध भी किया गया था। इसके बावजूद सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित हाई पावर्ड मैनेजमेंट कमिटी और जिला प्रशासन इस दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं।

इसी क्रम में शुक्रवार को प्रस्तावित कॉरिडोर क्षेत्र में स्थित बिहारीपुरा की संपत्ति संख्या-25 के एक हिस्से की रजिस्ट्री की गई। यह संपत्ति 69.26 वर्गमीटर क्षेत्रफल की है, जिसकी रजिस्ट्री संपत्ति स्वामी यति गोस्वामी और उनके बेटे अभिलाष गोस्वामी व अनिकेत गोस्वामी ने सहर्ष तहसीलदार सदर के पक्ष में विक्रय-विलेख के जरिए कर दी।

HIV संक्रमित मां की मौत, शव उठाने को रोता रहा बेटा

■ **NBT रिपोर्ट, मेरठ/एटा :** एटा जिले में HIV संक्रमित एक महिला की मौत के बाद उसका बेटा शव के पास बैठकर अपनों का इंतजार करता रहा। लेकिन कोई रिश्तेदार आगे नहीं आया। अंत में पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद महिला का अंतिम संस्कार कराया। 45 साल की महिला अपने 10 साल के बेटे और 15 साल की बेटी के साथ रहती थी। एक साल पहले उसके पति की भी HIV संक्रमित होने से मौत हो चुकी थी। इसके बाद से महिला बीमार चल रही थी। पिछले 3 दिन से उसका इलाज अस्पताल में चल रहा था। गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, लोग महिला को नल से पानी तक नहीं भरने देते थे।

बाद में पुलिस ने कराया शव का अंतिम संस्कार

पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नामः **अज्ञात, पुत्रः अज्ञात, निवासीः अज्ञात, हनुमान मोटर शॉप नंबर 25826, केला घाट चौक, कश्मीरी गेट, दिल्ली** के सामने **29.12.2025** को मृत पाया गया। इस संबंध में **DD No. 44A** दिनांक **29.12.2025** के तहत थाना **कश्मीरी गेट, दिल्ली-110006** में मामला दर्ज किया गया है।

शव का विवरण इस प्रकार है:

नामः अज्ञात, लिंगः पुरुष, उम्रः लगभग 50 वर्ष, कदः 5'6" रंगः भूरा, पहनावाः दो रंग की शर्ट और काला ट्रैक सूट।

स्थानीय पुलिस द्वारा मृतक का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला। यदि किसी को मृतक के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

थानाध्यक्ष
थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली
फोनः 8700608902, 8750870123

DP/709/N/2026

अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अभिषेक उर्फ कुणाल पुत्र राजेश** निवासी मकान नंबर 785 और 247, ग्राम सभा, गांव पूठ कलां, दिल्ली ने **FIR No. 107/2019 U/S 356/379/411/34 IPC,** अन्तर्गत थाना **प्रशांत विहार, नई दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अभिषेक उर्फ कुणाल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अभिषेक उर्फ कुणाल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये खुद को छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 107/2019 U/S 356/379/411/34 IPC,** अन्तर्गत थाना प्रशांत विहार, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अभिषेक उर्फ कुणाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री रोहित कुमार
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी- 04
उत्तर, कोर्ट नंबर 14
रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/239/RD/2026 (Court Matter)

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तः **संदीप, पुत्र रमेश, निवासीः मकान नंबर 3132, पॉकेट-4, सेक्टर-22,** रोहिणी, गांव पूठ कलां, दिल्ली ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No. 324/2024 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना प्रशांत विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **संदीप** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **संदीप** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No. 324/2024 धारा 33 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना प्रशांत विहार, रोहिणी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **संदीप** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **19.02.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, श्री रोहित कुमार,
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-04,
उत्तर, कोर्ट संख्या 14, रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली।

DP/725/RD/2026
(अदालती मामला)

पहचान की अपील

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक अज्ञात व्यक्ति जिसका नामः **पप्पी, पुत्रः केशव शाह,** पताः अपना घर आश्रम, उम्र लगभग 45 साल। जिसे MV हॉस्पिटल पूथ खुर्द, दिल्ली में MLC नंबर 100/26, पर भर्ती कराया, जहाँ इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बाबत **DD No. 25A, Dt. 09.01.2026, थानाः बवाना, दिल्ली,** मे दर्ज है। नीचे अज्ञात मृत व्यक्ति का शारीरिक विवरण दिया गया है।

उम्रः लगभग 45 साल, कदः 5'5'' रंगः सांवला, पहनावाः काले रंग की लाइनिंग टी-शर्ट और स्काई ब्लू रंग का पयजामा। अगर किसी को इस मृत व्यक्ति के बारे मे कोई जानकारी मिले तो, कृपया नीचे दिए गए नंबर पर संपर्क करें।

थानाध्यक्ष
थानाः बवाना, दिल्ली
फोनः 8920223076

DP/690/ON/2026

न्यायालय न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी जिला धार

प्रकरण क्रमांक 56/2021/ विविध अपराध

मध्य प्रदेश शासन द्वारा श्री सचिन सोलंकिया, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला धार (म.प्र.) ———— आवेदक

विरुद्ध

ऋषभ चौधरी पिता राकेश चौधरी उम्र 22 वर्ष, प्रोपराइटर राम किराना, ग्राम कवड़ी, जिला धार निवासी मैसी, गजानंद धाम, ग्राम कवड़ी तहसील व जिला धार एवं अन्य-7 ———— अनावेदकगण

// कारण बताओ सूचना-पत्र //

क्रमांक/ 3718/ रीडर/ न्याय नि.अधि./ 2025 धार दिनांक: 31/12/25

3. Prakash Radheshyam Mishra M/s Bush Foods Overseas Pvt. Ltd., 505-506, 5th Floor South Coast Saket, New Delhi-110017 42-43, milestone, Baghalgarh, sonepat, Harayana (India)
4. Prakash Singh M/s Bush Foods Overseas Pvt.Ltd., 505-506, 5th Floor South Coast Saket, New Delhi-110017 42-43, milestone. Baghalgarh, sonepat, Harayana (India)
5. Rakesh Singh Sharma M/s Bush Foods Overseas Pvt.Ltd., 505-506, 5th Floor South Coast Saket, New Delhi-110017 42-43, milestone, Baghalgarh, sonepat, Harayana (India)
6. DeshDeepak M/s Bush Foods Overseas Pvt.Ltd., 505-506, 5th Floor South Coast Saket, New Delhi-110017 42-43, milestone, Baghalgarh, sonepat, Harayana (India)
7. Rattiram Mainh M/s Bush Foods Overseas Pvt.Ltd., 505-506, 5th Floor South Coast Saket, New Delhi-110017 42-43, milestone, Baghalgarh, sonepat, Harayana (India)
8. M/s Bush Foods Overseas Pvt.Ltd., 505-506, 5th Floor South Coast Saket, New Delhi-110017 42-43, milestone, Baghalgarh, sonepat, Harayana (India)

श्री सचिन सोलंकिया, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला धार द्वारा इस न्यायालय के समक्ष खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26(1)(2)(ii) का उल्लंघन में अधिनियम की धारा 52 के तहत शास्ति अधिरोपित किये जाने हेतु आपके विरुद्ध परिवाद प्रस्तुत किया है। परिवाद की प्रति संलग्न है।

उक्त परिवाद में आपके प्रतिष्ठान, ' फर्म का खाद्य पदार्थ Golden Dove Premium Indian Aromatic Rice Pack का नमूना दिनांक 29.03.2020 दिन में 03.30 बजे को लिया गया है, उक्त खाद्य पदार्थ, खाद्य विश्लेषक, भोपाल की रिपोर्ट अनुसार मिथ्याछाप पाया गया है, जो कि अधिनियम की धारा 26(1)2(ii) का उल्लंघन है।

अतः आप अथवा आपके अधिवक्ता उपस्थित होकर उपरोक्त संलग्न परिवाद में वर्णित तथ्यों के संबंध में अपना जवाब प्रस्तुत करें कि क्यों न खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 26(1)(2)(ii) का उल्लंघन होकर अधिनियम की धारा 27 के अंतर्गत उत्तरदायी होने से अधिनियम 2006 की धारा 52 के अंतर्गत रूपये 03.00 लाख (रूपये तीन लाख) तक की शास्ति या पृथक-पृथक शास्ति अधिरोपित की जावे? उक्त कारण बताओ सूचना पत्र की जवाब की सुनवाई पेशी दिनांक 19.01.2026 को समय प्रातः 11.00 बजे उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में यह माना जावेगा कि आपके विरुद्ध लगाये गये आरोप स्वीकार है तथा एकपक्षीय निर्णय लिया जावेगा। (संजीव केशव पाण्डेय)

न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला धार

''पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार''

G-24358/25

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAFL1 User: cci Time: 01-16-2026 22:58 Color:

हवा खराब होने के डर से 14 दिन बाद फिर लगा GRAP-3

पूर्वानुमान के आधार पर अलर्ट, आने वाले दिनों में गंभीर होगा प्रदूषण स्तर

3 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राजधानी में 14 दिन बाद GRAP-3 की वापसी हो गई है। इस बार इसे पूर्वानुमान के आधार पर लागू किया गया है। GRAP-3 तब लागू किया जाता है, जब एक्यूआई 401 से 450 के बीच पहुंचने का पूर्वानुमान हो। अनुमान के अनुसार, 17 और 18 जनवरी को प्रदूषण गंभीर स्थिति में रह सकता है। इसी को देखते हुए सीएक्यूएम की सब कमिटी ने GRAP-3 लागू कर दिया है।

सीपीसीबी के एयर बुलेटिन के अनुसार, दिल्ली का एक्यूआई 354 दर्ज किया गया। फरीदाबाद का 245, गाजियाबाद का 376, ग्रेटर नोएडा का 358, गुरुग्राम का 347 और नोएडा का 363 रहा।

सीएक्यूएम के अनुसार, आईएमडी के पूर्वानुमान में बताया गया है कि आनेवाले दिनों में प्रदूषण गंभीर स्तर पर पहुंच सकता है। इसी वजह से सीएक्यूएम ने 9 सूत्रीय GRAP-3 को लागू कर दिया। दिल्ली एनसीआर के संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों को GRAP-1, GRAP-2 और GRAP-3 के सभी कदम सख्ती से उठाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही लोगों से नियमों के पालन करने की भी अपील की है

सीएक्यूएम के अनुसार प्रदूषण और मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

GRAP-3 में क्या-क्या रोक

(401 से 450 एक्यूआई पर)

- निर्माण से जुड़ी गतिविधियों पर शर्तों के साथ रोक
- दिल्ली, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, फरीदाबाद, गुरुग्राम में BS-4 डीजल और BS-3 पेट्रोल गाड़ियों पर रोक, दिव्यांगों को छूट
- दिल्ली में बीएस-4 या इससे कम स्टैंडर्ड की मालवाहक गाड़ियों पर रोक, जरूरी सर्विस को छूट
- दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में पांचवीं तक के स्कूल हाइबिड मोड पर, एनसीआर के अन्य शहर भी इस पर विचार कर सकते हैं।
- दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में पब्लिक ऑफिस और म्युनिसिपल बॉडी के ऑफिस की टाइमिंग अलग-अलग होगी
- एनसीआर के स्टोन क्रशर जोन बंद रहेंगे, माइनिंग से जुड़ी गतिविधियां बंद रहेंगी
- सरकारी कार्यालय 50 पर्सेंट कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम देने पर विचार कर सकते हैं।

सिटिजन चार्टर

- छोटी दूरी के लिए पैदल चलें या साइकल का इस्तेमाल करें
- पब्लिक ट्रांसपोर्ट अपनाएं और ऑफिस जाते समय राइड शेयर करें
- ठंड में गर्माहट के लिए कोयला-लकड़ी को जलाने में इस्तेमाल नहीं करें
- घरों में रहने वाले लोग सिक्योरिटी गार्ड और दूसरे स्टाफ को इलेक्ट्रिक हीटर उपलब्ध कराएं।

क्या फायदा होता है पूर्वानुमान से?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

पूर्वानुमान के आधार पर ग्रैप लगाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि प्रदूषण का स्तर खराब होने से पहले ही सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। सीएक्यूएम 2019 से ही इस प्रैक्टिस को अपनाता आया है। इसमें प्रदूषण का स्तर बिगड़ने से तीन दिन पहले ही ग्रैप का अगला चरण लागू कर दिया जाता है, ताकि प्रदूषण बढ़ाने वाले स्रोतों की रोकथाम करने के लिए पहले से ही जरूरी कदम उठा लिए जाएं। चूंकि इसमें एजेंसियों को नए चरण की पाबंदियों के हिसाब से एक्शन लेने का अधिकार मिल जाता है, इससे प्रदूषण को नियंत्रित करने में काफी मदद मिलती है।

UER-2 पर आ रहा कॉलोनियों का गंदा पानी

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** रोहिणी सेक्टर-39 स्थित राम विहार और मोहम्मदपुर माजरा के पास अर्बन एक्सटेंशन रोड (UER-2) का करीब 2 किमी स्ट्रेच बेहद खतरनाक हो गया है। वजह यह है कि आसपास की जितनी अनधिकृत कॉलोनियां हैं, उनका गंदा पानी UER-2 के सर्विस लेन में जमा हो गया है। इतने ही दिनों में रोड जर्जर हो गई है। NHAI ने इसकी शिकायत दिल्ली सरकार से की है। साथ ही गंदे पानी को सर्विस लेन से हटाने के लिए सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टिट्यूट (CRRI) के एक्सपर्ट को पानी निकासी की स्टडी का काम सौंपा है। रिपोर्ट इसी महीने आएगी।

हालात

- राम विहार और मोहम्मदपुर माजरा के पास करीब 2 किमी स्ट्रेच बना बेहद खतरनाक, होगी स्टडी

PWD अफसरों के अनुसार नॉर्थ-वेस्ट दिल्ली में राम विहार और मोहम्मदपुर माजरा के बीच UER-2 के सर्विस लेन में गंदा पानी जमा रहता है। सभी कॉलोनियों के नालों का आउटफॉल सर्विस लेन की तरफ है जिससे सर्विस लेन में लगातार गंदा पानी जमा रहता है। पिछले साल जुलाई और दिसंबर में भी मुद्दा उठाया था। इस साल जनवरी में भी सरकार और NHAI अफसरों की एक मीटिंग बुलाई गई थी। सीएम ने PWD अधिकारियों को आदेश दिया है कि समस्या का समाधान मार्च तक हर हाल में हो जाना चाहिए। UER-2 पर कंझावला-करावल रोड के पास भी जलभराव की गंभीर समस्या NHAI ने बताई। NHAI के अफसरों ने कहा है कि यहां रोड के किनारे PWD का ड्रेनेज सिस्टम पूरी तरह ब्लॉक है। रोड किनारे बने नाले का पानी ओवरफ्लो होकर UER-2 पर ही आ रहा है।

कैसे बनता है युद्ध का चक्रव्यूह, परेड में इंडियन आर्मी दिखाएगी बैटल एरे फॉर्मेट

Battle Array

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

इस बार गणतंत्र दिवस परेड में ऑपरेशन सिंदूर की छाप दिखाई देगी। इस बार की थीम है वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ, इसलिए इस थीम के हिसाब से सजावट हो रही है। इस बार परेड में भारतीय सेना दिखाएगी कि किस तरह युद्ध के मैदान में तैनाती होती है। परेड के लिए यूरोपियन यूनियन की तरफ से नेवी का एक छोटा दस्ता भी होगा। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि इस बार परेड नए फॉर्मेट में होगी। इंडियन आर्मी अपनी अस्त्रों को बैटल एरे फॉर्मेट में दिखाएगी।

गणतंत्र दिवस की इस बार की थीम है वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ

बैटल एरे फॉर्मेट का मतलब होता है कि उस तरह से जिस तरह लड़ाई के दौरान तैनाती होती है। किसी भी जंग में जब सेना जाती है तो सबसे पहले रैकी एलिमेंट होते हैं ताकि वहां की जानकारी मिल सके, उसके पीछे होते हैं कॉम्बेट एलिमेंट, जिसमें पहले स्पेशल फोर्स या घातक के सैनिक होते हैं और फिर पैदल सैनिक। इसके पीछे होती है तोपखाने की ताकत और एयर डिफेंस सहित बाकी इक्विपमेंट। परेड में भी इसी तरह दिखाया जाएगा। शुरू में रेकी करते हुए हेलिकॉप्टर भी होंगे, इसमें ऑपरेशन सिंदूर का फ्लैग लगा होगा।

VIP कल्चर खत्म करने के लिए नाम बदले: रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि इस साल VIP कल्चर खत्म करने के लिए हमने एनक्लोजर के नाम नदियों के नाम पर रखे हैं और बीटिंग रीट्रीट में म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट्स के नाम पर। एनबीटी के ये पूछने पर कि एनक्लोजर के नाम बदलने से वीआईपी कल्चर कैसे खत्म होगा, रक्षा सचिव ने कहा कि पहले लोग जहां वी-1, वी-2 एनक्लोजर में या उसके पास ही बैठना चाहते थे वहीं अब नदियों के नाम होने से, वे उसी एनक्लोजर में बैठेंगे जो उनके पास होगा। नाम से पता नहीं चलेगा कि कौन सा एनक्लोजर किसका है। एनक्लोजर के नाम यमुना, ब्यास, ब्रह्मपुत्र, गंगा, रावी, वैगई, पेरियार, गंडक, पेन्नार, नर्मदा, चंभरा, गोदावरी, कृष्णा, महानदी, सिंधु, कोसी, तीस्ता, चंबल, सतलुज, सोन, चिनाब, झेलम और कावेरी जैसी नदियों पर रखे गए हैं।

PTI

लद्दाख वाले ऊंट और पोनी भी

ईस्टर्न लद्दाख की विषम परिस्थितियों में लॉजिस्टिक सपोर्ट के लिए हबल हप ऊंट और जास्कार पोनी का इस्तेमाल होता है। कर्तव्य पथ पर इस बार ये भी दिखाई देंगे। ये ऊंट माइनस 20 डिग्री तक आराम से काम कर सकते हैं और ये 200 किलो तक का वजन उठा सकते हैं। जास्कार पोनी मजबूत और सहनशील देसी नस्ल के घोड़े हैं, जो बेहद कठिन मौसम में भी कम बीमार पड़ते हैं। ये माइनस 40 डिग्री तापमान में भी आराम से अपना काम कर सकते हैं। भारतीय सेना की रिमाउंट एंड वेटरनरी कोर के दस्ते में चार रेपटर्स भी होंगे। ये ड्रोन को मार गिराने वाली गोलियां हैं।

भैरव बटालियन से लेकर रफाल तक

भारतीय सेना की नई लाइट कॉम्बेट बटालियन भैरव भी परेड में दिखेगी। भैरव बटालियन ऊंचा कदम ताल करेगी। भारतीय सेना के स्काउट्स का भी एक दस्ता होगा। कुल 18 मार्चिंग दस्ते और 13 बैंड होंगे। फ्लाईपास्ट में रफाल फाइटर जेट, सुखोई-30 फाइटर जेट, पी-8आई, सी-130, सी-295, मिग-29, अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर, लाइट कॉम्बेट हेलिकॉप्टर, अडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर, एमआई-17 अलग अलग फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे।

गणतंत्र दिवस

देशभक्ति का जुनून जगाती है यह परेड

गणतंत्र दिवस की परेड से जुड़ी हर भारतीय की अपनी एक कहानी है। हमने अपने रीडर्स से 26 जनवरी की परेड से जुड़े उनके खास अनुभव साझा करने को कहा है। जिस पर हमें रोजाना ढेरों रिस्पॉन्स मिले और उन्हीं में से कुछ चुनिंदा रिस्पॉन्स आज हम यहां छाप रहे हैं।

'नानी के कंधों पर बैठकर देखी थी परेड'

1965 से 1970 के बीच हम पहाड़गंज में रहते थे। हमारी नानी मुझे अपने कंधे पर बैठाकर पैदल ही अजमेरी गेट रामलीला ग्राउंड तक गणतंत्र दिवस की परेड दिखाने ले जाया करती थीं। वो बचपन की यादें आज भी मन को भावुक कर देती हैं।

-अजय कुमार गुप्ता

'जीवन का गौरवपूर्ण क्षण था वह दिन'

मैं 1981 में गणतंत्र दिवस परेड का हिस्सा रहा हूं। मैं एयर फोर्स कैडिजेट में था। उस समय नीलम संजीव रेड्डी देश के राष्ट्रपति और इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थीं। इसके पहले और बाद के सालों में भी दर्शक दीर्घा में बैठकर यह समारोह लाइव देखा है। बचपन में सुबह काफी पहले पहुंचकर दर्शक दीर्घा में स्थान घेर लेते थे। अमेरिका के पूर्व प्रेजिडेंट ओबामा के मुख्य अतिथि बनने के वक्त भी परेड देखने का अवसर मिला।

-कृष्ण कुमार प्रजापत

RDAY लाइव ▶

कर्तव्य पथ पर एक साथ उठते कदम और अनुशासन में सजी ये पंक्तियां सिर्फ परेड की तैयारी नहीं, बल्कि गणतंत्र दिवस की यादों की शुरुआत भी हैं। 26 जनवरी से जुड़ा आपका अनुभव क्या है। क्या आप कभी इस परेड का हिस्सा रहे हैं या दर्शक दीर्घा में बैठकर इसे लाइव देखा है? अपनी यादें, किस्से और एहसास हमारे साथ साझा करें।

अपने अनुभव आप हमें 9220747220 पर वॉट्सऐप कर सकते हैं या फिर nbtreader@timesofindia.com पर मेल कर सकते हैं। सब्जेक्ट में RDay जरूर लिखें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAFL2 User: cci Time: 01-16-2026 23:26 Color:

लिस्ट का इंतज़ार, सेंट्रल में कार्यवाहक DCP की तैनाती

'कप्तान' निधिन वॉल्सन प्रमोशन के बाद ट्रीटमेंट के लिए गए

Shanker.Singh@timesofindia.com

File Photo

स्पेशल सीपी और जॉइंट सीपी लेवल पर भी फेरबदल की सुगबुगाहट है

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस के ऊपरी लेवल पर संभावित फेरबदल का फरमान अब तक जारी नहीं हो सका है। आईपीएस और दानिप्स अफसर टकटकी लगाए बैठे हैं। कई अफसर सामान तक समेट चुके हैं। लेकिन ट्रांसफर-पोस्टिंग की लिस्ट आने का नाम नहीं ले रही है। सेंट्रल जिले की कमान संभाल रहे अडिशनल सीपी निधिन वॉल्सन अपना ट्रीटमेंट कराने छुट्टी पर चले गए हैं। ऐसे में पुलिस कमिश्नर सचिवालय को बुधवार रात नॉर्थ जिले के अडिशनल डीसीपी अनंत मित्तल को सेंट्रल जिले का कार्यवाहक 'कप्तान' बनाने का फरमान जारी करना पड़ा। स्पेशल सीपी और जॉइंट सीपी लेवल पर भी फेरबदल की सुगबुगाहट है।

केरल मूल के वॉल्सन 2012 बैच के आईपीएस अफसर हैं, जो आउटर नॉर्थ जिले की डीसीपी भी रह चुके हैं और मई 2025 में उन्हें सेंट्रल जिले की कमान सौंपी गई थी। वह हालिया डीआईजी रैंक पर प्रमोट हुए आईपीएस अफसरों में शुमार हैं। अडिशनल सीपी बनने के बाद उनका जाना तय था। वह 2020 और 2023 दो बार कैंसर से पीड़ित हुए थे, जो उससे उबर चुके थे। पहली बार में ही कैंसर स्टेज-4 डायग्नोस हुआ था। जून 2024 में एम्स में उनका बोन मैरो ट्रांसप्लांट हुआ था।

कैंसर से उबरने के अपने सफर को उन्होंने 'Cancerman to Ironman : A Police Officer's Journey of Arresting Illness' नाम की किताब के जरिए बखूबी उकेरा था। सूत्रों के मुताबिक, कुछ वक्त पहले उन्हें फिर से कैंसर होने का खुलासा हुआ। इसी का ट्रीटमेंट कराने के लिए उन्हें छुट्टी पर जाना था। ट्रांसफर-पोस्टिंग की लिस्ट लगातार अटक रही थी। गणतंत्र दिवस की तैयारियां भी चल रही हैं। ऐसे में सेंट्रल जिले का चार्ज नॉर्थ जिले के अडिशनल डीसीपी अनंत मित्तल को सौंप गया है।

सीपी सचिवालय से बुधवार रात को इसके निर्देश जारी कर दिए गए। गणतंत्र दिवस की तैयारी के मद्देनजर नॉर्थ जिला काफी अहम है, लिहाजा वहां साउथ जिले के अडिशनल सुमित झा को वहां भेजा गया है। सूत्रों के मुताबिक, 2015 बैच के आईपीएस अनंत मित्तल साउथ जिले के डीसीपी के प्रबल दावेदारों में थे। एक तेज-तर्रार डीसीपी की नजरें भी साउथ पर ही हैं, जिनका रास्ता अब साफ लग रहा है। बहरहाल, बाहर से आए अफसरों को जिलों की कमान के लिए इंतजार करना पड़ सकता है।

ये अफसर है, जिलों की कप्तानी की होड़ में

- विक्रम सिंह 2014 DCP क्राइम
- राजीव रावल 2014 DCP ट्रैफिक
- कुशल पाल सिंह 2014 DCP मेट्रो
- आकांक्षा यादव 2014 DCP सिक्योरिटी
- शशांक जायसवाल 2014 DCP ट्रैफिक
- रहुल अलवल 2014 मिजोरम से आए
- रोहित राजबीर 2015 DCP, सीपी सचिवालय
- अनंत मित्तल 2015 अडिशनल DCP नॉर्थ
- शमित सक्सेना 2015 जम्मू-कश्मीर से आए
- संदीप गुप्ता 2015 अडिशनल DCP रोहिणी
- निशरिका भट्ट 2015 अडमान निकोबार से आई
- सजीव यादव 2013 डीसीपी क्राइम
- मोहम्मद अली 2013 दिल्ली पुलिस अकेडमी

अल-फलाह यूनिवर्सिटी, सिद्दीकी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

File Photo

5 आरोपी न्यायिक हिरासत में

प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में अल-फलाह यूनिवर्सिटी, उसके चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी और अल-फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट के खिलाफ दिल्ली की साकेत कोर्ट में स्थित विशेष अदालत में चार्जशीट दायर की है। ED के मुताबिक, उसने 54 एकड़ के यूनिवर्सिटी कैंपस में 140 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी जब्त की है। उसका आरोप है कि फंड का गलत इस्तेमाल किया गया और पैसों के स्रोत छिपाए गए। ED ने बैंक ट्रांजेक्शन और फाइनेंशियल रिकॉर्ड की जांच के आधार पर ये आरोप लगाए हैं। ED की जांच दिल्ली पुलिस के उन मामलों के बाद शुरू हुई, जिनमें आरोप लगाया गया था कि यूनिवर्सिटी ने गलत तरीके से मान्यता का दावा किया था।

पटियाला हाउस कोर्ट की एक विशेष अदालत ने लाल किले के पास हुए विस्फोट के मामले में डैन डॉक्टरों और एक मौलवी समेत 5 आरोपियों को शुक्रवार को 13 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। स्पेशल जज प्रशांत शर्मा ने एनआईए का आवेदन मंजूर कर डॉ. अदील राथर, डॉ. शहीन सईद, डॉ. मुज़म्मिल गनई, मौलवी इरफान अहमद वाने और जसिर बिलाल दानी को न्यायिक हिरासत में भेजा।

जॉब के लिए 50 हज़ार मांग झगड़ रहा था, छोटे भाई ने कर दी हत्या

■ NBT न्यूज, **गाजियाबाद : हापुड़ में** 50 हजार रुपये देने से इनकार करने पर हुए विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी। आरोप है कि आरोपी ने कई बार अपने भाई पर चाकू से हमला किया, जिसके चलते अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। वहीं, हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और पीड़ित परिवार की तहरीर पर घटना की जांच शुरू कर दी है। हत्यारोपी भाई की तलाश के लिए पुलिस की 3 टीमें छापे मारी कर रही हैं।

उमेश का फाइल फोटो

बहादुरगढ़ के अंबेडकर नगर निवासी उमेश (32) अपनी पत्नी संगीता और दो छोटी बेटियों के साथ-साथ अपने छोटे भाई दीपांशु के साथ रहते थे। उमेश ही नौकरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। वह लंबे समय से नशा भी करते थे, जिसके चलते अक्सर पत्नी और परिजन से झगड़ा कर मारपीट भी करता था।

'किन्नर बटालियन' की मांग, प्रदर्शन

■ NBT रिपोर्ट, **नई दिल्ली :** दिल्ली पुलिस में 'किन्नर बटालियन' बनाने की मांग को लेकर ट्रांसजेंडर्स ने सरिता विहार में प्रदर्शन किया। सरिता विहार दिल्ली पुलिस उपायुक्त ऑफिस के बाहर हुए प्रदर्शन के दौरान ट्रांसजेंडर्स ने सड़क पर धरना दे दिया। बिहार सरकार में बिहार किन्नर कल्याण बोर्ड के सदस्य डॉ. राजन सिंह ने बताया कि दिल्ली पुलिस में 'किन्नर बटालियन' के गठन की मांग को लेकर ट्रांसजेंडर समुदाय ने प्रदर्शन किया। दरअसल , मुझे कार्यालय परिसर में प्रवेश से रोक दिया गया, इससे नाराज ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। राजन सिंह ने कहा कि बिहार सरकार ने ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए आरक्षण लागू कर बिहार पुलिस में दरोगा और सिपाही के पदों पर नियुक्तियां की हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बिहार में यह संभव है, तो दिल्ली पुलिस में ट्रांसजेंडर समुदाय के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है।

फायरिंग का विडियो बनाने वाली फुटेज देख कोर्ट ने नहीं दी ज़मानत

बार पर गोलीबारी के आरोपी ने लगाई थी ज़मानत अर्ज़ी

Shanker.Singh@timesofindia.com

AI Image

■ **नई दिल्ली:** जैतीबी एनक्लेव इलाके के एक रेस्टोरेंट-बार पर फायरिंग करने के आरोपी को कड़कड़डूमा कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया है। आरोपी ने विदेश में बैठे गैंगस्टर के इशारे पर फायरिंग की थी। पुलिस ने कोर्ट में एक सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चलाई, जिसमें आरोपी फायरिंग करने वाले अपने साथी बदमाश के मोबाइल से विडियो बनाता हुआ दिख रहा है। कोर्ट ने इसे गंभीर मानते हुए चार्जशीट दाखिल होने के बावजूद आरोपी कुनाल को जमानत देने से इनकार कर दिया।

हुआ यूं कि झिलमिल इंडस्ट्रियल एरिया स्थित रेस्टोरेंट सिगर किचन एंड बार के बाहर बदमाशों ने 9 नवंबर की रात को दो बार फायरिंग की थी। पहली बार रात 10:40 बजे स्कूटर सवार दो लड़के आए, जिन्होंने गोली चलाई। इस वारदात का मोबाइल से विडियो ठीक से नहीं बन पाया था। लिहाजा रात करीब 12:40 बजे एक स्कूटर और एक बाइक पर सवार होकर 5 बदमाश दोबारा आए। चार राउंड फायरिंग की तो गार्ड ने नवाबी फायरिंग की। एक गोली आरोपी मानव को लग गई।

जैतीबी एनक्लेव थाना पुलिस ने इस केस में शहदरा निवासी आरोपी मानव, हरीश पठानिया, मेहरान और कुनाल के अलावा 4 नाबालिगों को पकड़ा। इस मामले में 9 जनवरी को कड़कड़डूमा कोर्ट में हत्या के प्रयास और संगठित अपराध समेत कई धाराओं में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। पुलिस का दावा है कि विदेश से हशिम बाबा गैंग को ऑपरेट कर रहा सचिन उर्फ मुकेश उर्फ नीलू के इशारे पर वारदात को अंजाम दिया गया। इसी ने हथियार और पैसा उपलब्ध करवाए थे। चार्जशीट दाखिल होने का हवाला देकर कुनाल ने जमानत अर्जी लगाई थी। पुलिस ने कोर्ट में वह सीसीटीवी फुटेज चलाई, जिसमें कुनाल बाइक में सवार होकर गोलीबारी की वारदात को फोन पर रिकॉर्ड करता दिख रहा है। कोर्ट ने इसे गंभीर माना और जमानत नहीं दी।

भंडाफोड़ प्राइमरी हेल्थ केयर के नाम पर अफसरों ने तीन गुना ज्यादा कीमत पर खरीदे गैरजरूरी सामान

हेल्थ विभाग में 30 करोड़ के घोटाले का खेल !

NBT 2 मिनट में पढ़ें

Rajesh.Saroha@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** एमसीडी के हेल्थ विभाग ने प्राइमरी हेल्थ केयर के नाम पर सबसे पहले ऐसा गैरजरूरी सामान खरीदा, जिसकी डिस्पेंसरियों में जरूरत ही नहीं थी। इतना ही उसके लिए मार्केट रेट से तीन गुना अधिक कीमत भी चुकाई। ऐसा करके हेल्थ विभाग के भ्रष्ट अधिकारियों ने एमसीडी को 30 करोड़ का चूना लगा दिया। सूत्रों का कहना है कि पूरे घोटाले में शामिल हेल्थ विभाग के अधिकारियों को जब लगा कि पूरा मामला लीक होने वाला है, तो उन्होंने अलग-अलग स्टोर्स और डिस्पेंसरियों में रखे गए सामान को ट्रकों में भरकर अलग-अलग अस्पतालों में टिकाने लगाया। पूरे मामले की सेंट्रल विजिलेंस कमीशन में शिकायत की गई। सेंट्रल विजिलेंस कमीशन ने हेल्थ विभाग को अपने स्तर पर पूरे मामले की जांच कराने के निर्देश दिए। शुरुआती जांच में आरोप सही पाए जाने पर हेल्थ विभाग ने विजिलेंस विभाग को जांच सौंप दी है।

हेल्थ विभाग की शुरुआती जांच में आरोप सही पाए गए

सेंट्रल विजिलेंस कमीशन को दी गई शिकायत में हेल्थ विभाग में 2024-25 में हुए 30 करोड़ के घोटाले का खुलासा किया है। इसमें कहा गया कि हेल्थ विभाग के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों ने मिलकर प्राइमरी हेल्थ केयर के नाम पर भारी मात्रा में डिस्पेंसरियों में इस्तेमाल होने वाले सामान की खरीद फरोख्त की। शिकायत में कहा गया है कि जो सामान खरीदा गया, उसकी किसी भी यूनिट से कोई डिमांड नहीं भेजी गई थी और हेल्थ विभाग के स्टोर्स में वह सामान सड़ा पड़ा था। इतना ही नहीं, सामान की क्वॉलिटी भी बेहद घटिया थी। इसके बावजूद इन्हें मार्केट रेट से करीब तीन गुना अधिक कीमत पर खरीदा गया। इसके अलावा 30 करोड़ का सामान खरीदने के लिए हेल्थ विभाग ने कोई टेंडर भी नहीं किया गया। सामान खरीदने के बाद पूरे घपले में शामिल विभाग के अधिकारियों को शक हो गया कि उनकी इस करतूत के बारे में विभाग के ही कुछ अधिकारियों को भनक लग गई है।

विजिलेंस विभाग को सौंपी मामले की जांच

सूत्रों ने बताया कि सेंट्रल विजिलेंस कमीशन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए शिकायत को हेल्थ विभाग के पास भेजकर विभाग को अपने स्तर पर पूरे मामले की इंटरनल जांच कराने का आदेश दिया। हेल्थ विभाग ने अपने स्तर पर जांच शुरू की तो आरोप सही पाए गए। इसलिए हेल्थ विभाग ने इस मामले की जांच विजिलेंस विभाग को सौंप दी है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH11 User: cci Time: 01-16-2026 23:19 Color:

महाराष्ट्र में बजा BJP गठबंधन की जीत का डंका

29 महानगरपालिका में से 25 पर BJP की अगुवाई वाली महायुति आगे

शानदार रिजल्ट आने के बाद ठाणे में जश्न मनाते बीजेपी कार्यकर्ता

Rajkumar.Singh@timesofindia.com

■ मुंबई : महानगरपालिका के चुनाव में बीजेपी की महायुति ने जीत का झंडा बुलंद किया है। मुंबई सहित राज्य की 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव में महायुति 25 पर जीत के करीब है जबकि कांग्रेस ने स्व. विलासराव देशमुख के लातूर मनपा पर जीत हासिल की है। चंद्रपुर मनपा पर कांग्रेस जीत के करीब है। सत्ता हासिल करने के लिए उसे उद्धव सेना का साथ चाहिए। मुंबई से करीब ७४६ विरार में ठाकुर बंधुओं की बहुजन विकास आघाड़ी आगे है।

चंद्रपुर मनपा पर कांग्रेस जीत के करीब

महानगरपालिका के चुनाव में बीजेपी और शिंदे सेना ने कई सारी मनपा में गठबंधन कर चुनाव लड़ा, तो कहीं पर एक दूसरे को चुनौती दी। कई मनपा पर बीजेपी, शिंदे और अजित पवार की पार्टी गठबंधन सत्ता में आ रही है जबकि कुछ मनपा में कांग्रेस, उद्धव सेना और शरद पवार पवार को साथ लेकर सत्ता में आ सकती है। लेकिन उनके लिए सत्ता हासिल करने में बीजेपी सबसे बड़ी दीवार बनकर सामने आएगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने उदरक चुनाव प्रचार किया जबकि कांग्रेस अपनी उपस्थिति तक दर्ज नहीं करा पाई। नासिक को छोड़ ठाकरे बंधु मुंबई से बाहर निकले ही नहीं। चुनाव नतीजे उनकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे हैं।

BMC में देवेंद्र फडणवीस साबित हुए धुरंधर

Brijesh.Tripathi
@timesofindia.com

■ मुंबई : ढाई दशक तक मुंबई महानगरपालिका पर राज करने वाले 'ठाकरे' की बादशाहत खत्म हो गई है। अपने गठन के 46 साल बाद सीएम देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में बीजेपी ने बीएमसी की बाजी मार ली है। 2017 में मामूली अंतर से बीजेपी का मेयर बनाने से चूके फडणवीस 2026 में धुरंधर साबित हुए। धुआंधार प्रचार करने वाले फडणवीस ने दावा किया था कि बीजेपी 100 से अधिक सीटें जीतेगी और बीएमसी का मेयर महायुति का होगा जो सच साबित हुई।

भारी पड़ा राज का साथ

मुंबई के चुनाव नतीजे राज्य की राजनीति को नई दिशा दे रहे हैं। राज ठाकरे के साथ हाथ मिलाने के बाद उद्धव ठाकरे की बीएमसी से 25 साल की सत्ता चली गई। बीएमसी की सत्ता हासिल करने के लिए उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस की बनाई महाविकास अघाड़ी की तिलांजलि दे दी। कांग्रेस को दूर कर अपने छोटे भाई राज ठाकरे साथ हाथ मिला लिया। दोनों ने मिलकर मैर मराठी समाज को निशान बनाया। मराठी और हिंदी के बीच बटवारे का प्रयास किया, जो किसी पसंद नहीं आया।

बीएमसी की 227 सीटों के रिजल्ट

बीजेपी	89
शिवसेना (शिंदे)	29
शिवसेना (ठाकरे)	65
मनसे	06
एनसीपी (अजित गुट)	03
कांग्रेस	24
एनसीपी (शरद पवार गुट)	01
अन्य	10

शरद-अजित की की लुटिया डूबी

बीजेपी जहां सबसे बड़े दल के रूप में उभरी, वहीं दूसरे नंबर पर उद्धव रहे। कांग्रेस का बुरा हाल रहा। शरद और अजित की की लुटिया डूब गई है।

स्ट्राइक रेट में भी पिछड़े उद्धव

चुनाव में 137 सीटें लड़ कर 90 सीटें जीतने वाली बीजेपी का स्टारक रेट 66 प्रतिशत से अधिक रहा है। जबकि 90 सीट लड़ कर 28 सीट जीतने वाली शिंदे सेना का स्ट्राइक रेट 32 प्रतिशत रहा।

ठाकरे को झटका

घघरे भाई राज ठाकरे को साथ चुनाव लडने वाले उद्धव ने बीजेपी को टक्कर दी, लेकिन बीएमसी की सत्ता गंवा दी। उद्धव के लिए बीएमसी का चुनाव विधानसभा चुनाव परिणाम से भी बड़ा झटका माना जा रहा है।

...लेकिन शिंदे पर भारी उद्धव सेना

खुद को असली शिवसेना साबित करने में सत्ता गंवाने के बाद उद्धव ठाकरे कुछ हद तक सफल रहे। 90 सीटों पर लड़ने वाली शिंदे सेना 29 सीटों पर सिमट गई।

उद्धव-कांग्रेस की लड़ाई में उड़ी AIMIM की पतंग

Brijesh.Tripathi@timesofindia.com

■ मुंबई : बीजेपी की प्रचंड लहर के बीच सांसद असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) ने मुंबई सहित राज्य की 29 महानगरपालिका चुनावों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। मुंबई में एआईएमआईएम ने 8 सीटें जीत सबको चौंका दिया। क्योंकि, 2017 के चुनाव में मुंबई में पार्टी ने सिर्फ 2 सीटें जीती थीं। मुंबई में एआईएमआईएम की जीत मुस्लिम बहुल इलाकों में हुई, जहां माना जा रहा था कि समानांतर पार्टी और उद्धव सेना को फायदा मिलेगा। लेकिन, एआईएमआईएम ने सबको चौंकाते हुए बीएमसी में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। सबसे अधिक 6 सीटें मानखुर्द-शिवाजी नगर में जीती हैं, यहां से सपा के अबू आसिम आजमी लगातार चौथी बार विधायक हैं। मानखुर्द-शिवाजी नगर की 9 बीएमसी सीटों में से 6 पर एआईएमआईएम के उम्मीदवार जीते।

मुंबई के मुस्लिम इलाकों में 8 सीटों पर जीत

मुंबई में मुस्लिम समाज की आबादी 19-20 प्रतिशत है। माना जाता है कि मुस्लिमों का वोट बीजेपी के खिलाफ कांग्रेस, सपा और उद्धव सेना को मिलता है। मुस्लिमों इलाके में ओवैसी ने 8 सीटें जीती लेकिन कई मुस्लिम इलाकों में कांग्रेस, उद्धव सेना और एनसीपी का खेल खराब कर दिया। पार्टी ने सपा को झटका देते हुए मुंबई, मालेगांव और नांदेड़ जैसे इलाकों में शानदार प्रदर्शन किया है। यहां मुस्लिमों के नाम पर अब तक सपा राजनीति करती आ रही थी। संभाजीनगर में 24, मालेगांव में 20 और मराठवाड़ा के नांदेड़ में 14 सीटें जीतकर दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी है।

फटाफट खबरें

PM का असम दौरा आज से

■ भाषा, गुवाहाटी : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर असम के आएंगे। एक महीने से भी कम समय में यह उनका दूसरा असम दौरा है। 17 जनवरी की शाम को यहां पहुंचने के बाद पीएम अर्जुन भोगेश्वर बरुआ स्पोर्ट्स स्टेडियम में 10 हजार कलाकारों की ओर से प्रस्तुत बोडो लोक नृत्य 'बागुरुम्बा' देखेंगे। 6,957 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखेंगे।

राबड़ी की याचिका पर CBI को नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को RJD प्रमुख लालू प्रसाद यादव की पत्नी और बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी की याचिका पर सीबीआई से जवाब मांगा। राबड़ी ने आईआरसीटीसी से जुड़े कथित घोटाले में आरोप तय करने को चुनौती दी है। जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा ने याचिका पर नोटिस जारी किया और सुनवाई के लिए 19 जनवरी की तारीख तय की।

अमर्त्य सेन के घर से लिए दस्तावेज

■ भाषा, कोलकाता : SIR प्रक्रिया के तहत शुक्रवार को निर्वाचन अधिकारियों ने नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन के घर जाकर उनके दस्तावेज प्राप्त किए। अधिकारी बीरभूम जिले के बोलपुर स्थित सेन के पुरतैनी घर 'प्रतीची' पहुंचे और उनका आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र संख्या, उनकी मां का मृत्यु प्रमाण पत्र एकत्र किया।

ग्लोबल लीडरशिप पर फोकस करें भारत के स्टार्टअप्स : प्रधानमंत्री

स्टार्टअप दिवस पर कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, पीएम नरेन्द्र मोदी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि केवल 10 साल में ही 'स्टार्टअप इंडिया मिशन' एक क्रांति बन गया है और आज भारत दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के मौके पर यहां आयोजित कार्यक्रम में पीएम ने भारतीय स्टार्टअप्स से कहा कि अब उन्हें मैन्यूफैक्चरिंग और डीप टेक्नोलजी पर फोकस करना चाहिए। अगले 10 साल में भारत स्टार्टअप ट्रेंड्स और टेक्नोलजी के मामले में दुनिया की अगुवाई करे। 16 जनवरी 2016 को शुरू किए गए स्टार्टअप इंडिया का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि यह सफर सिर्फ एक सरकारी योजना की सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि लाखों सपनों और अनगिनत कल्पनाओं के साकार होने की गाथा है। दस साल पहले देश में 500 से भी कम स्टार्टअप थे और आज यह संख्या बढ़कर 2 लाख से अधिक हो गई है। 2014 में भारत में केवल चार यूनिकॉर्न थे और आज लगभग 125 यूनिकॉर्न हैं। अकेले 2025 में लगभग 44 हजार नए स्टार्टअप रजिस्टर हुए, जो स्टार्टअप इंडिया की शुरुआत के बाद से किसी भी एक वर्ष में सबसे बड़ी वृद्धि है।

वर्ष 2025 में कुल 44 हजार नए स्टार्टअप बने

उन्होंने कहा कि पहले बड़े औद्योगिक परिवारों के बच्चे ही नए उद्यम शुरू करते थे क्योंकि उन्हें ही आसानी से फाइनैंसिंग और सपोर्ट मिलता था, लेकिन स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम ने इस सोच को बदल दिया है और अब गांवों, कस्बों के युवा भी स्टार्टअप खोल रहे हैं। पीएम ने कहा कि सरकार हर प्रयास में स्टार्टअप्स के साथ खड़ी है। आज का अनुसंधान कल की बौद्धिक संपदा बन जाता है। इसे बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये की अनुसंधान, विकास और नवाचार योजना शुरू की गई है।

युवाओं में बढ़ रहा है आत्मविश्वास : गोयल

कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने 'स्टार्टअप पे चर्चा' कार्यक्रम में कहा कि स्टार्टअप इंडिया अभियान से युवाओं का आत्मविश्वास बढ़ रहा है और वे जोखिम लेने से हिचक नहीं रहे। उन्होंने कहा कि टेक्नॉलजी से जुड़े स्टार्टअप्स के चलते टूरिजम और स्किल डिवेलपमेंट के क्षेत्र में बड़े बदलाव आ सकते हैं। गोयल ने कहा कि स्टार्टअप्स के लिए फंड ऑफ फंड्स स्कीम के दूसरे चरण को लागू करने की गाइडलाइंस जल्द तय कर ली जाएंगी।

BJP के राष्ट्रीय अध्यक्ष का ऐलान 20 को

19 जनवरी को दाखिल होंगे नामांकन, इसी दिन वापस भी ले सकेंगे

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बीजेपी ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। बीजेपी ने कहा है कि अध्यक्ष पद के लिए नामांकन 19 जनवरी को दाखिल किए जाएंगे। 20 जनवरी को अगर जरूरत हुई तो मतदान, नहीं तो नए अध्यक्ष के नाम का औपचारिक ऐलान कर दिया जाएगा।

बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन का ही बीजेपी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना लगभग तय है। बीजेपी के राष्ट्रीय निर्वाचन अधिकारी के. लक्ष्मण ने संगठन चुनाव कार्यक्रम जारी किया। इसमें कहा गया है पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन 19 जनवरी को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे के बीच दाखिल किया जा सकेगा। उम्मीदवार उसी दिन शाम 5 बजे से शाम 6 बजे के बीच नामांकन वापस ले सकेंगे। नामांकन पत्र की जांच 19 जनवरी को ही शाम 4 बजे से शाम 5 बजे के बीच होगी। जरूरत पड़ी तो 20 जनवरी को मतदान होगा और उसी दिन नए चुने गए बीजेपी अध्यक्ष के नाम की आधिकारिक घोषणा कर दी जाएगी। जेपी नड्डा को भी जून 2019 में पहले राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। 2020 में उन्हें निर्विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया।

यह है प्रक्रिया : बीजेपी का संविधान कहता है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष वही बन सकता है, जो कम से कम चार अवधियों तक सक्रिय सदस्य और कम से कम 15 साल तक पार्टी का प्राथमिक सदस्य रहा हो। पार्टी का सक्रिय सदस्य उसे माना जाएगा, जिसे सदस्य के रूप में कम से कम तीन साल का वक्त हो गया हो और पार्टी के कार्यक्रमों में सक्रिय हो। मंडल समिति या उससे ऊपर किसी भी समिति या परिषद का चुनाव लड़ने या सदस्य बनने का हक सक्रिय सदस्य का ही होगा। हालांकि, इसके अवावा भी है, जब बीजेपी ने ऐसे नेता को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जिन्हें जेडिन किए हुए करीब एक साल ही हुआ था।

चुनाव का कार्यक्रम जारी

19 जनवरी को नामांकन पत्र की जांच शाम 4 से 5 बजे के बीच होगी

20 जनवरी को अगर जरूरत हुई तो मतदान, नहीं तो हो जाएगी घोषणा

नितिन नवीन का ही नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना जाना लगभग तय

जेपी नड्डा को भी इसी तरह नियुक्त किया गया था राष्ट्रीय अध्यक्ष

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

प्रकिया ही नहीं संदेश भी

यह लगभग तय है कि बीजेपी का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को ही बनना है। उनका निर्विरोध चुना जाना भी तय है, लेकिन तब भी बीजेपी चुनावी प्रक्रिया का पालन करती है। बीजेपी में आज तक अध्यक्ष पद हमेशा निर्विरोध ही चुना गया है और कभी चुनाव की नौबत नहीं आई है। बीजेपी चुनाव प्रक्रिया के जरिये यह संदेश देने की कोशिश करती है कि पार्टी अपने संविधान के हिसाब से चलती है और बीजेपी का कोई भी समर्पित कार्यकर्ता अध्यक्ष जैसे उच्च पद तक पहुंच सकता है।

काशी की विरासत नष्ट कर रही BJP : अजय राय

■ एनबीटी रिपोर्ट, नई दिल्ली: उत्तर प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आरोप लगाया कि सरकार काशी की ऐतिहासिक और धार्मिक विरासत को खत्म करने में जुटी है। हिंदू धर्म की सबसे बड़ी धरोहरों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। अजय राय ने कहा कि बाबा विश्वनाथ के दरबार में कॉरिडोर के नाम पर एक आधुनिक मॉल जैसा ढांचा खड़ा कर दिया गया है। प्रयागराज संगम के अक्षय वट वृक्ष आज भी है, लेकिन काशी का अक्षय वट काट दिया गया। पीएम मोदी ने मणिकर्णिका घाट के ब्यूटीफिकेशन का शिलान्यास किया था, लेकिन घाट अब तबाह कर दिया गया।

स्याही विवाद पर राहुल और BJP आमने-सामने

■ आईएएनएस, नई दिल्ली : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारतीय चुनाव आयोग (ECI) पर तीखा हमला किया। महाराष्ट्र निकाय चुनाव में वोटिंग के दौरान पकड़ी स्याही 'मिटने' के विडियो सामने आने के बाद वोटिंग वाले दिन उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग 'वोट चोरी' को बढ़ावा देकर लोकतंत्र में जनता का भरोसा कम कर रहा है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को X पर लिखा, 'चुनाव आयोग का नागरिकों को गुमराह करना ही हमारे लोकतंत्र में भरोसे के खत्म होने की वजह है। 'वोट चोरी' एक राष्ट्र-विरोधी काम है।' वहीं, विपक्ष को 'बहाना ब्रिगेड' बताते हुए बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, 'गिनती शुरू होने से पहले ही हार मान ली? राहुल वही कर रहे हैं, जो वह सबसे अच्छा करते हैं, बदनाम करना, तोड़-मरोड़ कर पेश करना और गलत जानकारी देना।' उन्होंने यह भी कहा कि स्याही विवाद की जांच होनी चाहिए, लेकिन वोटिंग में धांधली की एक भी घटना सामने नहीं आई।

भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल,
अटल बिहारी वाजपेयी आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
DR. RAM MANOHAR LOHIA HOSPITAL,
ATAL BIHARI VAJPAYEE INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES,
NEW DELHI - 110001

No. HA-1-1033/122/2025-HA-I Section/Dr.RMLH/CMS

रिक्ति परिपत्र

विषय: डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली में संविदा के आधार पर मेडिकविजिटी (ट) की नियुक्ति के संबंध में।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, नई दिल्ली, डॉ. आर.एम.एल. अस्पताल, नई दिल्ली में विशुद्ध रूप से संविदा के आधार पर मेडिकविजिटी (ट) की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इच्छुक उम्मीदवार विस्तृत नियम और शर्तों, पात्रता मानदंड और आवेदन प्रक्रियाओं के लिए अस्पताल की वेबसाइट https://rmlh.nic.in/ पर जा सकते हैं।

(विनय प्रकाश नोडिया)
उप निदेशक (प्रशासन)

CBC 17147/11/0010/2526

दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
नई दिल्ली 110002

दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी), राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार प्रतिनियुक्ति के आधार पर विभिन्न पदों को भरने के लिए उपयुक्त अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित करती है।

इच्छुक उम्मीदवार विस्तृत बायोडाटा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा में आवश्यक दस्तावेजों के साथ 25.02.2026 तक प्रधान निदेशक (प्रशासन), डीयूएसआईबी, कमरा नं. एफ-4, विकास कुटीर, आईपी एस्टेट, नई दिल्ली-110002 को आवेदन कर सकते हैं।

विवरण के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट पर जाए: www.delhishelterboard.in

(गुरप्रीत सिंह)
उप. निदेशक (प्रशासन)
Mail Address: admn.delhishelter@gmail.com

DIP/Shabdarth/Classified/9407/25-26

सबरीमला केस : रिपोर्ट कोर्ट में पेश, SIT को भी मिलेगी

■ भाषा, कोल्लम (केरल): केरल हाई कोर्ट के आदेश के अनुसार सबरीमला के भगवान अय्यप्पा मंदिर की कई कलाकृतियों और दरवाजों की चौखट पर लगी तांबे की परत पर चढ़े सोने के वैज्ञानिक विश्लेषण से जुड़ी पर एक रिपोर्ट सतर्कता अदालत में पेश कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार, विश्लेषण विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (VSSC) ने किया था और रिपोर्ट को सीलबंद लिफाफे में अदालत में दाखिल किया गया था। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट SIT को सौंपी जाएगी। हाई कोर्ट ने SIT के उस अनुरोध को स्वीकार कर लिया था, जिसमें तांबे की परत पर लगे सोने का वैज्ञानिक विश्लेषण करने की बात कही गई थी।

ओडिशा के बालासोर में शख्स की पीटकर हत्या में 3 अरेस्ट

■ भाषा, बालासोर : ओडिशा पुलिस ने राज्य में मवेशियों की तस्करी में शामिल होने के संदेह में एक शख्स की पीट-पीटकर हत्या में कथित रूप से शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल अन्य लोगों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। बालासोर सदर क्षेत्र के उप-विभागीय पुलिस अधिकारी शुभांशु शेखर नायक ने कहा कि घटना बुधवार को हुई। पहले सड़क दुर्घटना की शिकायत दर्ज कराई गई और बाद में पीड़ित के भाई ने लिखित शिकायत में आरोप लगाया कि अस्तिया गंव के एसके मकंदर मोहम्मद (35) की भीड़ के हमले में मौत हो गई।

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान
आयुष मंत्रालय, भारत सरकार
68, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001
फोन: 23730417-18, 23351099. टेलीफैक्स: 011-23711657
ईमेल: dir-mdniy@nic.in वेबसाइट: www.yogamdniy.nic.in

वॉक-इन-इंटरव्यू

मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान (MDNIY), 68, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 में विशुद्ध रूप से अस्थायी संविदा के आधार पर निम्नलिखित पदों पर कार्य के लिए वॉक-इन-इंटरव्यू:

क्र.सं.	पद का नाम	पदों की संख्या	अधिकतम पारिश्रमिक	वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि
1.	परियोजना समन्वयक (स्वास्थ्य-सेवी पारंपरिक चिकित्सा परियोजना) (एक) एसडीएमआईबी के लिए	01	रु.75,000/- प्रतिमाह	28.01.2026
2.	परियोजना सहायक (योग चिकित्सा)	01	रु.25,000/- प्रतिमाह	
3.	परियोजना सहायक (योग)	01	रु.25,000/- प्रतिमाह	
4.	प्रोग्रेस रिपोर्टर (योग) बीआईएस के लिए	01	रु.25,000/- प्रतिमाह	
5.	प्रोग्रेस रिपोर्टर (वैज्ञानिकी)	01	रु.25,000/- प्रतिमाह	
6.	सलाहकार (प्रशासन)	03	रु. 50,000/- प्रतिमाह + चार्ज भत्ता अथवा आयुष मंत्रालय के पत्र संख्या ए-41021/4/2020-ई-II दिनांक 01.04.2023 के अनुसार आहरित अंतिम वेतन वाइसस सुप्त वेतन चार्ज भत्ता भत्ता	29.01.2026
7.	सलाहकार (निदेशक के निजी सहायक)	01		
8.	रिसर्च एसोसिएट (योग) (एसडीएमआईबी के योग चिकित्सा केंद्रों के लिए)	03	रु. 47,000/- + एचआरए (नियमों के अनुसार)	
9.	सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल, जम्मू और सरकारी यूनानी अस्पताल, श्रीनगर, श्रीनगर और नेचरल इंस्टीट्यूट ऑफ योग रिसर्च, लेह, लद्दाख में योग सेंटरों और ट्रेनिंग सेंटर के लिए योग मेडिसिन	05	रु. 38,000/- प्रतिमाह*	30.01.2026
10.	सरकारी आयुर्वेदिक अस्पताल, जम्मू और सरकारी यूनानी अस्पताल, श्रीनगर, श्रीनगर और नेचरल इंस्टीट्यूट ऑफ योग रिसर्च, लेह, लद्दाख में योग प्रशिक्षक, योग सेंटरों और ट्रेनिंग सेंटर	03	रु. 32,000/- प्रतिमाह *	
11.	ट्रेनिंग रिसर्च फेलो (बेसलाइन) (एसडीएमआईबी के योग चिकित्सा केंद्रों के लिए)	01	रु. 31,000/- + एचआरए (नियमों के अनुसार)	

नोट: आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या पद पर घट बढ़ सकती है।

उपरोक्त उल्लिखित पदों के लिए आवश्यक योग्यताएं, अनुभव और सलाई के अन्य नियमों और शर्तों सहित विस्तृत विज्ञापन तथा अन्य संबंधित जानकारी संस्थान की वेबसाइट www.yogamdniy.nic.in से प्राप्त की जा सकती है।

इच्छुक उम्मीदवार जिनके पास अपेक्षित योग्यताएं, अनुभव आदि हैं, वे निर्धारित तिथि को उल्लिखित वॉक-इन-इंटरव्यू में अपने बॉयो, दो पासपोर्ट आकार के फोटो और संबंधित दस्तावेजों के साथ स्वयं-सत्यापित प्रतिलिपियों के साथ उपस्थित हो सकते हैं।

एमडीएमआईबी बिना कोई कारण बताए उपरोक्त विज्ञापन या किसी भी पद को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

CBC 17213/12/0006/2526
प्रभारी प्रशासनिक अधिकारी

भारत सरकार
प्रा.ले.अ.का. (प्रधान लेखा अधिकारी), आवास और शहरी कार्य मंत्रालय

प्रधान लेखा महानियंत्रक (जो 01.01.2022 के बाद पिछले चार वर्षों के भीतर सेवानिवृत्त हुए हों) के पैनल के तहत वरिष्ठ लेखा अधिकारी के स्तर के सेवानिवृत्त अधिकारियों से आवास और शहरी कार्य मंत्रालय, प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक के कार्यालय, चौथी मंजिल, जीपीओए 2, केजी मार्ग, संकल्प भवन, नई दिल्ली-110001 में संविदात्मक आधार पर सलाहकार पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पारिश्रमिक डीओई ओ.एम. संख्या 3-यूएस/2020-ई.III-ए दिनांक 09.12.2020 के अनुसार निर्धारित किया जाएगा।

आवेदन ईमेल (केवल पीडीएफ प्रारूप में) prao-mhua@gov.in पर जमा किए जाने चाहिए और 02 फरवरी 2026 को शाम 05:00 बजे तक पहुंचने चाहिए। आवेदन निम्नलिखित विवरणों के साथ प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

विज्ञापन संख्या:
1. पूरा नाम (बड़े अक्षरों में):
3. लिंग:
4. जन्म तिथि:
5. वर्तमान/पत्राचार का पता:
6. टेलीफोन/मोबाइल
7. ईमेल आईडी
8. स्थायी पता:
9. अंतिम वेतन आहरण के साथ पीपीओ संख्या
10. शैक्षिक योग्यताएं

उत्तीर्ण परीक्षाएँ	विश्वविद्यालय का नाम	उत्तीर्ण होने का वर्ष	विषय	प्रभाग	प्रतिशत

11. पिछले 10 वर्षों के संगठनों में अनुभव का विवरण

नियोक्ता विवरण	पद का नाम	आहरित वेतन	अवधि		कर्तव्यों की प्रकृति
			कब से	कब तक	

12. सेवानिवृत्ति की तिथि: 13. अंतिम आहरित वेतन: 14. अंतिम उपस्थित कार्यालय:
15. कोई अन्य प्रासंगिक जानकारी: 16. पीपीओ की प्रति:-

घोषणा:
मैं पूरी ईमानदारी से घोषणा करता हूँ कि इस आवेदन में दिए गए सभी कथन मेरे सर्वोत्तम ज्ञान और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। मैं समझता हूँ और सहमत हूँ कि यदि चयन/साक्षात्कार से पहले या बाद में किसी भी समय कोई जानकारी झूठी या गलत/अधूरी पाई जाती है या पात्रता का पता चलता है, तो मेरी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और मैं आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक के निर्णय से बाध्य हूँगा।

स्थान:
दिनांक:
हस्ताक्षर
(आवेदक का पूरा नाम)
प्रश्नों के लिए 8882163643 पर संपर्क किया जा सकता है।
CBC 20114/11/0002/2526

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: cci Time: 01-16-2026 22:24 Color:

संवाद

नवभारत टाइम्स

नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । शनिवार, 17 जनवरी 2026

यूरोप से ख़ुशख़बरी

भारत और EU ट्रेड डील के करीब

भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। यह डील दोनों ही पक्षों के लिए जरूरी है, इससे व्यापार में संतुलन आएगा और अमेरिकी टैरिफ के दबाव से निपटने में मदद मिलेगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि 27 तारीख को भारत-EU सम्मेलन के दौरान डील फाइनल हो जाएगी।

लंबा इंतजार । इस करार के लिए दोनों पक्षों ने लंबा इंतजार किया है। बरसों की धैर्यपूर्ण बातचीत के बाद अब जाकर 24 में से 20 चैप्टर पर सहमति बनी है और बाकियों को लेकर भी उम्मीदें प्रबल हैं। 9 साल की रुकावट के बाद जून 2022 में इस डील पर दोबारा वार्ता शुरू हुई थी। इसे अंजाम तक पहुंचाने का यह सबसे सही मौका है, जब भारत और यूरोपीय यूनियन - दोनों ही व्यापार में अमेरिका और चीन से मिलती चुनौती का सामना कर रहे हैं।

दोनों के लिए जरूरी ये समझौता

व्यापार बढ़ेगा । गुड्स में भारत का सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर EU है। 2024-25 में दोनों के बीच 136.53 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था। भारत ने 75.85 बिलियन डॉलर का निर्यात, जबकि 60.68 अरब डॉलर का आयात किया। भारत के कुल निर्यात का करीब 17% यूरोप के बाजार में पहुंचता है। ट्रेड डील के बाद ज्यादातर सामान टैरिफ के दायरे से बाहर होगा, तो व्यापार बढ़ने की उम्मीद है। पेट्रोलियम प्रॉडक्ट्स, टेक्सटाइल, मशीनरी, ज्वेलरी, फार्मा सेक्टर को छूट मिल सकता है - नए निवेश का रास्ता खुलेगा।

अमेरिका से बातचीत । ग्लोबल जियो-पॉलिटिक्स को देखते हुए भारत को अपने व्यापार साझेदारों में विविधता चाहिए। अच्छी बात है कि सरकार लगातार इस दिशा में काम कर रही है। पिछले साल ब्रिटेन, ओमान और EFTA के साथ ट्रेड डील फाइनल हुई थी। EU के साथ-साथ नजरें अमेरिका संग चल रही वार्ता पर भी हैं। कुछ तल्ख बयानबाजी के बाद नई दिल्ली-वॉशिंगटन के बीच वार्ता फिर से पटरी पर आती दिख रही है, जिसे अच्छी खबर कहा जाएगा। EU डील का असर भी अमेरिका से चल रही बातचीत पर पड़ सकता है।

चीन को जवाब । अमेरिका की अस्थिर नीतियों की वजह से भारत और यूरोप, दोनों को ही नए मजबूत दोस्तों की जरूरत है। इसके अलावा एक बड़ी साझा चुनौती चीन की है। दोनों का ही पेइचिंग के साथ व्यापार घाटा रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। चीन की वजह से भारत और यूरोप के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में गिरावट आई है। दोनों एक-दूसरे का साथ देकर इस ट्रेड डेफिसिट को पाटने में मदद कर सकते हैं।

और सुनाओ

फटाफट फंड के ख़तरे

प्रॉविडेंट फंड की रकम को जल्द ही UPI के जरिये निकाला जा सकेगा। डिजिटल लेन-देन के दौर में इस पहल का स्वागत हुआ है। आज का डिजिटल भारत उस मोड़ पर खड़ा है, जहां तकनीक जीवन को सरल तो बना रही है, लेकिन उसी अनुपात में जोखिम भी गहरे हो रहे हैं।



रमेश तिवारी

इस फंड का मूल उद्देश्य खर्च की सुविधा नहीं, बल्कि अनुशासित बचत को सुरक्षित रखना है। यह पैसा रोजमर्रा के लेनदेन के लिए नहीं, बल्कि रिटायरमेंट के बाद की जिंदगी के लिए है। दूसरी तरफ UPI मॉडल फौरन खर्च की आदत को बढ़ावा देता है। जब दो अलग-अलग कॉन्सेप्ट एक प्लेटफॉर्म पर मिलते हैं, तो टकराव की संभावना बढ़ जाती है। छोटी जरूरतों के लिए बड़ी बचत निकालने की प्रवृत्ति सामाजिक सुरक्षा को कमजोर कर सकती है। PF खाते तक पहुंच यदि मोबाइल नंबर और ऐप तक सीमित हो गई, तो सुरक्षा का दायरा व्यक्ति की डिजिटल आदतों पर टिक जाएगा। डिजिटल अरेस्ट जैसे तरीकों ने यह साबित कर दिया है कि पढ़ा-लिखा और जागरूक नागरिक भी मानसिक दबाव में अपनी सारी जमापूंजी गंवा सकता है। वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम की एक रिपोर्ट में साइबर असुरक्षा को 2026 में भारत की शीर्ष चुनौतियों में पहले स्थान पर रखा गया है।

परिवार के सदस्य या रिश्तेदार जानते हैं कि व्यक्ति के पास PF में पैसा है, लेकिन इसलिए नहीं मांगते कि पैसा निकालने की प्रक्रिया जटिल है। UPI की सुगमता के कारण कर्मचारी को अपनी मर्जी के खिलाफ पैसा तुरंत निकालने पर मजबूर किया जा सकता है। UPI में अक्सर गलत आईडी या मोबाइल नंबर पर पैसा ट्रांसफर होने की खबरें आती हैं। PF की बड़ी राशि के मामले में यह बड़ा नुकसान दे सकता है। फिलहाल PF डेटा सरकारी सुरक्षा में है। UPI इंटिग्रेशन के बाद आपकी 'रिटायरमेंट वेल्थ' डेटा मार्केटिंग का हिस्सा न बन जाए, ये देखना होगा। आपको असुरक्षित लोन, क्रेडिट कार्ड और फिजूल के निवेश के विज्ञापनों से निशाना बनाया जा सकता है।

सुरक्षा और बचत के दृष्टिकोण से PF निकासी में 'देरी' को एक सुरक्षा फीचर भी माना जा सकता है। लेकिन यह कहना भी अनुचित होगा कि तकनीक को रोका जाए या पुरानी प्रक्रियाओं में लौटा जाए। सवाल तकनीक के प्रयोग का नहीं, उसके क्रम और तैयारी का है। सुविधा लागू करने से पहले सुरक्षा, जवाबदेही और मुआवजे की स्पष्ट व्यवस्था होनी चाहिए। बड़ी राशि की निकासी के अनुरोध और वास्तविक ट्रांसफर के बीच कुछ घंटों का 'होल्ड' समय होना चाहिए। अगर धोखाधड़ी होती है तो जिम्मेदारी किसकी होगी, यह पहले तय होना चाहिए, बाद में नहीं।

ऑफ दि ट्रैक

इसलिए ख़ूनी बने मच्छर

दिलीप लाल

जंगल कट रहे हैं, लेकिन मच्छर नहीं घट रहे। वे बस अपना रास्ता बदल रहे हैं। ब्राजील के अटलांटिक फॉरेस्ट पर हुए एक नए वैज्ञानिक अध्ययन ने चौंकाने वाली सच्चाई सामने रखी है। जैसे-जैसे जंगल सिमटते जा रहे हैं, मच्छर इंसानों के खून की ओर ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। एक समय अटलांटिक फॉरेस्ट जैव-विविधता का खजाना हुआ करता था। वहां पक्षी, उभयचर, सरीसृप और स्तनधारी बड़ी संख्या में पाए जाते थे। लेकिन लगातार बढ़ते मानवीय दखल, शहरीकरण और विकास परियोजनाओं के कारण यह जंगल अब अपने मूल आकार से लगभग एक-तिहाई तक सिमट चुका है। जंगल घटने के साथ-साथ वे जानवर भी तेजी से कम हो रहे हैं, जिनसे मच्छर पहले रक्त लेते थे। ऐसे में मच्छरों के सामने भोजन का संकट खड़ा हुआ और उन्होंने सबसे आसानी से उपलब्ध विकल्प चुना- इंसान। जब मच्छरों का संपर्क इंसानों से बढ़ता है, तो जंगलों के आसपास बसे क्षेत्रों में इसका खतरा बढ़ जाता है। ऐसा ही रहा तो मच्छर और भी ज्यादा इंसानी खून के आदी हो जाएंगे। इसलिए जंगलों का संरक्षण प्रकृति को बचाने के लिए ही नहीं, महामारियों को रोकने के लिए भी जरूरी है। यह अध्ययन अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पत्रिका Frontiers in Ecology and Evolution में प्रकाशित हुआ है।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व बताता है इतिहास का एक कालचक्र पूरा हुआ

ग्लानि नहीं, संस्कृति का गौरव

सुधांशु त्रिवेदी

भारत जनसंख्या में सबसे बड़ा, सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था, Digital Transaction में सबसे आगे और अनेक पैमानों पर शानदार प्रदर्शन करता हुआ, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के लक्ष्य की तरफ बढ़ रहा है। अब यह प्रश्न है कि यह किन मूल्यों के आधार पर विकसित होगा। ध्यान रहे, भारत सिर्फ आधुनिक विश्व की उभरती शक्ति नहीं बल्कि विश्व की एक मात्र जीवंत प्राचीन सभ्यता है। इसका यह स्वरूप इसकी दुर्धर्ष जीवनी शक्ति से बचा है। अनेक बर्बर आक्रमणों के बाद भी अद्भुत संघर्ष करते हुए इसने अपने को अनादिकाल से जीवित रखा है।

संविधान निर्माताओं में मतभेद । स्वतंत्रता के समय यह प्रश्न महत्वपूर्ण था कि स्वतंत्रता की यात्रा सांस्कृतिक गौरव, स्वाभिमान की दिशा में आगे बढ़ेगी या गुलामी की ग्लानि के बोझ में दबी रहेगी। इस पर हमारे संविधान निर्माताओं में मतभेद था। सोमनाथ मंदिर का पुनरुद्धार उसका मुख्य बिंदु था। जहां सरदार पटेल, राजेंद्र प्रसाद, के.एम. मुंशी जैसे लोग सोमनाथ के पुनरुद्धार के पक्ष में थे वहीं पंडित नेहरू इसके विरुद्ध थे। पंडित नेहरू को लगता था कि हिंदू धर्म का पुनरुत्थान secularism के लिए खतरा होगा।

सरदार पटेल का मत । इसके विपरीत सरदार पटेल का मानना था कि इतिहास के हर आक्रमण के बाद सोमनाथ दोबारा खड़ा हुआ है तो स्वतंत्र भारत में इसे पूरे वैभव, गौरव के साथ पुनर्स्थापित होना चाहिए। के.एम. मुंशी का मानना था कि ऐसी स्वतंत्रता का क्या अर्थ जो हमसे गीता छीन ले और मंदिरों का सम्मान करने से रोके (पुस्तक Pilgrimage to freedom)। आश्चर्य की बात यह है कि सोमनाथ के पुनरुद्धार पर secular विरोध मस्जिदों और दरगाहों की मरम्मत सरकारी खर्चे पर नेहरू की सरकार के द्वारा किए जाने पर आड़े नहीं आ रहा था जिसका उल्लेख वी.एन. गाडगिल ने अपनी पुस्तक Government from within में किया है।

धार्मिक उन्माद पर नकाब । यह विरोध सिर्फ राजनीतिक नहीं था, सैद्धांतिक भी था। नेहरू ने अपनी पुस्तक Discovery of India में महमूद गजनी को एक योद्धा और पैसे की चाह में भारत पर आक्रमण करने वाला बताकर उसके धार्मिक उन्माद पर सेकुलर नकाब डालने का काम किया जबकि मध्ययुगीन लेखक फरिश्ता ने अपनी किताब तारीख-ए-फरिश्ता (अंग्रेजी अनुवाद जॉन ब्रिग्स, पेज-43, 44) में स्पष्ट रूप से लिखा है कि गजनी लाखों स्वर्ण मुद्राएं मिलने के प्रस्ताव के बाद भी मूर्ति तोड़ना ही चाहता था ताकि वह एक बुतशिकन (मूर्तिभंजक) बने न कि बुतफरोश (मूर्ति व्यापारी)।

गलत चित्रण । वह मथुरा की इमारतों और मंदिरों को देखकर कहता है कि इनको बनाने में 10 करोड़ दिनार और 200 साल लगे होंगे। लगता है कि ये आदमी ने नहीं जिन्नातों ने बनाए हैं। ये उसके साथ आए इतिहासकार उतबी ने लिखा है। नेहरू ने Discovery of India में सिर्फ इतना बताकर कहा कि वह एक कला प्रेमी था जबकि उतबी आगे लिखता है कि महमूद ने सारे मंदिरों को ध्वस्त कर आग लगा देने को कहा (तारीख-ए-यामिनी)।

सबसे रक्तरंजित अध्याय । ये आक्रमण हिंदू समाज के लिए कितने पीड़ादायी थे कि विल ड्यूरंट ने अपनी किताब Story of Civilization में इस घटना उल्लेख किया है और कहा है कि भारत पर मुस्लिम आक्रमण सबसे रक्तरंजित अध्याय है। इसके बाद भी इस कलंक को ढोते हुए कोई राष्ट्र स्वाभिमानी नहीं हो सकता। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने सोमनाथ पुनर्स्थापना के 75वें वर्ष और 1026 में सोमनाथ के विध्वंस के सहस्राब्दी वर्ष पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व मनाने का निर्णय लिया।

संयोग या दैवयोग । आज अयोध्या में श्रीराम लला विराजमान की प्राण-प्रतिष्ठा होने और धर्म ध्वजा स्थापित करने के बाद उत्तर प्रदेश से संसद में प्रतिनिधित्व करते हुए प्रधानमंत्री के रूप में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का श्रीगणेश 2026 में कर रहे हैं। मतलब यह कि भारत के इतिहास का एक काल चक्र पूर्ण हो गया है। इसके निमित्त मोदी बने हैं। इसे संयोग मानिए या दैव योग यह आपकी आस्था और विवेक पर निर्भर है। यह पर्व मानो मोदीजी के नेतृत्व में digital और AI की ओर बढ़ते देश की युवा पीढ़ी को यह संदेश दे रहा है कि 'Zen-Z के युवाओ जागो, पुनः नया युग आया है, भारत मां की शक्ति जगी है, धर्म ध्वजा लहराया है।'

(लेखक राज्यसभा सांसद और BJP के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं)

नजरिए का अंतर

- स्वतंत्रता के बाद दो दृष्टियों का हुआ टकराव
- सोमनाथ मंदिर पुनरुद्धार को लेकर था मतभेद
- नेहरू की गलत इतिहास दृष्टि से पटेल का विरोध

चीन की डंपिंग नीति



चीन का ट्रेड सरप्लस पिछले साल रेकॉर्ड 1.2 ट्रिलियन डॉलर रहा। निर्यात बढ़ाने के लिए चीन ने अपनी मुद्रा युआन को भी कमजोर कर दिया, कीमतें कम की हैं। चीन की इस रणनीति से दूसरे देशों को नुकसान हो रहा।

1 अमेरिका से होड़
चीन अपना सस्ता सामान कई देशों में डंप कर रहा है। मकसद है अपने सामानों की बिक्री के लिए अमेरिकी बाजार पर निर्भरता घटाना और दूसरे मार्केट में जगह बनाना। इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा।

2 कई देशों को नुकसान
चीन की इस रणनीति से उसके प्रतिस्पर्धी देशों - फ्रांस, जर्मनी और जापान को नुकसान उठाना पड़ रहा है। पूर्वी यूरोप और अफ्रीका को भी सस्ते चीनी आइटम से होड़ मुश्किल हो रही।

3 भारत पर असर
GDP में मैन्युफैक्चरिंग की हिस्सेदारी घटकर लगभग 14% रह गई है। भारत ने चीन से होने वाले डंपिंग की जांच के बाद कैमिकल्स, इलेक्ट्रिकल स्टील्स समेत कुछ उद्योगों में कड़े शुल्क लगा दिए हैं।

4 कई जगह जांच
दूसरे देशों ने भी चीन की रणनीति के खिलाफ जवाबी शुल्क का रास्ता अपनाया है। डंपिंग को लेकर 120 से अधिक व्यापार जांच चल रही है। जापान, कनाडा, मैक्सिको और थाईलैंड ने टैरिफ लगाना शुरू किया है।

5 मेड इन यूरोप
यूरोप में चीन पेंट, प्लास्टिक, पेपर, टेक और ऑटो इंडस्ट्री में इस्तेमाल होने वाली चीजें डंप कर रहा है। इसके लिए यूरोपीय संघ अब 'मेड इन यूरोप' जैसे नियमों पर विचार कर रहा।

प्रस्तुति: अभिषेक मिश्रा

आज लेखक जल्दी में हैं, इसलिए गुणवत्ता घटी

हिंदी साहित्य की सबसे चर्चित और बेबाक लेखिकाओं में शामिल मैत्रेयी पुष्पा अपने साहसी लेखन और ग्रामीण जीवन के सजीव चित्रण के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने सभी विधाओं में सशक्त लेखन किया है। इनको साहित्य सम्मान सहित अनेक पुरस्कारों से सम्मानित मैत्रेयी पुष्पा से संध्या रानी ने बातचीत की। प्रस्तुत हैं मुख्य अंश:

■ पिछले दशक में हिंदी साहित्य में कई बदलाव देखने को मिले। इन बदलावों को लेकर साहित्य जगत में काफी गहमागहमी भी रही। आप इस पर क्या कहेंगी?

समय के साथ बदलाव आता है। प्रेमचंद ने जैसा लिखा है, वैसा आज नहीं लिखा जा रहा। आज के लेखक शॉर्टकट अपना रहे हैं। वे जल्दबाजी में लिखना और फिर उसे छपवाना चाहते हैं। इतना ही नहीं वे जल्दी प्रसिद्धि और शोहरत कमाना चाहते हैं। यही कारण है कि लेखन की गुणवत्ता धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है।

■ आज के लेखक प्रचार को लेकर भी काफी सक्रिय दिखाई देते हैं। ऐसा क्यों?

हां, ऐसा हो रहा है। इसके लिए फेसबुक को अच्छा माध्यम बनाया गया है। इसका फायदा यह है कि जो बातें आप कहना चाहते हैं, वे आसानी से लोगों तक पहुंच जाती हैं। लेकिन इसका नुकसान यह है कि वहां लिखी गई चीजों को कोई संपादित नहीं करता है।

■ कुछ समय पहले पुरस्कार वापसी का सिलसिला चला था। इस पर आप क्या कहेंगी?

सबसे बड़ी बात है कि अगर पुरस्कार लौटाना ही रहता है, तो उसे स्वीकार ही क्यों किया जाता है। उस वक्त ही मना कर देना चाहिए। एक नामी लेखक ने जब अपना पुरस्कार वापस किया तो उनकी देखा-देखी कई लोग ऐसा करने लगे। कुछ लोगों ने तो सच में पुरस्कार वापस कर दिया। मगर, कई इसी उधेड़बुन में रहे कि वापस करें या न करें।

■ आपने ग्रामीण परिवेश, समाज और खेती को काफी करीब से देखा है। क्या आप किसी ऐसे अनुभव पर लिखना चाह रही हैं?

आज का किसान पहले जैसा नहीं रह गया है। आज किसान अनपढ़ नहीं है, जिसे कोई आसानी से फुसला सके। आज के किसान पढ़-लिख गए हैं और अपने अधिकारों को बखूबी समझ रहे हैं। धोती-कुर्ता की जगह अब वे भी जींस पहनने लगे हैं। उन्हें दुनिया-जहान की पूरी जानकारी रहती है। आज किसानी का तरीका भी बदल गया है। हल की जगह ट्रैक्टर से खेत जोते जा रहे हैं। अब तो मजदूर भी खुद से अपनी मजदूरी तय कर रहा है। आज के मजदूरों से आप जबरन काम नहीं करवा सकते हैं। प्रेमचंद के जमाने का घीसू और माधव जैसा किसान अब इतिहास है।

सप्ताह का इंटरव्यू

मैत्रेयी पुष्पा

■ क्या आज भी आपका मन गांव की स्मृति में खोया रहता है?

लोकगीतों से बहुत ताकत मिलती है। मेरी दादी खूब गीत गाती थीं। वह मुझसे भी कहती थीं कि सीख लो और ससुराल में गाना। मैंने एक उपन्यास में भी दादी के गीतों को लिखकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही मेरी कलावती चाची के जीवन से प्रेरित होकर भी मैंने एक कहानी लिखी है। हमारे गांव में एक काफी सुंदर बहू थी, लेकिन उसका पति कुरूप था। उस रिश्ते पर भी मैंने एक कहानी लिखी थी।

■ आप स्त्री लेखन के लिए प्रसिद्ध हैं, लेकिन आप खुद को किस रूप में देखती हैं?

> **आज प्रेमचंद की तरह नहीं लिखा जा रहा है। समय के साथ काफी बदलाव आया है। आज के लेखक शॉर्टकट अपना रहे हैं। इसके साथ उनकी इच्छा जल्दी प्रसिद्धि पाने और शोहरत कमाने की रहती है। यही कारण है कि लेखन की गुणवत्ता धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है।**

मुझे जो जरूरी लगा और जिसे समाज में लाना मैंने जरूरी समझा उसी पर लिखा। अक्सर मुझ पर आक्षेप लगाया जाता है कि मैं गांव की औरतों का पक्ष लेती हूं। मगर, सचाई है कि मैंने कभी उनका पक्ष नहीं लिया, बल्कि हमेशा उनका उदाहरण दिया है। ग्रामीण औरतों में जो साफगोई और निर्भीकता है, वह किसी और में नहीं है।

■ आपको सामाजिक रूढ़ियों पर प्रहार करने वाली लेखिका भी कहा जाता है। क्या ये आपकी लेखकीय चेतना का स्वाभाविक हिस्सा है?

जब मैं छोटी थी, तो अपने सामने हो रहे गलत को देखती थी। लेकिन, तब समझ नहीं पाती थी। जैसे-जैसे बड़ी हुई, समझदारी बढ़ी, तब मैंने अपने लेखन के जरिये उसका विरोध किया।

■ इन दिनों क्या लिख-पढ़ रही हैं?

डॉक्टर साहब के जाने के बाद (पति के निधन) मेरी कलम ठहर गई है, क्योंकि जो भी मैं लिखती थी, सबसे पहले डॉक्टर साहब को ही सुनाती थी।

■ क्या कोई ऐसा सपना या लक्ष्य है, जिसे आप पूरा करना चाहती हैं?

जीवन में बहुत सी बातें होती हैं, लेकिन हम सब कुछ नहीं लिख सकते। किसी भी तरह के लेखन के लिए कहानी की मांग जरूरी होती है। महज लंबा लिख देने से कुछ नहीं होता है। पाठक तक वही कहानी पहुंचती है, जो उन्हें बांधकर रख सके। जिस व्यक्ति को कहानी या उपन्यास काटना, छांटना और जरूरत के अनुसार जोड़ना आ जाता है वह सही मायने में लेखक बन जाता है।

www.nbt.in

पाउच में मिला वह ख़ास प्रसाद

पिछले दिनों आदि कैलाश और ओम पर्वत दर्शन का सुअवसर मिला। पिथौरागढ़ के धारचूला से चलकर हम बर्फीली वादियों, ग्लेशियर और रेत की तरह बिखरी बर्फ की सफेद चादरों के बीच पहुंचे। कंपकंपाती सनसनाती हवाओं ने स्वागत किया। हाथ-पैर सुन्न हो गए थे। लेकिन आदि कैलाश पर्वत के रूप में भोलेनाथ के दर्शन से मन भावुक हो उठा। दंडवत, प्रणाम और सेल्फी का दौर चला। वहां से और भी ऊंचाई पर गौरीकुंड जाने के लिए दो किलोमीटर की फिसलन और ढलान वाली संकरी पगडंडी है।

फिसलन से बचते हुए हम एकदम ऊपर पहुंच गए। सख्त बर्फ जमी हुई थी। आदि कैलाश के एकदम समीप से दर्शन हो रहे थे। बर्फीले सुनसान में वाकई ऑक्सिजन की कमी महसूस हो रही थी। सारी उंगलियां सुन्न थीं। शरीर थोड़ा सा अकड़ गया था। बोला भी नहीं जा रहा था। लेकिन वहां तक पहुंचने की खुशी और उत्साह में आत्मविश्वास, गर्व और संतुष्टि के अद्भुत सकारात्मक भाव उमड़ते रहे। युवा साथी पवन सोनार भी हमारे साथ था। वह हमसे कुछ आगे तक गया। उसने झुक कर भोलेनाथ को प्रणाम किया। लगभग डेढ़ घंटे में हम बर्फीली पहाड़ी से नीचे आ गए। अंधेरा हो गया था।

खुद अपनी आंख से

शैलेन्द्र श्रीवास्तव

ठिठुरते हुए हम होमस्टे तक पहुंचे और अलाव की आंच में हाथ-पांव सेंकने लगे। तभी पवन सोनार ने बताया कि पैसों वाला पाउच नहीं मिल रहा है। सुनते ही सबके होश उड़ गए। पिकनिक के सारे पैसे उसी पाउच में थे। रकम बड़ी थी। फौरन खोज और पूछताछ शुरू हुई। कहां गिर गया? जीप में तो नहीं छूटा? कुछ पता नहीं चल रहा था। आखिरकार सभी निराश होकर बैठ गए। मन में तरह-तरह के विचार आ रहे थे। कहीं अनजाने में हमसे हुई किसी किसी गलती से भगवान नाराज तो नहीं। तभी अचानक रोशन के मोबाइल के एक विडियो में पवन सोनार पाउच को आदि कैलाश के समीप बर्फीली जमीन पर रखता हुआ दिखा। अब वहां फिर जाकर ढूंढने की नई चुनौती थी। अगली सुबह छह बजे कंपकंपाती ठंड में पवन सोनार और पवन चव्हाण फिर से आदि कैलाश की ओर रवाना हुए। हम बाकी 16 लोग गुंजी होते हुए ओम पर्वत के दर्शन को निकल गए। करीब एक बजे हम ओम पर्वत देखकर गुंजी लौटे। मोबाइल की रेंज मिल चुकी थी। संदेश आया कि वह पाउच आदि कैलाश के पास सही-सलामत मिल गया है।

सबने कहा कि भगवान नाराज नहीं, बल्कि खुश है। उन्होंने रकम थोड़ी देर अपने पास रखकर प्रसाद के रूप में वापस लौटा दिया है। सबने अपने पास से रुपये दिए और पाउच का वह प्रसाद आपस में बांट लिया। हमें भी मिला है वह प्रसाद, जिसे हमने आदि कैलाश का आशीर्वाद मान संजो रखा है।

चलते-चलते...

माना जाता है कि सोशल मीडिया या विडियो गेम पर ज्यादा समय बिताने से किशोरों में अवसाद और चिंता जैसी मानसिक समस्याएं पैदा हो सकती हैं, लेकिन यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर के शोधकर्ताओं ने इसे खारिज किया है। स्टडी के मुताबिक, समस्या स्क्रीन टाइम नहीं, बल्कि ऑनलाइन क्या देखते हैं - यह है।

रीडर्स मेल

▸ एजेंसियों की विश्वसनीयता

16 जनवरी का संपादकीय 'टकराव पर सवाल' पढ़ा। पश्चिम बंगाल का यह मामला केवल I-PAC या किसी एक राजनीतिक दल तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत की संघीय व्यवस्था और जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। सुप्रीम कोर्ट की अब तक की टिप्पणियां यह संकेत देती हैं कि मामला एकतरफा नहीं है और दोनों पक्षों की भूमिका की निष्पक्ष जांच जरूरी है। एक ओर अगर राज्य पुलिस पर केंद्रीय एजेंसी की जांच में दखल का आरोप है, तो दूसरी ओर ईडी की कार्रवाई की टाइमिंग भी संदेह से परे नहीं कही जा सकती। लोकतंत्र में जांच एजेंसियों की सबसे बड़ी पूंजी उनकी विश्वसनीयता होती है। यदि उनके कामकाज से राजनीतिक प्रभाव का आभास मिलता है, तो जनता का भरोसा कमजोर पड़ता है। निश्चित रूप से यह मामला सुधार की मांग करता है।

प्रतीक नागर, नोएडा

▸ जिम्मेदारी के साथ सुरक्षा मिले

यह पत्र 16 जनवरी के लेख 'सिर्फ टैगलाइन ही बदलेगी, हालात नहीं' से संबंधित है। गिग वर्कर्स की स्थिति सचमुच चिंताजनक है। समय पर डिलिवरी करना उनकी योग्यता और काम करने की क्षमता से जुड़ा हुआ है। स्वाभाविक ही उन पर जल्दी कस्टमर तक पहुंचने का दबाव रहता है। असल सवाल जवाबदेही का है। देरी होने पर ग्राहक भी नाराज हो जाते हैं। दूसरी बात यह कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन भारत में एक व्यापक समस्या है। इसे सिर्फ क्विक कॉमर्स से जोड़ना सही नहीं। सरकार को विज्ञापनों पर रोक लगाने के बजाय कानून लागू करने, बुनियादी ढांचा सुधारने और पुलिस की जिम्मेदारी तय करने पर फोकस करना चाहिए। स्लोगन हटा लेने भर से ही समस्या का समाधान नहीं होने वाला है। एक संतुलित व्यवस्था बनाने की जरूरत है।

मृदुला रावत, ईमेल से

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH13 User: rajesh.mishra Time: 01-16-2026 22:56 Color:

NBT GOOD न्यूज़

खुशी देती है एक्सरसाइज़

रिसर्च से साबित हुआ है कि नियमित कसरत खुशी बढ़ाती है। एक्सरसाइज करने से मस्तिष्क में एंडोर्फिन का स्राव होता है, जो तनाव घटाता है और मूड सुधारता है।

विचार

खुशी आराम और सुविधा से नहीं, स्वयंके प्रयास से जन्म लेती है। जब व्यक्ति किसी योग्य उद्देश्य के लिए परिश्रम करता है, कुनीतियों से भयभीत होने के बजाय स्वीकार करता है और भीतर की शक्ति को पहचानता है, तब जीवन सशक्त सौभर जाता है। संघर्ष से मिली उपलब्धि और श्रमसम्मान से उपजा आनंद ही सच्ची खुशी है।

-थियोडोर रूजवेल्ट
(Theodore Roosevelt)

ज़रा हंस लें



बॉस: हमारी कंपनी में वही टिक सकता है जो काम को अपना घर समझे। **बंटू:** ठीक है सर, तो फिर मुझे आज के बाद टोकना मत... **बॉस:** क्यों? **बंटू:** क्योंकि घर में मैं किसी की नहीं सुनता!

कविता

पापा परदेश में

बचपन में सुन करते थे,
पापा परदेश में है।
वह त्योहारों पर मिठाई
और रंग लेकर आएंगे।
बहन की शादी में,
रंग बिरंगे जूते कपड़े लाएंगे।
ठंडी में भी वह गणतंत्र दिवस
के बाद आएंगे।
उदास मन के चेहरे को
बस वह देखा करते।
चिट्ठी में लिखी हर लफ्ज को
वह अपना मानती।
बस वक्त और साल बदले है,
मोबाइल हाथ में है।
पर आज भी वही सुनती है,
पापा परदेश में है।
साथ में पापा का प्यार
विडियो कॉल में नजर आता है।
हंसते है, कहते है, रखो फोन,
बस दिखाओ मम्मी किधर है।

-जानू नागर, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ अपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

अलजेब्रा और इतिहास पढ़ा रहे खेलों से, 'लर्निंग विदाउट लेसन' का नया मॉडल

बोर्ड गेम्स ने फिर से जोड़ा शहर

Niyati.Parikh@timesofindia.com

अहमदाबाद में सीखने, काम करने और खेलने का तरीका बदल रहा है

■ **अहमदाबाद:** करीब 10 साल पहले अहमदाबाद के कैफे की अलमारियों पर सजे बोर्ड गेम्स के डिब्बे सिर्फ सजावट का सामान लगते थे। लोग कॉफी पीने आते थे, लेकिन उन डिब्बों को कम ही खोलते थे। फिर 2016 के आसपास कुछ लोगों ने हर मंगलवार को कैफे में गेम खेलना शुरू किया। जो सिलसिला एक छोटी सी मुलाकात से शुरू हुआ था, वह आज बड़ा आंदोलन बन चुका है जो अहमदाबाद के सीखने, काम करने और खेलने के तरीके को बदल रहा है।

आज यह बोर्ड गेम्स क्लासरूम से ऑफिस के बोर्डरूम तक पहुंच गए हैं। शहर के स्कूलों में शिक्षक अब अलजेब्रा और इतिहास पढ़ाने के लिए इन गेम्स का सहारा ले रहे हैं, तो वहीं B-Schools के प्रोफेसर मैनेजमेंट और नेगोशिएशन की बारीकियां समझाने के लिए बोर्ड गेम्स का इस्तेमाल कर रहे हैं।

हाल ही में हुए 'अनबॉक्स्ड गेम फेस्ट' में 700 से ज्यादा लोगों की भीड़ यह बताने के लिए काफी थी कि यह कल्चर अब मैथेर हो रहा है। स्कूल के बच्चे 'गेम वॉच' बने नजर आए, तो यूनिवर्सिटी के छात्रों ने क्षेत्रीय संस्कृति पर आधारित खुद के बनाए गेम्स दिखाए। CEPT यूनिवर्सिटी में तो छात्र अब ऐसे गेम्स डिजाइन कर रहे हैं जो कल्चर से जुड़े हैं। इसे 'लर्निंग विदाउट लेसन' कहा जा रहा है, जहां समीकरण हल करना सीखे जाते हैं।

स्क्रीन से दूरी और परिवार के करीब

बोर्ड हेतु सुदर्शन बताते हैं कि उन्होंने बच्चों का स्क्रीन टाइम कम करने के लिए बोर्ड गेम्स की शुरुआत की। पहियों पर आधारित एक गेम खेलने के बाद उनका 10 साल का बेटा असली घोड़ियों को पहचानने लगा। अब शुक्रवार की रात फिल्म देखने के बजाय पूरा परिवार बोर्ड गेम्स खेलता है।

हर साल छात्र केस स्टडीज को कम ध्यान से पढ़ रहे हैं। मैंने कुछ केसेज की जगह गेम्स को शामिल किया है। अब छात्र खेल-खेल में ही मैनेजमेंट के सिद्धांतों को बेहतर ढंग से सीख और लागू कर पा रहे हैं। - **शोभित अग्रवाल (प्रोफेसर, IIM उदयपुर)**

हम रोजमर्रा की जिंदगी से आईडिया लेते हैं। हमारा जोर गेम्स को विजुअल कम्युनिकेशन के टूल के रूप में इस्तेमाल करने पर है। - **जय ठक्कर (प्रोफेसर, CEPT यूनिवर्सिटी)**

दो घंटे के गेम में सब सामने आ जाता है। कॉर्पोरेट के लिए यह किसी भी रटे-रटाए टीम-बिल्डिंग एक्सरसाइज से ज्यादा ताकतवर है। - **श्रद्धा जैन (गेम एक्जुकेटर)**

NBT जन्मदिन मुबारक

जावेद अख्तर

जावेद अख्तर का जन्म 17 जनवरी 1945 को ग्वालियर में हुआ। वह फिल्मों में मशहूर होने से पहले एक असिस्टेंट और क्लैप बॉय के रूप में काम करते थे फिर सलीम-जावेद की जोड़ी के रूप में पटकथा लेखन की दुनिया में आए। वह 5 बार नेशनल फिल्म अवॉर्ड विजेता रहे और पद्म भूषण से भी सम्मानित हो चुके हैं।

तुषार गांधी

तुषार गांधी का जन्म 17 जनवरी 1960 को मुंबई-कोलकाता ट्रेन में हुआ। वह व्यवसायी बनना चाहते थे, लेकिन अपने परदादा महात्मा गांधी के आदर्शों के प्रभाव में आकर लेखन की दुनिया में आए। वह महात्मा गांधी फाउंडेशन के अध्यक्ष और 'लेट्स किल गांधी' जैसी चर्चित पुस्तक के लेखक भी रहे।

अली अब्बास जफर

अली अब्बास जफर का जन्म 17 जनवरी 1982 को देहरादून में हुआ। वह फिल्म निर्देशन में आने से पहले कई बड़े बैनर्स के साथ बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम करते थे और शुरू में एक शिक्षक बनना चाहते थे। वह 'सुल्तान' और 'टाइगर जिंदा है' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के निर्देशक रहे हैं।

रसिका दुग्गल

रसिका दुग्गल का जन्म 17 जनवरी 1985 को जमशेदपुर में हुआ। वह अभिनय में आने से पहले सोशल कम्युनिकेशन मीडिया की पढ़ाई कर रही थीं, लेकिन फिर वो FTII से पढ़कर एक्टिंग की दुनिया में आईं। वह 'मिर्जापुर' और 'दिल्ली क्राइम' जैसी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित वेब सीरीज का हिस्सा रही हैं।

पेड़ों पर उतरती नन्ही धुन

जंगल में पेड़ से चिपका स्नैक रम्फ फ्लेमबैक लाल कलगी सलाए जैसे लिख रहा हो कविता। सुनहरी पंख चमकते है, लकड़ी बोल उठती है और हर ठक-ठक में जंगल की अनसुनी कहानी गूंजती नजर आती है।

खुदाई में मिला खज़ाना, बच्चे ने सौंपा सरकार को

Sangamesh.Menasinakai@timesofindia.com

■ **कर्नाटक:** कहते हैं ईमानदारी सबसे बड़ा धन होती है। मदन तालुक के ऐतिहासिक गांव लक्कुंडी में आठवीं कक्षा के छात्र 14 साल के पज्जल बसवराज रिट्टी ने इसे सच कर दिखाया। मजदूरी करने वाली विधवा मां गंगव्वा रिट्टी घर बनाने के लिए जमीन की खुदाई करवा रही थीं। करीब पांच फीट गहराई में एक बर्तन मिला, जिसमें सोने के गहने, तांबे और कीमती पत्थरों से बने पुराने सामान थे।

करीब 466 ग्राम सोने के गहने और 634 ग्राम तांबे की वस्तुएं मिलने के बावजूद प्रजल ने खजाना पूजा कक्ष में सुरक्षित रखकर पूरा सामान मदन जिला प्रशासन को सौंप दिया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा, 'इस बच्चे की ईमानदारी किसी भी खजाने से बड़ी है।' कानून मंत्री एच.के. पाटिल ने भी परिवार से मुलाकात की। सरकार खजाने की कीमत का करीब 20 प्रसेंट मुआवजा देने पर विचार कर रही है। गंगव्वा रिट्टी ने घर निर्माण की अनुमति और बेटे के लिए सरकारी नौकरी व आर्थिक मदद की मांग की है।

मजदूर मां का बेटा बन गया गांव में मिसाल

प्रशासन की जांच में बाद में और भी पुरानी वस्तुएं मिलीं, जिन्हें सरकार को सौंप दिया गया। जानकारों के मुताबिक ये वस्तुएं सौ साल से भी ज्यादा पुरानी हैं। इनमें सोने की चूड़ियां, अंगूठियां, कंगन, भारी हार, मोती, मूंगा, नीलम और अन्य कीमती पत्थर शामिल हैं।

सोना मिला, ईमानदारी रही कायम

खजाने को लेकर विवाद भी हुआ। एएसआई के एक अधिकारी ने इसे परिवार को देने की बात कही थी, लेकिन राज्य पुरातत्व विभाग ने सफर किया कि जमीन के नीचे मिलने वाली हर ऐतिहासिक वस्तु सरकारी संपत्ति है। लक्कुंडी गांव में पहले भी लोग धोखेबाज सरकार को सौंपते रहे हैं। अब प्रजल की ईमानदारी इसे और मजबूत कर रही है।

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

बजट के दिन शेयर बाज़ार खुला रहेगा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** शेयर बाजार आमतौर पर शनिवार और रविवार को बंद रहता है। लेकिन इस बार 1 फरवरी को रविवार होने के बावजूद बाजार खुला रहेगा। NSE और BSE ने शुक्रवार को बताया कि ये 1 फरवरी (रविवार) को 'लाइव ट्रेडिंग' करेंगे। इस दिन केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन देश का आम बजट पेश करेंगी।

टाइगर ग्लोबल से होगी टैक्स वसूली

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** इनकम टैक्स विभाग अब टाइगर ग्लोबल कंपनी मामले में टैक्स वसूलने की प्रक्रिया को पूरा करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने टैक्स विभाग के पक्ष में फैसला सुनाते हुए साफ कर दिया है कि टाइगर ग्लोबल को अपनी 14,500 करोड़ रुपये की कमाई पर भारत ने टैक्स देना होगा। यह मामला 2018 में हुई फ्लिपकार्ट और वॉलमार्ट की बड़ी डील से जुड़ा है।

'बीज बिल से किसानों की रक्षा'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बीज विधेयक के मसौदे को लेकर उठ रहे सवालों को खारिज करते हुए शुक्रवार को कहा कि इसमें किसानों के हितों की रक्षा के प्रावधान हैं। उन्होंने कहा कि जहां नकली बीज बेचने वाली कंपनियों पर सख्त कार्रवाई के नियमों का प्रस्ताव इसमें है, वहीं किसान परंपरागत तरीके से आपस में बीजों का जो आदान-प्रदान करते रहे हैं, उस पर कोई रोकटोक नहीं होगी।

'ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट को मिलेगा बढ़ावा'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेज एंड कस्टम्स ने शुक्रवार को कहा कि ड्यूटी ड्रॉबैक और RoDTP जैसी निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं का लाभ 15 जनवरी से पोस्टल शिपमेंट्स में भी मिलेगा। FIEO के प्रेसिडेंट एस.सी. रल्हन ने कहा, इससे MSME और ई-कॉमर्स एक्सपोर्टर्स को सहूलियत होगी।

अब फीस और टैक्स को अलग-अलग बताएंगे MF

SEBI लाया BER फॉर्म्युला, निवेशकों की होगी बचत

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** बाजार नियामक सेबी (Sebi) ने म्यूचुअल फंड के नियमों में बड़े बदलावों का ऐलान किया है। सेबी ने खर्चों को दिखाने के लिए बेस एक्सपेंस रेशियो (BER) का नया तरीका पेश किया है। अब फंड हाउस को मैनेजमेंट फीस और सरकार को जाने वाले टैक्स (GST और STT) को अलग-अलग दिखाना होगा। इससे निवेशकों को साफ-साफ पता चलेगा कि उनका कितना पैसा फंड चलाने में खर्च हो रहा है और कितना टैक्स में जा रहा है। अभी तक फंड हाउस टोटल एक्सपेंस रेशियो (TER) के नाम पर सारा खर्च एक साथ दिखाते थे। ये नए नियम 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे।

सेबी ने साफ कर दिया है कि म्यूचुअल फंड स्कीम के सभी खर्चे स्कीम से ही दिए जाने चाहिए और उनकी एक तय सीमा होगी। अगर फंड चलाने का खर्च सेबी द्वारा तय की गई सीमा से ज्यादा होता है, तो वह एक्स्ट्रा पैसा निवेशकों की जेब से नहीं, बल्कि असेट मैनेजमेंट कंपनी (AMC) को अपनी जेब से देना होगा।

शेयरों की खरीद-फरोख्त पर लगने वाले ब्रोकरेज चार्ज को भी सेबी ने घटा दिया है। कैश मार्केट के लिए इसे 0.12% से घटाकर 0.06% और डेरिवेटिव्स के लिए 0.05% से घटाकर 0.02% कर दिया गया है। 2018 में शुरू किया गया 0.05% का अतिरिक्त एग्जैक्ट लोड भी अब खत्म कर दिया गया है।

सेबी का प्रस्ताव, बार-बार डॉक्युमेंट्स देने से मिलेगी निजात

सेबी ने शुक्रवार को एक प्रस्ताव पेश किया, जिसका मकसद ग्राहकों के लिए खाता खोलने की प्रक्रिया को सरल बनाना और केवाईसी रजिस्ट्रेशन एजेंसियों (KRAs) के रिस्क मैनेजमेंट सिस्टम को मजबूत करना है। सेबी का प्रस्ताव है कि ग्राहकों द्वारा दी जाने वाली अतिरिक्त जानकारियों को अब KRA के पास एक ही जगह सेंट्रलाइज किया जाएगा। इसका फायदा यह होगा कि निवेशकों को अलग-अलग ब्रोकरों या संस्थानों के पास जाने पर बार-बार वही जानकारी नहीं देनी पड़ेगी। सेबी ने बार-बार होने वाली वेरिफिकेशन को भी कम करने का सुझाव दिया है। आधार से लिंक मोबाइल नंबर और अपडेटेड पैन-आधार होने पर अलग से वेरिफिकेशन या सबूत की जरूरत नहीं होगी। वहीं, भारत में 182 दिनों से ज्यादा समय से रहने वाले OCI कार्ड धारकों के लिए विदेशी एड्रेस देना जरूरी नहीं होगा।

FPIs के लिए नियम आसान

विदेशी निवेशकों (FPIs) को लुभाने के लिए सेबी ने 'SWAGAT-FI' सिस्टम के तहत नियमों को बेहद आसान कर दिया है। अब विदेशी निवेशकों को अलग-अलग श्रेणियों में रजिस्ट्रेशन के लिए अलग-अलग फॉर्म नहीं भरने होंगे। रजिस्ट्रेशन और केवाईसी की वैधता को 5 साल से बढ़ाकर 10 साल कर दिया गया है। यह बदलाव जून 2026 से लागू होगा।

लेबर कोड में गिग वर्कर्स के लिए नरम होंगे नियम!

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** लेबर कोड में गिग वर्कर्स को सोशल सिक्योरिटी बेनेफिट्स देने के लिए जिन शर्तों का प्रस्ताव किया गया है, उन्हें नरम बनाया जा सकता है। इनमें गिग वर्कर्स के लिए साल में एक एग्रीगेटर के पास कम से कम 90 दिन काम करने की शर्त प्रस्तावित है। श्रम मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि नियम में ढील दी जा सकती है।

मंत्रालय ने 31 दिसंबर को सोशल सिक्योरिटी कोड सहित चारों लेबर कोड के मसौदा नियम प्री-पब्लिश किए थे और सार्वजनिक प्रतिक्रिया लेने के लिए 45 दिनों का समय तय किया था। इसमें कहा गया है कि एक एग्रीगेटर के पास साल में कम से कम 90 दिन और कई एग्रीगेटर के मामले में कम से कम 120 दिन काम करने वालों को सोशल सिक्योरिटी बेनेफिट मिलेंगे। गिग वर्कर एक ही दिन में 2 प्लैटफॉर्म्स के लिए काम करे तो उसे दो दिन का काम गिना जाएगा।

सोशल सिक्योरिटी बेनेफिट के लिए एक प्लैटफॉर्म पर मिनिमम 90 के बजाय 60 दिन काम की सीमा हो सकती है

हालांकि इंडियन फेडरेशन ऑफ ऐप बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स (IFAT) के नैशनल जनरल सेक्रेटरी शेख सलाउद्दीन ने NBT से कहा, 'जोमाटो के दीपिंदर गोयल ने पिछले दिनों पूरी जिम्मेदारी से कहा था कि उनके यहां गिग वर्कर्स साल में अमूमन 30-35 दिन काम करते हैं। दूसरे के यहां भी ऐसा ही हाल हो सकता है। सरकार को रियल टाइम डेटा मैच करना चाहिए और 90 दिनों की सीमा पर विचार करना चाहिए।'

गिग वर्कर्स की हड़ताल के मद्देनजर जोमाटो के CEO गोयल ने 3 जनवरी को कहा था, '2025 में जोमाटो पर हेवीज डिलीवरी पार्टनर ने साल में 35 दिन काम किया। केवल 2.3% पार्टनर्स ने साल में 250 दिन से ज्यादा काम किया। गिग रोल्स के लिए PF या गारंटीड सैलरी जैसे फुल टाइम एंप्लॉयी बेनेफिट इस मॉडल के साथ फिट नहीं होते।'

मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया, '90 दिनों की लिमिट अभी प्रस्ताव के रूप में है। संबंधित पक्षों की प्रतिक्रियाएं मिलने के बाद जरूरी हुआ तो फाइनल रूल्स में इसे घटाकर 60 दिन किया जा सकता है।'

पॉजिटिव बदलाव की ओर बढ़े कदम

इकॉनमी के बदलते स्वरूप में गिग वर्क तेजी से बढ़ रहा है और नीति आयोग के मुताबिक, साल 2029-30 तक गिग वर्कर्स की संख्या 2.35 करोड़ हो सकती है। ऐसे आधा हिस्से के लिए आधार लिंक्ड यूनिवर्सल अकाउंट नंबर के जरिए PF सहित सोशल सिक्योरिटी के इंतजाम की ओर बढ़ना एक सकारात्मक बदलाव है। लेबर कोड के मुताबिक, एग्रीगेटर्स को सालाना टर्नओवर का 1-2% तक इन वर्कर्स की सोशल सिक्योरिटी के लिए देना होगा।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

RBI ने शिकायतों के निपटारे के लिए जारी किए नए नियम

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने शुक्रवार को अपनी एकीकृत लोकपाल योजना 2026' का नया और बेहतर वर्जन जारी किया है। इस योजना का मकसद बैंक और वित्तीय संस्थानों के ग्राहकों की शिकायतों को और भी तेजी से दूर करना है। आरबीआई के ये नए नियम 1 जुलाई 2026 से लागू होंगे। लोकपाल के पास होने वाली सुनवाई फास्ट-ट्रैक किस्म की होगी। इसमें कागजी सबूतों और कानूनी बारीकियों के नाम पर मामले को लटकाया नहीं जाएगा। अगर शिकायतकर्ता को बैंक की गलती से कोई आर्थिक नुकसान होता है, तो लोकपाल 30 लाख रुपये तक का मुआवजा दिला सकता है। ग्राहक को मानसिक परेशानी देने पर हर्जाना दिलाया जा सकता है।

रिटेल में सुस्ती, पर जियो में रिलायंस को मज़बूती

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** दिग्गज कारोबारी मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज (RIL) ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के नतीजे घोषित किए। कंपनी का शुद्ध मुनाफा (नेट प्रॉफिट) पिछले साल के मुकाबले लगभग स्थिर रहा और यह 18,645 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। पिछले साल इसी दौरान यह 18,540 करोड़ रुपये था।

इसकी मुख्य वजह रिलायंस के रिटेल (खुदरा) कारोबार में आई सुस्ती रही, जिसने दूसरे सेक्टरों से हुए मुनाफे के असर को कम कर दिया। हालांकि, कंपनी के एनर्जी और डिजिटल (जियो) कारोबार ने अच्छा प्रदर्शन किया और मुनाफे को गिरने से बचा लिया। वहीं, इस दौरान कंपनी के कुल रेवेन्यू में 11 प्रतिशत का जोरदार उछाल देखा गया और यह 2.69 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गई। रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने कहा, रिलायंस अब एआई (AI) और न्यू एनर्जी के क्षेत्र में काम शुरू कर रही है, जिससे कंपनी की वैल्यू और बढ़ेगी। मुझे पूरा भरोसा है कि रिलायंस इन नई तकनीकों को भारत और पूरी दुनिया के लिए बड़े स्तर पर उपलब्ध कराने में अहम भूमिका निभाएगी।

JIO ने दिखाई दमदार ग्रोथ

रिलायंस इंडस्ट्रीज की टेलीकॉम इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स ने FY2025-26 की तीसरी तिमाही (Q3) में शानदार प्रदर्शन किया है। जियो का EBITDA सालाना आधार पर 16.4% बढ़कर 19,303 करोड़ रुपये हो गया, जबकि शुद्ध लाभ 11.2% बढ़कर 7,629 करोड़ रुपये रहा। तिमाही के दौरान जियो ने 89 लाख नए ग्राहक जोड़े और दिसंबर 2025 तक कंपनी का कुल सब्सक्राइबर बेस 51 करोड़ 53 लाख पहुंच गया। प्रति व्यक्ति डेटा खपत 40.7 जीबी प्रति माह रही, जबकि कुल डेटा ट्रैफिक सालाना आधार पर 34% बढ़कर 62.3 अरब जीबी पहुंच गया।

Wipro का लाभ 7% गिरा

आईटी सेक्टर की कंपनी Wipro ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के नतीजे जारी किए। इस तिमाही में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 7 प्रतिशत गिरकर 3,119 करोड़ रुपये रहा। वहीं, लगभग होटल चलाने वाली लीला पैलेस होटल्स एंड रिसॉर्ट्स का नेट प्रॉफिट 147.88 करोड़ रुपये रहा। टाटा टेक्नोलॉजीज का शुद्ध मुनाफा (PAT) 96% गिरकर 6.64 करोड़ रुपये रह गया है।

अब पेट्रोल स्कूटर की कीमत में ई-स्कूटर

Khalid.Amin@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** इलेक्ट्रिक टू-वीलर बाजार में अब एक साफ और मजबूत ट्रेंड बनता दिख रहा है। जो ई-स्कूटर कुछ साल पहले तक महंगे और सीमित ग्राहकों के लिए माने जाते थे, वे अब पेट्रोल स्कूटर की कीमत के आसपास आ गए हैं। 85 से 95 हजार रुपये की रेंज में बजाज, टीवीएस और हीरो मोटोकॉर्प जैसे बड़ी और स्थापित कंपनियों के किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर आना इस बात का संकेत है कि ईवी अब मेन स्ट्रीम की ओर तेजी से बढ़ सकती है।

हाल ही में बजाज ऑटो ने चेतक सीरीज का सबसे सस्ता मॉडल चेतक C25 01 करीब 91 हजार रुपये में लॉन्च किया है। टीवीएस और हीरो मोटोकॉर्प पहले से ही इसी रेंज में अपने किफायती ई-स्कूटर पेश कर चुके हैं। इसका सीधा मुकाबला अब पेट्रोल स्कूटर से हो रहा है, न कि सिर्फ दूसरे ई-स्कूटर से। ऑटो इंडस्ट्री से जुड़े जानकार मानते हैं कि यह कीमत का स्तर ईवी को तेजी से अपनाने में बड़ा रोल निभा सकता है। जब ग्राहक के सामने 90 हजार रुपये में पेट्रोल और इलेक्ट्रिक, दोनों का विकल्प हो, तो वह खर्च, मेंटेनेंस और भविष्य को देखकर फैसला करेगा। इस स्थिति में ई-स्कूटर ज्यादा मजबूत दावेदार बन जाता है, क्योंकि इसमें फ्यूल का खर्च के बराबर होता है और सर्विसिंग भी सस्ती पड़ती है।

बजाज चेतक C25 01 इसका एक ताजा उदाहरण है। कीमत को काबू में रखने के लिए इसमें कुछ प्रीमियम फीचर्स को सिंपल बनाया गया है, लेकिन जरूरी टेक्नोलॉजी और सेफ्टी पर समझौता नहीं किया गया। इसमें 2.5 kWh की बैटरी, 113 किमी की क्लेम्ड रेंज, एलईडी लाइट्स, 25 लीटर का स्टोरेज और बेसिक स्मार्ट फीचर्स दिए गए हैं।

यही सोच दूसरी कंपनियों में भी दिख रही है। टीवीएस अपने आईक्यूब के जरिए किफायती सेगमेंट में मजबूत मौजूदगी बना चुका है, जबकि हीरो मोटोकॉर्प ने VIDA सीरीज के दाम घटाकर मुकाबला और तेज कर दिया है।

हालांकि, चुनौतियां अभी भी हैं। चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर अभी हर जगह मजबूत नहीं है। बैटरी की लाइफ और रीसेल वैल्यू को लेकर भी ग्राहक अभी पूरी तरह श्योर नहीं हैं। लेकिन कीमत के स्तर पर जो बदलाव आया है, वह इन चिंताओं को काफी हद तक संतुलित कर रहा है। कुल मिलाकर, पेट्रोल स्कूटर की कीमत में इलेक्ट्रिक स्कूटर का आना इंडस्ट्री के लिए टर्निंग पॉइंट माना जा सकता है।

EU के साथ ट्रेड पर सुपर डील होगी: गोयल

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि यूरोपियन यूनियन के साथ होने वाला फ्री ट्रेड एग्रीमेंट अब तक किए गए तमाम व्यापार समझौतों से बड़ा होगा। उन्होंने कहा कि 'हमें सुपर डील मिलने जा रही है।' इस FTA पर अभी दोनों पक्षों में बातचीत चल रही है। गणतंत्र दिवस के मौके पर EU के टॉप लीडर्स मुख्य अतिथि के रूप में आ रहे हैं और 27 जनवरी को इंडिया-EU समिट में FTA का ऐलान हो सकता है। गोयल ने कहा कि उनके नेतृत्व में अब तक 7 व्यापार समझौते विकसित देशों के साथ किए गए हैं, लेकिन EU के साथ समझौता सबसे बड़ा होगा।

इंडियन प्रीमियर लीग में जैसे ही युवा खिलाड़ी इंटरनैशनल क्रिकेटर्स के साथ खेलने लगे और उनसे सीखने लगे, उनका खेल एक अलग ही स्तर पर पहुंच गया। आज देखिए कि भारतीय क्रिकेट में इतनी गहराई है। *-मार्क बाउचर, पूर्व विकेटकीपर, साउथ अफ्रीका*

200

रन के अंतर से हराया था न्यूजीलैंड ने भारत को साल 2010 में दांबुला में खेले गए वनडे मैच में। यह दोनों देशों के बीच हुए वनडे में किसी टीम की द्वारा रन के लिहाज से दर्ज की गई सबसे बड़ी जीत का रेकॉर्ड है। इस मैच में भारत 288 रन का पीछा करते हुए 88 रन पर आउट हो गया था

स्पोर्ट्स क्विज़ — QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. भारत और बांग्लादेश की अंडर-19 क्रिकेट टीमों के बीच कुल कितने मैच हुए हैं?
A) 28 B) 26 C) 18 D) 21

2. टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट 2026 में गुकेश पहले राउंड में किससे भिड़ेंगे?
A) आर प्रग्नानंदा B) जावोखिर सिंदारोव C) मैग्नस कार्लसन D) अर्जुन एरिगैसी

कल के जवाब
1. C) कुलावारे 2. A) मिशेल स्टार्क 3. A) फ्रांस

लकी WINNERS

1 आयुष सक्सेना, लखनऊ, यूपी

2 यशिका शर्मा, संत नगर, दिल्ली

3 पूजा नाथ, द्वारका, दिल्ली

4 शैलेंद्र सिंह, कांदिवली, मुंबई

5 मानवी ग्रोवर, फरीदाबाद

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

वेतन कटौती स्वीकारी

■ **नई दिल्ली:** भारतीय फुटबॉलर संदेश झिंगन समेत एफसी गोवा के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ ने आगामी इंडियन सुपर लीग (ISL) सीजन के लिए वेतन में कटौती स्वीकार कर ली है। क्लब ने इसे निस्वार्थ फैसला बताया। एफसी गोवा के खिलाड़ियों ने एकजुटता दिखाते हुए क्लब का साथ दिया।

बार्सिलोना टीम आगे बढ़ी

■ **मैड्रिड:** मौजूदा चैंपियन बार्सिलोना ने कोपा डेल रे में रेसिंग सैंटेंडर को 2-0 से हराकर क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश किया। फेरान टोरेस और लामिन यमाल ने बार्सिलोना के लिए गोल किए।

शैल्टन बाहर हुए

■ **ऑकलैंड:** अमेरिकी खिलाड़ी बेन शैल्टन को ऑकलैंड ओपन के क्वॉर्टर फाइनल में अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज के हाथों 7-5, 6-3 से हार झेलनी पड़ी।

स्पिन बोलिंग के मोर्चे पर कीवी टीम भारत से दिखी है बेहतर

फिरकी की रणनीति पर फोकस

■ **एजेंसियां, इंदौर:** भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ संडे को होने वाले तीसरे और निर्णायक वनडे इंटरनैशनल मैच के लिए अपने बोलिंग कॉम्बिनेशन पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है, क्योंकि पहले दो मैचों में उसके स्पिनर अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए। बैटर्स को भी मेहमान टीम के धीमी गति के बोलर्स के सामने संघर्ष करते हुए देखा गया। राजकोट में खेले गए दूसरे वनडे मैच में न्यूजीलैंड ने आसानी से जीत हासिल कर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली, जिसमें भारत की बीच के ओवर्स की कमजोरियां उजागर हो गईं। सीरीज का फैसला करने वाले मैच में भारत का फोकस फिरकी के मोर्चे पर अपनी रणनीति पर होगा। वैसे भारतीय टीम ने शुक्रवार को यहां अभ्यास नहीं किया, जबकि न्यूजीलैंड की टीम ने ऑप्शनल प्रैक्टिस सेशन होने के बावजूद जमकर पसीना बहाया।

कुलदीप का संघर्ष: सबसे अधिक संघर्ष कुलदीप यादव को करना पड़ा जो न्यूजीलैंड के बोलर्स के सामने ना तो कंट्रोल बना सके और ना ही विकेट लेने का खतरा पैदा कर सके। दूसरे वनडे मैच में सेंचुरी जड़ने वाले डेरिल मिचेल ने उनकी गेंदों पर आसानी से रन बटोरे। कुलदीप की 'लेंथ और लाइन' दोनों पर हमला किया गया, जिसमें विशेष रूप से मिचेल ने अपने पैरों का अच्छा इस्तेमाल करते हुए गेंद के टर्न को बेअसर किया और बीच के ओवर्स में भारतीय रणनीति को नाकाम कर दिया। कीवी बैटर्स ने उनकी गेंदों को बहुत प्रभावी ढंग से स्वीप किया। यह रणनीति उनके लिए टेस्ट मैचों में भी कारगर साबित हुई थी। भारत के स्पिनर बल्लेबाजों पर लगातार दबाव नहीं बना पाए। इसके विपरीत न्यूजीलैंड के स्पिनर्स ने भारतीय बैटर्स को खुलकर नहीं खेलने दिया।

बडोनी का विकल्प: राजकोट वनडे में वॉशिंगटन सुंदर की अनुपस्थिति निःसंदेह महसूस की गई। सुंदर चोटिल हैं और सीरीज से बाहर हो गए हैं। उनके स्थान पर इलेवन में शामिल किए गए नितीश कुमार रेड्डी ने केवल दो ओवर ही गेंदबाजी की। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए ऑफ स्पिन बोलिंग करने वाले आयुष बडोनी शायद रेड्डी की तुलना में बेहतर विकल्प साबित हो सकते हैं। बडोनी ने हालांकि लिस्ट-ए मैचों में ज्यादा बोलिंग नहीं की है। उनके नाम 27 लिस्ट-ए मैचों में 18 विकेट हैं। फर्स्ट क्लास के 21 मैचों में वह 22 विकेट ले चुके हैं। वह एक सरप्राइज पैकेज हो सकते हैं। साथ ही बैटिंग में भी योगदान देने में सक्षम हैं।

पेस अटैक में भी बदलाव संभव: भारतीय टीम मैनेजमेंट स्पिन बोलिंग से जुड़े जोखिमों को कम करने के लिए फास्ट बोलिंग अटैक को मजबूत करने पर भी विचार कर सकता है। यह देखना दिलचस्प होगा कि बाएं हाथ के बोलर अर्शदीप सिंह को मौका दिया जाता है या नहीं। अगर अर्शदीप को टीम में लिया जाता है तो प्रसिद्ध कृष्णा को बाहर होना पड़ेगा, लेकिन पिछले दो मैच में उनका प्रदर्शन खराब नहीं रहा है। प्रसिद्ध की बोलिंग की लेंथ उनके खिलाफ जा सकती है। उनकी स्वाभाविक लेंथ बैक ऑफ द लेंथ है, जिसका फायदा छोटे मैदानों पर उठाया जा सकता है, जबकि अर्शदीप अपनी फुल लेंथ बोलिंग से होलकर स्टेडियम में अधिक कारगर साबित हो सकते हैं। मोहम्मद सिराज निश्चित रूप से बोलिंग अटैक की अगुआई करेंगे, जबकि अंतिम कॉम्बिनेशन इस पर निर्भर कर सकता है कि क्या भारत एकमात्र स्पिन ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा मौजूदगी में एक अतिरिक्त पेसर का विकल्प चुनता है या नहीं।

भारत Vs न्यूजीलैंड
वनडे सीरीज, तीसरा मैच

पिछले पांच वनडे में कुलदीप

49 ओवर्स	321 रन खर्च
11 विकेट	6.55 इकॉनमी

193 विकेट हैं कुलदीप यादव के नाम 119 वनडे इंटरनैशनल मैचों में। उनकी इकॉनमी 5.06 है

भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव

श्रेयस, बिश्नोई को जगह

टी20 सीरीज

न्यूजीलैंड के खिलाफ 21 जनवरी से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में दो खिलाड़ी जोड़े गए हैं। ये खिलाड़ी चोटिल खिलाड़ियों की जगह लेंगे। रवि बिश्नोई और श्रेयस अय्यर को टीम में शामिल किया गया है। ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर की जगह स्पिनर रवि बिश्नोई को पूरी टी20 सीरीज के लिए चुना गया है। सुंदर को वडोदरा में सीरीज के पहले वनडे के दौरान पसलियों में खिंचाव की समस्या हुई थी। बिश्नोई ने अब तक 42 टी20 इंटरनैशनल मैचों में 61 विकेट झटके हैं। उधर, तिलक वर्मा के साइड स्ट्रेन के कारण बाहर होने पर श्रेयस अय्यर को पहले तीन टी20 मैचों के लिए टीम में जगह दी गई है। वॉशिंगटन अब रिकवरी के लिए बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस जाएंगे। टी20 सीरीज का पहला मुकाबला नागपुर में खेला जाएगा।

SOCIAL MEDIA

एक प्रैक्टिस सेशन के दौरान भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम

भारत का सामना आज बांग्लादेश से

अंडर-19 वर्ल्ड कप

■ **एजेंसियां, बुलावायो:** पहले मुकाबले में आत्मविश्वास से भरी जीत दर्ज करने के बाद भारतीय अंडर-19 टीम शनिवार को यहां ICC U-19 वर्ल्ड कप के अपने दूसरे ग्रुप मैच में बांग्लादेश के खिलाफ जीत की प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। बारिश से प्रभावित उद्घाटन मैच में अमेरिका को 107 रन पर समेटकर छह विकेट से मिली जीत ने आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली टीम का हौसला बढ़ाया है।

पेसर्स ने दिखाया दम: अमेरिका के खिलाफ मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन किया। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल ने सात ओवरों में 16 रन देकर पांच विकेट झटके और विपक्षी मध्यक्रम की कमर तोड़ दी। उनके अलावा दी दीपेश और अन्य तेज गेंदबाजों ने भी ओवरकास्ट परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाया। हालांकि बल्लेबाजों को ज्यादा समय क्रीज पर बिताने का मौका नहीं मिला, ऐसे में बांग्लादेश के खिलाफ टॉप ऑर्डर लंबी पारी खेलने की कोशिश करेगा।

बैटिंग ऑर्डर मजबूत: भारतीय बैटिंग बेहद मजबूत नजर आ रहा है। शुरुआत में कप्तान म्हात्रे और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी मोर्चा संभालेंगे। इसके बाद उप-कप्तान विहान मल्होत्रा, ऑलराउंडर आरोन जॉर्ज, वेदांत त्रिवेदी और विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडु जैसे खिलाड़ी मध्यक्रम को मजबूती देते हैं।

स्पिनर्स का रोल अहम: गेंदबाजी में भारत के पास विविधता है। तेज गेंदबाजी विभाग में डी दीपेश, अंबरीश, हेनिल, किशन सिंह और उद्धव मोहन जैसे विकल्प हैं,तो स्पिन अटैक की कमान कनिष्क चौहान, खिलन पटेल और एनान संभाल रहे हैं। जिम्बाब्वे की परिस्थितियों में जहां तेज गेंदबाजों को शुरुआती मदद मिलती है, वहीं बीच के ओवर्स में स्पिन अहम भूमिका निभा सकता है।

उधर, बांग्लादेश को हल्के में नहीं लिया जा सकता। कप्तान अजीजुल हकीम और उप-कप्तान जवाद अबरार के नेतृत्व में उसकी बल्लेबाजी मजबूत है। कलाम सिद्दीकी ने भी निरंतरता दिखाई है। गेंदबाजी में इकबाल हुसैन और अल फहद की तेज जोड़ी भारत के लिए चुनौती पेश कर सकती है।

आमना-सामना

टेलिकास्ट: दोपहर 1:00 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

22 शतक लगाए हैं भारतीय खिलाड़ियों ने अंडर-19 वर्ल्ड कप के इतिहास में। यह इस टूर्नामेंट में सर्वाधिक है

संभावित प्लेइंग XI

भारत: आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, विहान मल्होत्रा, अभिज्ञान कुंडु (विकेटकीपर), कनिष्क चौहान, हरवंश पंगालिया आरएस अंबरीश, हेनिल पटेल, दीपेश देवेंद्रन, खिलन पटेल

बांग्लादेश: जवाद अबरार, रिफत बेग, अजीजुल हकीम तमीम (कप्तान), कलाम सिद्दीकी, मोहम्मद अब्दुल्लाह (विकेटकीपर), शेख परवेज जिबोन, फरीद हसन, समीउन बशीर, मोहम्मद सोबुज, साद इस्लाम, इकबाल हुसैन इमोन

रहना होगा सतर्क

मौजूदा फॉर्म को देखते हुए भारत का पलड़ा भारी है। हालांकि, भारतीय युवाओं को बांग्लादेश से सतर्क रहना होगा। दोनों के बीच हुए पिछले तीन मैच में बांग्लादेश ने दो में बाजी मारी है। बांग्लादेश ने बड़े मैच में भारत को चोट पहुंचाई है, जिसमें 2023 अंडर-19 एशिया कप सेमीफाइनल और 2024 अंडर-19 एशिया कप का फाइनल शामिल है। 2024 में भारत के खिलाफ जीतने वाली टीम के कप्तान अजिजुल ही थे, जो आज बांग्लादेश की अगुआई करेंगे।

NBT Lens — खबरों के अंदर की बात

विवाद सुलझाने ढाका जाएंगे ICC अधिकारी

■ **एजेंसियां, दुबई:** भारत में अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की भागीदारी को लेकर गतिरोध को खत्म करने के लिए इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) का दो सदस्यीय दल शनिवार को ढाका जाएगा। ICC पहले ही संकेत दे चुकी है कि बांग्लादेश के मैच अन्यत्र आयोजित करा पाना संभव नहीं है। ICC का दल सुरक्षा को लेकर बांग्लादेश की आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करेगा। बांग्लादेश के पेसर मुस्तफिजुर रहमान का कोलकाता नाइटराइडर्स के साथ IPL करार रद्द किए जाने के बाद से बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने यह मांग उठाई है। एक सूत्र ने बताया,' बातचीत चल रही है और मामले का हल निकालने के सभी तरीकों पर बात होगी। उम्मीद है कि बांग्लादेश सरकार के अधिकारी भी बातचीत में शामिल होंगे।' **उधर,** बांग्लादेश के नाराज क्रिकेटरों ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) और क्रिकेटर्स के असोसिएशन (CWAB) के बीच सहमति बनने के बाद खेल के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए बहिष्कार खत्म कर दिया। इससे शुक्रवार से बांग्लादेश प्रीमियर लीग के मैच फिर से शुरू हो गए।

टी20 वर्ल्ड कप 2026

बांग्लादेशी टीम के प्लेयर्स

मैं संगठन का अध्यक्ष हूं और अगर मैं प्लेयर्स के अधिकारों के बारे में नहीं बोलूंगा तो पद पर रहने का क्या फायदा। देश से ऊपर कोई नहीं है। हम नहीं चाहते कि कोई खतरा लेकर जाए। लेकिन हम यह भी चाहते हैं कि हम वर्ल्ड कप खेलें।
-मोहम्मद मिथुन, अध्यक्ष, CWAB

विश्वराज की बड़ी पारी, सौराष्ट्र फाइनल में

■ **एजेंसियां, बेंगलुरु:** विश्वराज जाडेजा की शानदार 165* रन की बड़ी पारी की बदौलत सौराष्ट्र ने विजय हजारे ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पंजाब को नौ विकेट से करारी शिकस्त दी। खिताबी मुकाबले में संडे को उसका सामना विदर्भ से होगा। पंजाब ने 292 रन का टारगेट दिया था। विश्वराज ने आक्रामक रुख अख्तियार किया। उन्हें अपने ओपनिंग पार्टनर हार्विक देसाई (64) का भरपूर साथ मिला। दोनों ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 23 ओवर्स में 172 रनों की साझेदारी कर पंजाब को मैच से बाहर कर दिया। कप्तान हार्विक के आउट होने के बाद प्रेरक मांकड़ (52*) ने विश्वराज के साथ मोर्चा संभाला और दूसरे विकेट के लिए 121 रनों की अटूट साझेदारी की। सौराष्ट्र ने यह विशाल लक्ष्य महज 39.3 ओवर्स में हासिल कर लिया। पहले बैटिंग करने उतरी पंजाब की टीम एक समय मजबूत स्थिति में थी। अनमोलप्रीत ने 103 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। पारी के 47वें ओवर तक पंजाब का स्कोर 275/4 रन था। यहां से चेतन सकारिया की घातक गेंदबाजी ने पासा पलट दिया।

विजय हजारे ट्रॉफी 2026

विश्वराज ने पारी में 3 सिक्स जमाए

चिन्नास्वामी में AI कैमरे!

बेंगलुरु: रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में IPL मैच की मेजबानी सुनिश्चित करने के लिए कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (KSCA) को भेजे आधिकारिक पत्र में स्टेडियम परिसर में 300 से 350 AI से लैस कैमरे लगाने की पेशकश की है। खास बात यह है कि इस पूरे प्रोजेक्ट पर आने वाला अनुमानित 4.50 करोड़ रुपये का खर्च RCB स्वयं वहन करने को तैयार है। RCB के मुताबिक, यह उन्नत निगरानी प्रणाली KSCA और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को भीड़ की आवाजाही पर नजर रखने में मदद करेगी।

लक्ष्य की हार के साथ भारतीय चुनौती खत्म

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** लक्ष्य सेन शुक्रवार को इंडिया ओपन सुपर-750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के मेंस सिंगल्स के क्वॉर्टर फाइनल में हार गए। चीनी ताइपे के लिन चुन यी को उन्होंने तीन गेम के मुकाबले में कड़ी चुनौती दी, मगर आखिरकार जीत उनके हाथ से फिसल गई। लक्ष्य की हार के साथ टूर्नामेंट में घरेलू चुनौती भी समाप्त हो गई। लक्ष्य ने आखिरी पलों में मिली बढ़त गंवा दी और दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी से 21-17, 13-21, 18-21 से हार गए।

इंडिया ओपन बैडमिंटन

शुरुआती गेम जीते: लक्ष्य ने जोरदार शुरुआत करते हुए लिन को तेज रैलियों में उलझाया। शुरुआती दौर में स्कोर 4-4 से 7-7 तक बराबर रहा जिसके बाद लक्ष्य ब्रेक में आगे निकल गए। दो विनर ने लक्ष्य को 13-10 पर पहुंचा दिया और लिन की गलतियों की वजह से लगातार दबाव बनाकर उन्होंने इसे 16-11 तक बढ़ा लिया। फिर 54 शॉट्स की रैली लिन के बाहर शॉट भेजने के साथ खत्म हुई, जिससे लक्ष्य को जल्द ही पांच गेम पॉइंट्स मिले और उन्होंने तीसरे मौके पर पहला गेम जीत लिया।

लिन ने पकड़ी लय: दूसरे गेम में परिस्थितियों ने शटल पर नियंत्रण करना मुश्किल बना दिया और लक्ष्य को अपनी लेंथ के साथ संघर्ष करना पड़ा जिससे ब्रेक में वह 11-5 से पीछे थे। थका देने वाली 56 शॉट्स की एक रैली के बाद स्कोर लिन के पक्ष में 18-13 हो गया। निर्णायक गेम में लक्ष्य ने 4-0 की बढ़त बना ली। लिन एक समय 15-15 से बराबरी पर आ गए। लिन ने यहां से तेजी पकड़ी और मुकाबले में जीत सुनिश्चित की।

Anushka Koda

क्वॉर्टर फाइनल में हारे लक्ष्य सेन

मिया ने फिर शिकायत की, उम्मीद भी जताई

डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट ने एक बार फिर इंडिया ओपन में मौजूद हालात को लेकर नाराजगी व्यक्त करते हुए इन्हें 'अस्वीकार्य' और 'बहुत ही गैर पेशेवर' बताया और कहा कि 'यहां वर्ल्ड चैंपियनशिप आयोजित होना बहुत मुश्किल लगता है।' मिया ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'भारत में पिछले कुछ दिन बेहद कठिन रहे हैं, मैंने जो उम्मीद की थी उससे भी ज्यादा मुश्किल। मैंने एक बार फिर खराब हालात के लिए खुद को मानसिक रूप से तैयार किया था। लेकिन हमारे आसपास की परिस्थितियां अस्वीकार्य और बेहद ही गैर-पेशेवर हैं।' मिया दूसरे ही राउंड में बाहर हो गई। हालांकि, घर लौटने के बाद इस पोस्ट में उन्होंने उम्मीद भी जताई, 'मुझे खुशी है कि इस मुद्दे पर आखिरकार ध्यान दिया जा रहा है। मैं उम्मीद करती हूं कि भविष्य में यहां बेहतर हालात होंगे।'

बून के दो गोल से रांची की हैट्रिक

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** टॉम बून के दो गोल की बदौलत रांची रॉयल्स ने शुक्रवार को हॉकी इंडिया प्रीमियर लीग के 19वें मुकाबले में जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब को 4-1 से हरा दिया। रांची की यह लगातार तीसरी जीत है। वहीं, सूरमा की दो लगातार जीत का भी सिलसिला थम गया, जिसके बाद वह आठ टीम की अंक तालिका में सातवें स्थान पर है। रांची को एक स्थान का फायदा मिला है और अब वो तीसरे पर पहुंच गई है। इससे पूर्व, मनमीत सिंह राय ने रांची को शुरुआती बढ़त दिलाई। बून ने दो मिनट (20 और 22वें मिनट में) के अंतराल में एक के बाद एक गोल दागे और बढ़त को 3-0 कर दिया। मनदीप ने 47वें मिनट में रांची के लिए चौथा गोल दागा।

हॉकी इंडिया लीग



टॉम बून

RCB की लगातार तीसरी जीत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** श्रेयंका पाटिल (5/23), लॉरेन बेल (3/29), राधा यादव (66 रन) व ऋचा घोष (44 रन) के संयुक्त प्रयास की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) ने विमिंस प्रीमियर लीग में लगातार तीसरा मुकाबला जीता। शुक्रवार को हुए मैच में उन्होंने गुजरात जायंट्स को 32 रन के अंतर से मात दी। पहले बैटिंग करते हुए बेंगलुरु की शुरुआत खराब रही और टीम ने पावरप्ले के भीतर ही 43 रन पर ही चार विकेट गंवा दिए। यहां से राधा व ऋचा ने टीम को संभाला और 105 रन की शतकीय साझेदारी की। दोनों की साझेदारी की वजह से बेंगलुरु 20 ओवर्स में सात विकेट पर 182 रन के बड़े टोटल तक पहुंच पाई। लक्ष्य का पीछा करते हुए जायंट्स 18.5 ओवर्स में 150 रन पर सिमट गई।

विमिंस प्रीमियर लीग



श्रेयंका पाटिल ने लिए पांच विकेट

प्रबल दावेदार के रूप में उतरेंगे भारतीय खिलाड़ी

■ **एजेंसियां, विज्क आन जी (नीदरलैंड्स):** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश शनिवार से शुरू हो रहे प्रतिष्ठित टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट में 2025 की नाकामियों को पीछे छोड़कर नई शुरुआत के इरादे से उतरेंगे। पहले राउंड में उनका सामना उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव से होगा। गुकेश पिछले साल इस टूर्नामेंट में आर प्रग्नानंदा से टाईब्रेक में हारकर दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार खिताब जीतना उनका प्रमुख लक्ष्य होगा। शीर्ष वरीय अर्जुन एरिगैसी भी खिताबी दौड़ में मजबूत दावेदार हैं, जबकि मौजूदा चैंपियन प्रग्नानंदा पहले राउंड में अर्जुन से भिड़ेंगे। चौथे भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम के लिए भी यह करियर की बड़ी चुनौती होगी।

चेस बोर्ड

वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश

चैंपियनशिप की चेन्नै कर सकता है मेजबानी:आनंद

जयपुर: फिडे उपाध्यक्ष विश्वनाथन आनंद का मानना है कि अगर प्रग्नानंदा कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर मौजूदा चैंपियन गुकेश को चुनौती देते हैं, तो वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी चेन्नै कर सकता है। आनंद ने कहा कि दो भारतीय खिलाड़ियों के आमने-सामने होने पर मैच बेहद खास होगा।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar - 19 Apr
आज आपको किसी संस्था द्वारा सम्मानित किए जाने की संभावना रहेगी। पुराने मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा एवं अच्छे मित्र भी बनेंगे। आज परिवार से उत्तम सहयोग प्राप्त हो सकता है। मधुर वाणी से संबंधों में मधुरता आएगी। सायंकाल से रात्रि तक का समय परिजनों के साथ हास्य-विनोद में बीतेगा।

TAURUS 20 Apr - 19 May
आज का दिन आप बहुत प्रसन्न रहेंगे, ज्यादा भागदौड़ में सावधानी बरतें, शारीरिक कष्ट होने का भय है। आपकी निर्णय लेने की क्षमताओं का आपको आज लाभ मिल सकता है। आज रुके हुए कार्यों की पूर्ति होगी। किसी काम में जोखिम लेना पड़े तो जरूर लें, आगे चलकर उसका भरपूर लाभ मिलेगा।

GEMINI 21 May - 21 Jun
आज आप फिजूल के खर्चों से बचें। यदि आप किसी रोग से पीड़ित हैं, तो आज कष्ट की वृद्धि हो सकती है। सामाजिक क्रियाकलापों में रुकावट आएगी। अचानक कुछ लाभ होने से आपकी धर्म, अध्यात्म के प्रति रुचि बढ़ेगी। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार मिलेगा और समाज में भी सम्मान बढ़ेगा।

CANCER 22 Jun - 22 July
भाग्य की दृष्टि से आज का दिन उत्तम रहेगा। आपके परिश्रम का फल अवश्य मिलेगा। संतान के प्रति आपका विश्वास और अधिक मजबूत होगा। आज ससुराल पक्ष से विशेष सहयोग मिलने की संभावना है। आज आप सांसारिक सुख-भोगों के लिए धन खर्च करेंगे, जिससे आपके शत्रु परेशान होंगे। माता-पिता का आज विशेष ध्यान रखें।

LEO 23 July - 22 Aug
आज का दिन मिश्रित फलकारक है। मानसिक अशांति, खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद से दिन के उत्तरार्ध में राहत मिलेगी। ससुराल पक्ष से आज नाराजगी के संकेत मिलेंगे। अपनी मधुरवाणी का प्रयोग करें।

VIRGO 23 Aug - 22 Sep
आज आपमें निर्भीकता का भाव रहेगा तथा साहसपूर्वक अपने कठिन कार्यों को संपन्न करने में सक्षम रहेंगे। आपको अपने माता-पिता का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा। व्यर्थ व्यय का योग भी है। आप मन से लोगों का भला सोचेंगे किंतु लोग इसको आपकी मजबूरी या स्वार्थ ही समझेंगे। व्यापार में धनलाभ होगा।

LIBRA 23 Sep - 22 Oct
आज का दिन आपके लिए शुभफलदायक है। आपके अधिकार व संपत्ति में वृद्धि होगी। आप दूसरों के भले की सोचेंगे एवं दिल से सेवा भी करेंगे। दशम कर्म भाव में बृहस्पति कर्क राशि का होकर विराजमान है। अतः आज आप अपने गुरु के प्रति पूर्ण भक्ति भाव व निष्ठा रखें। आज नए कार्यों में इन्वेस्ट करना यह हो शुभ रहेगा।

SCORPIO 23 Oct - 21 Nov
आज सुबह से ही किसी बात को सोचकर आपका मन अशांत रहेगा। व्यापार वृद्धि के लिए किए गए प्रयास निष्फल हो सकते हैं। सायंकाल तक आप अपने धैर्य तथा प्रतिभा से शत्रु पक्ष पर विजय प्राप्त करने में सफल रहेंगे। यदि कोई वाद-विवाद कोर्ट में लंबित है तो उसमें सफलता मिलने की पूर्ण संभावना है।

SAGITTARIUS 22 Nov - 21 Dec
आज आपके ज्ञान की वृद्धि होगी। आपके अंदर दान-पुण्य एवं परोपकार की भावना विकसित होगी। आप धार्मिक अनुष्ठानों में रुचि लेकर पूर्ण सहयोग करेंगे। भाग्य की ओर से भी आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी। सायंकाल में स्वास्थ्य के संबंध में कष्ट संभव है।

CAPRICORN 22 Dec - 19 Jan
आज आपको बहुमूल्य वस्तुओं की प्राप्ति होगी। साथ ही दिन के एक हिस्से में ऐसे अनावश्यक खर्च भी सामने आएंगे जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। ससुराल पक्ष से मान-सम्मान मिलेगा। अपने व्यवसाय में भी आपका मन लगेगा एवं बहुत दिनों से रुके हुए कार्य पूर्ण हो जाएंगे।

AQUARIUS 20 Jan - 18 Feb
आज का दिन नई-नई खोज करने में व्यतीत होगा। आप सीमित एवं आवश्यकतानुसार ही व्यय करें। आपको अपने अनीतियों से ही विश्वासघात मिलने की संभावना है। सांसारिक सुख-भोग की वस्तुओं के लिए धन खर्च करेंगे। सायंकाल से लेकर रात्रि तक समीप की यात्रा भी हो सकती है।

PISCES 19 Feb - 20 Mar
आज पंचम भाव में कर्क राशि का बृहस्पति होने के कारण बहुत समय से लटका हुआ पुत्र या पुत्री से संबंधित किसी विवाद का हल निकाला जाएगा। सुसमिजाज व्यक्तित्व होने के कारण अन्य व्यक्ति आपसे संबंध बनाने की चेष्टा करेंगे। सामाजिक सम्मान मिलने से आपका मनोबल बढ़ा रहेगा। रात्रि में प्रियजनों के साथ समय बिताएंगे।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

मंगल, चंद्रमा और राहु वर्ष के स्वामी हैं। जनवरी के शेष इस दिनों में अपनी नौकरी के योग हैं। यदि आप किसी पुराने विवाद, मुकदमे अथवा उलझन में व्यस्त होंगे तो फरवरी में उन सबसे छुटकारा मिल जाएगा। कुंडलीक जातक जिनकी जन्म कालीन ग्रह पेचीदा हैं और वर्तमान में शनि राहु, केतु की दशाओं से त्रस्त हैं, उनके लिए आगामी मार्च अप्रैल तक विशेष परिश्रम के उपरांत संतोषजनक आर्थिक सफलता मिल जाएगी। जबकि व्यापारियों को प्रतिस्पर्धा और आर्थिक तेजी-मंदी का प्रकोप मई महीने की शुरुआत से लेकर जून महीने के अंत तक झेलना पड़ेगा। हालांकि इसके बाद स्थिति में धीरे-धीरे सुधार आने लगेंगे। कुछ लोगों को जुलाई माह की शुरुआत से लेकर अगस्त माह तक अपने वाहन मशीनरी आदि का लाभ होगा। इस दौरान कहीं घूमने-फिरने का मन बनाएंगे। इस समय की गई यात्रा सफल होगी और यात्रा के दौरान नई जानकारी भी मिलेगी। सितंबर-अक्टूबर में पुनः व्यापार में शैथिल्य रहेगा। नवंबर से लेकर दिसंबर में व्यापार तेज होकर लाभ मिलेगा। 1 जनवरी से 11 जनवरी 2027 तक महिलाओं की महत्वाकांक्षा पूर्ण होगी। विद्यार्थियों के लिए भी यह वर्ष सिद्धिकारक है। उनको सामान्य परिश्रम से ही अच्छी सफलता प्राप्त होगी। बृहस्पति वार पीली वस्तुओं का दान करते रहें।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(रविवार, 18 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति पौष 29, शक संवत 1947, माघ कृष्ण, अमावस्या, रविवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 5, रजब 27, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 18 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल सायं 4 बजकर 30 मिनट से 6 बजे तक। अमावस्या तिथि अर्धरात्रिोत्तर 1 बजकर 22 मिनट तक उपरांत प्रतिपदा तिथि का आरंभ। पूर्वाषाढ़ नक्षत्र प्रातः 10 बजकर 14 मिनट तक उपरांत उत्तराषाढ़ नक्षत्र का आरंभ। हर्षण योग रात्रि 9 बजकर 11 मिनट तक उपरांत वज्र योग का आरंभ। चतुष्पद करण दोपहर 12 बजकर 16 मिनट तक। चंद्रमा सायंकाल 4 बजकर 41 मिनट तक धनु उपरांत मकर राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार-शबे मिराज (मु.)।

सुडोकू

			3	1	7			
3	8	7				9	6	1
9				8				5
	4	3		9		7	8	
5				2				9
6	1	4				5	3	8
			5	3	8			

TELEVISION

big magic

09:00 बबलू डबलू	13:30 भ से भाडे
10:00 बड़ुधा बुड़बक	14:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
11:00 रुद्र के रक्षक	15:00 लिटिल कृष्णा
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा	17:00 बबलू डबलू
12:30 हम पांच	18:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:00 रुद्र के रक्षक	

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH15 User: cci Time: 01-16-2026 23:09 Color:



NBT AI टाइम मशीन

आज ही हुई थी UNSC की पहली बैठक

आज ही के दिन 1946 में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) की पहली बैठक लंदन में हुई थी। इस दौरान कुल 11 सदस्य (5 स्थायी और 6 अस्थायी) थे। बैठक का मकसद परिषद के संचालन का नियम तय करना और विश्व शांति के लिए ढांचा तैयार करना था। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कानूनी रूप से बाध्यकारी फैसला लेने वाली इकलौती ग्लोबल इकाई है। हालांकि इसकी परमानेंट मेंबरशिप पर कई सवाल उठते हैं।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली शनिवार, 17 जनवरी 2026

भारत बनेगा UNSC का स्थायी सदस्य

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्वरूप ज्यादा समावेशी होगा। परमानेंट मेंबरशिप का दायरा बढ़ेगा और भारत जनसंख्या, अर्थव्यवस्था, सैन्य क्षमता और ग्लोबल साउथ की आवाज होने से स्थायी सदस्य बनेगा। परिषद में AI बेस्ड अर्ली वॉर्निंग सिस्टम, साइबर और स्पेस सिक्योरिटी जैसे नए आयाम जुड़ेंगे। वीटो पावर सीमित हो सकती है। यह संस्था पूरी शांति तो नहीं, लेकिन युद्ध रोकने में अब से कहीं अधिक प्रभावी भूमिका निभाएगी।



AI Images

SPEED News

साउथ कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सूक

येओल को शुक्रवार को 5 साल जेल की सजा सुनाई गई। येओल ने दिसंबर 2024 में अपने शासन के दौरान मार्शल लॉ लगाया था।

Agency



ग्रीनलैंड पर अमेरिका के साथ बातचीत में

'असहमति' सामने आने के बीच यूरोपीय सैनिक द्वीप पहुंचे।

ब्रिटेन सरकार ने बांग्लादेश में हो रही

हर तरह की हिंसा की कड़ी निंदा की है और वहां शांतिपूर्ण, विश्वसनीय चुनाव कराने की अपील की है।

अमेरिका और ताइवान ने गुरुवार को

एक बड़े व्यापार समझौते पर सहमति जताई, जिसके तहत ताइवान की वस्तुओं पर शुल्क में कटौती की जाएगी।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

ईरान मसले पर अमेरिका बोला- सभी ऑप्शन खुले

कहा- प्रदर्शनकारियों की हत्याएं जारी रहीं, तो गंभीर परिणाम होंगे

■ NBT रिपोर्ट

AP

अमेरिका के वाइट हाउस ने कहा है कि ईरान के मसले में राष्ट्रपति ट्रंप के लिए सैन्य कार्रवाई समेत 'सभी विकल्प खुले हुए हैं'। साथ ही, चेतावनी दी कि अगर ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों की हत्याएं जारी रहीं तो तेहरान को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। वाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने गुरुवार (अमेरिकी टाइम जोन के हिसाब से) को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि ट्रंप और उनकी टीम ने ईरान को साफ संदेश दिया है कि अगर हत्याएं नहीं रुकीं तो सख्त कदम उठाए जाएंगे। सहयोगी देशों द्वारा ट्रंप से हमले टालने का आग्रह किए जाने संबंधी खबरों के बारे में पूछे जाने पर लेविट ने सीधे तौर पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

> US का दावा, ईरान में प्रदर्शनकारियों की 800 फांसियां रोकीं

CNN की रिपोर्ट के मुताबिक, लेविट ने दावा किया कि ईरान में प्रदर्शनकारियों की 800 फांसियां, जो कथित तौर पर तय थीं, रोक दी गई हैं। हालांकि, उन्होंने इस दावे के समर्थन में कोई सबूत पेश नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप और उनकी टीम हालात पर करीबी नजर बनाए हुए हैं और राष्ट्रपति के लिए सभी विकल्प खुले हैं। वहीं, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक बैठक में अमेरिका के राजदूत माइक वॉल्ट्ज ने कहा कि सैन्य कार्रवाई एक विकल्प है जो अब भी विचाराधीन है। यह बयान ऐसे समय आए हैं, जब ट्रंप ने अपने रुख में थोड़ी नरमी दिखाई थी।

तनाव कम कराने की कोशिश

पूतिन ने ईरान-इस्राइल के नेताओं से बात की

एपी, मॉस्को: रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन ने शुक्रवार को इस्राइल और ईरान के शीर्ष नेताओं से फोन पर बातचीत की। पूतिन क्षेत्र में बढ़ते तनाव को कम करने के लिए मध्यस्थता की कोशिश कर रहे हैं। यह बातचीत ऐसे समय में हुई है, जब ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के चलते पूरे मिडल ईस्ट में सैन्य टकराव की आशंका बढ़ गई है। ईरान लगातार आरोप लगाता रहा है कि इन प्रदर्शनों के पीछे अमेरिका और इस्राइल का हाथ है और वे देश की राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। पूतिन ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, दोनों से बात की।

फांसी के दावे से ईरान का इनकार

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने देश में प्रदर्शनकारियों को फांसी देने की योजना से इनकार किया है। उन्होंने कहा, फांसी देना सवाल से बाहर है। उन्होंने यह बयान इंटरव्यू में दिया। हालांकि, बीते दिनों अराघची ने यह भी कहा था कि अगर अमेरिका ईरान को 'परखना' चाहता है तो देश तैयार है।

चाबहार पोर्ट पर भारत के पीछे हटने की खबरें सही नहीं: विदेश मंत्रालय

File

ईरान में स्थित चाबहार बंदरगाह भारत की कनेक्टिविटी के लिए अहम है।

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** ईरान के चाबहार बंदरगाह को लेकर भारत सरकार ने साफ किया है कि वह इस मुद्दे पर अमेरिका के लगातार संपर्क में है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम जायसवाल ने कहा कि चाबहार से भारत के पीछे हटने की खबरें सही नहीं हैं। प्रवक्ता ने बताया कि 28 अक्टूबर 2005 को अमेरिका के ट्रेजरी विभाग ने ईरान से जुड़े कुछ प्रतिबंधों में छूट दी थी। यह छूट 26 अप्रैल 2026 तक वैध है। भारत इसी व्यवस्था के तहत अमेरिका के साथ मिलकर काम कर रहा है।

> कहा- इस मुद्दे पर अमेरिका के लगातार संपर्क में हैं

हाल ही में एक रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारत ने चाबहार से साझेदारी खत्म कर दी है। रिपोर्ट के बाद विपक्ष ने सरकार पर सवाल उठाए थे। विदेश मंत्रालय ने कहा- चाबहार बंदरगाह भारत के लिए बेहद अहम है, क्योंकि इसके जरिए भारत को अफगानिस्तान और सेंट्रल एशिया तक सीधी कनेक्टिविटी मिलती है। प्रवक्ता ने यह भी कहा कि भारत और ईरान के ऐतिहासिक संबंध रहे हैं और भारत वहां के हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है।

गलवान पर फिल्म को लेकर मंत्रालय की दूरी

गलवान घाटी पर बनी फिल्म को लेकर पूछे गए सवाल पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि फिल्म मेकिंग से जुड़े मामलों में मंत्रालय की कोई भूमिका नहीं होती। दरअसल, यह सवाल सलमान खान स्टारर 'बैटल ऑफ गलवान' फिल्म के टीजर को लेकर उठा था, जिस पर चीन की सरकारी मीडिया ने नाराजगी जताई है। चीनी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने इसे तथ्यों से अलग बताया था। विदेश मंत्रालय ने साफ किया कि ऐसे मामलों को भारत की दूसरी संबंधित अथॉरिटीज देखती हैं, मंत्रालय नहीं।

हमास को हर हालत में छोड़ने होंगे हथियार: ट्रंप

■ **पीटीआई, वॉशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने गाजा शांति योजना के दूसरे चरण की शुरुआत का ऐलान किया है। इस चरण में हमास से हथियार डालने और उसके टनल नेटवर्क को खत्म करने की मांग की गई है। ट्रंप ने कहा, गाजा में अब एक फलस्तीनी टेक्नोक्रेटिक प्रशासन काम करेगा, जिसे अमेरिका के नेतृत्व वाले 'बोर्ड ऑफ पीस' का समर्थन मिलेगा। पहले चरण में हमास ने सभी जीवित बंधकों को रिहा कर दिया था।



चिनफिंग और कनाडाई PM कार्नी की मुलाकात

■ **आईएएनएस, पेइचिंग:** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने शुक्रवार को चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने पेइचिंग के साथ नई रणनीतिक साझेदारी की सराहना भी की। यह आठ साल में किसी कनाडाई नेता का पहला चीन दौरा था। बीते कुछ समय में चीन और कनाडा के बीच तनाव देखने को मिला है। दोनों देशों के बीच एक-दूसरे के नागरिकों के खिलाफ बदले की कार्रवाई में गिरफ्तारी और कई ट्रेड विवादों को लेकर तनाव भी था।

आज पहली वंदे भारत स्लीपर को हरी झंडी दिखाएंगे PM

Maneesh.Aggarwal@timesofindia.com

■ **मालदा (पश्चिम बंगाल):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को यहां पश्चिम बंगाल के मालदा टाउन रेलवे स्टेशन से देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। अभी दो वंदे भारत स्लीपर बनी हैं जिसमें से एक कोलकाता (हावड़ा) से गुवाहाटी (कामाख्या) और दूसरी गुवाहाटी से कोलकाता के बीच चलेगी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल को एक दर्जन से अधिक नई ट्रेनों की सौगात देंगे। इस दौरान, पीएम मालदा में 3250 करोड़ रुपए से अधिक की रेल और सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ भी करेंगे।

और बढ़ेंगी स्लीपर ट्रेनें

■ नई वंदे भारत स्लीपर 1000-1500 किमी जैसी दूरी के लिए ही बनाई गई है। रेलवे का कहना है आने वाले समय में परफॉर्मेंस देखकर कश्मीर से कन्याकुमारी के लिए सेवा शुरू की जाएगी।

■ रेलवे हाई स्पीड ट्रेनों को चलाने के लिए बेहतर ट्रैक बनाने पर काम कर रहा है। डेडिकेटेड हाई स्पीड कॉरिडोर पर काम जारी है, जिनमें 350 किमी प्रति घंटे की स्पीड से ट्रेन दौड़ सकें।

वंदे भारत का अब तक का सफर...

15 फरवरी, 2019 में पहली वंदे भारत चेयरकार ट्रेन लॉन्च हुई थी।

30 सितंबर 2022 में वंदे भारत-2.0, 2025 में वंदे भारत 3.0 लॉन्च हुई।

17 जनवरी, 2026 को पहली वंदे भारत स्लीपर लॉन्च हो रही है।

2027 में अडवांस वर्जन 4.0 देखने को मिलेगा। ये कवच अडवांस वर्जन 5.0 से लैस होगी।

164 थी वंदे भारत चेयरकार ट्रेनों की संख्या दिसंबर 2025 तक। इसमें बढ़ोतरी हो रही है।

File

800 हो जाएगी वंदे भारत ट्रेनों की यह संख्या 2030 तक। 2047 तक ये 4500 होने की उम्मीद है।

IAF के लिए मल्टीरोल फाइटर एयरक्राफ्ट लेने की प्रक्रिया एक कदम बढ़ी

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

File

■ **नई दिल्ली:** इंडियन एयरफोर्स के लिए मल्टीरोल फाइटर जेट लेने की प्रक्रिया एक कदम आगे बढ़ी। शुक्रवार को डिफेंस प्रॉक्यूरमेंट बोर्ड (DPB) में MRFA (मल्टीरोल फाइटर एयरक्राफ्ट) प्रस्ताव को मंजूरी मिली। अब इसे रक्षा अधिग्रहण समिति (DAC) में भेजा जाएगा। कुछ और प्रक्रियाओं के बाद अंत में कैबिनेट कमिटी ऑन सिक्योरिटी का अप्रूवल लेना होगा।

एयरफोर्स को 114 मल्टी रोल फाइटर जेट चाहिए। इसके लिए सालों से प्रक्रिया चल रही है। पूरी संभावना है कि MRFA के तौर पर एयरफोर्स राफेल फाइटर जेट लेगी। राफेल के लिए अनौपचारिक बातचीत काफी वक्त से जारी है। अब औपचारिक तौर पर प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। एयरफोर्स के पास पहले से भी राफेल हैं। एयरफोर्स चीफ एयर चीफ मार्शल एपी सिंह कह चुके हैं कि राफेल को शामिल करना आसान होगा क्योंकि पहले से ही एयरफोर्स के पास इसके सिमुलेटर हैं और लोग इसमें ट्रेंड हैं।

MRFA प्रस्ताव स्वदेशी तेजस से बिल्कुल अलग है। इससे तेजस पर असर नहीं होगा। एयरफोर्स ने हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स को 83 तेजस-मार्क 1A का ऑर्डर दिया था, जिसकी कीमत 48000 करोड़ थी। बाद में सरकार ने अतिरिक्त 97 तेजस-मार्क 1A का और ऑर्डर देने की मंजूरी दे दी लेकिन एचएएल से एयरफोर्स को तेजस-मार्क 1A मिलने में देरी हो रही है। अभी तक एक भी एलसीए तेजस-मार्क 1A नहीं मिल पाया है। डिफेंस सूत्रों ने कहा कि एमआरएफए से रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्रभावित नहीं होगी क्योंकि एलसीए प्रोजेक्ट और AMCA (अडवांस मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट) प्रोजेक्ट के लिए अलग से फंड अलॉट किया गया है।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1 मारिया कोरिना मचाडो ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप को अपना नोबेल मेडल सौंपा, वे किस देश की हैं?
A) वेनेजुएला B) ईरान C) रूस

2 ईरान के मुद्दे पर हुई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक में इनमें से किस अमेरिकी राजदूत ने हिस्सा लिया?
A) माइक वॉल्ट्ज B) जेडी वांस C) मार्को रुबियो

3 विधानसभा सदस्यता से अयोग्यता केस में मुकुल रॉय को राहत मिली, वे किस पार्टी के हैं?
A) CPI B) TMC C) BJP

4 ईरान के विदेश मंत्री का नाम?
A) मसूद पेजेश्कियान B) अब्बास अराघची C) अयातुल्लाह अली खामेनेई

5 जापान के विदेश मंत्री इन दिनों भारत दौरे पर हैं, उनका नाम?
A) फुमियो किशिदा B) शिगेरू इशिबा C) तोशिमित्सु मोतेगी

कल के जवाब

A1 B. ईरान A2 B. इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन A3 C. USS अब्राहम लिंकन A4 C. X A5 A. BMC चुनाव

लकी विनर्स



1. वेदांशी, नई दिल्ली
2. राजेश पुरी, गाजियाबाद
3. सुरेश अग्रवाल, नई दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

'खिड़की गांव' फिल्म का बुसान तक सफर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



भारतीय फीचर फिल्म खिड़की गांव का एक सीन।

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अंतर्गत संचालित वेव्स (World Audio Visual and Entertainment Summit) बाजार भारतीय फिल्मों को अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रहा है। इसका ताजा उदाहरण भारतीय फीचर फिल्म 'खिड़की गांव' है, जिसने वेव्स बाजार के माध्यम से वैश्विक पहचान हासिल की और साउथ कोरिया के बुसान अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव तक सफल यात्रा की।

मंत्रालय के अनुसार, वेव्स बाजार के जरिए फिल्मों का केंद्रित चयन (क्यूरेशन) और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक व्यवस्थित पहुंच संभव हो रही है। 'खिड़की गांव' को वेव्स बाजार के टॉप सिलेक्ट्स कार्यक्रम में चुना गया था। इसके बाद फिल्म ने वेव्स बाजार मेलबर्न इंडस्ट्री डेलिगेशन के तहत भारत का प्रतिनिधित्व किया। इससे फिल्म से जुड़े कलाकारों और निर्माताओं को अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं, महोत्सव आयोजकों और वितरकों से सीधे संवाद का अवसर मिला। संजू सुरेन्द्रन द्वारा निर्देशित 'खिड़की गांव' दिल्ली के खिड़की गांव इलाके की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह फिल्म शहरी जीवन, बदलते सामाजिक ताने-बाने और मानवीय संबंधों को संवेदनशील ढंग से दर्शाती है। बुसान में फिल्म को Hylife Vision पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो इसकी अंतरराष्ट्रीय सराहना का प्रमाण है।

> WAVES बाजार से भारतीय फिल्मों को अंतरराष्ट्रीय पहचान

स्पीकर कॉन्फ्रेंस खत्म, UK को 'बैटन'

लोकतांत्रिक संस्थाओं को जन केंद्रित बनाना समय की मांग: बिरला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



दिल्ली में शुक्रवार को 28वें CSPOC का समापन हो गया।

कॉमनवेल्थ देशों की पार्लियामेंट के अध्यक्षों और पीठासीन अधिकारियों के 28वें सम्मेलन (CSPOC) का शुक्रवार को दिल्ली में समापन हो गया। दो-दिवसीय इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाएं तभी सशक्त और प्रासंगिक बनी रह सकती हैं, जब वे पारदर्शी, समावेशी, उत्तरदायी और जनता के प्रति जवाबदेह हों। भारत को 16 साल बाद इस सम्मेलन की अध्यक्षता का मौका मिला था। इस दौरान कनाडा, यूके समेत 42 देशों के स्पीकर और पीठासीन अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

बिरला ने 29वीं सीएसपीओसी की अध्यक्षता यूनाइटेड किंगडम के हाउस ऑफ कॉमन्स के अध्यक्ष लिंडसे होयल को सौंपी और लंदन में होने वाले अगले सम्मेलन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

'पारदर्शिता से निर्णय-प्रक्रिया में खुलापन'

उन्होंने कहा कि पारदर्शिता से निर्णय-प्रक्रिया में खुलापन आता है और जनता का विश्वास बढ़ता है। समावेशन यह सुनिश्चित करता है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में समाज के सभी वर्गों, विशेषकर हाशिये पर खड़े लोगों की आवाज सुनी जाए। सम्मेलन में बिरला ने संसदों में AI के जिम्मेदार इस्तेमाल, सोशल मीडिया के प्रभाव, नागरिक सहभागिता और सांसदों और संसदीय कर्मचारियों के स्वास्थ्य व कल्याण जैसे विषयों पर हुई चर्चाओं को विशेष रूप से उपयोगी बताया।

> बिरला ने AI के जिम्मेदार इस्तेमाल की बात की

सरकार का सट्टेबाज़ी पर ऐक्शन, 242 अवैध वेबसाइट लिंक बैन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** सरकार ने शुक्रवार को सट्टेबाजी और जुआ खेलने से संबंधित 242 अवैध वेबसाइट के लिंक को प्रतिबंधित कर दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह आदेश पिछले साल अगस्त में पैसे के इस्तेमाल वाले गेमिंग ऐप पर लगाए गए सरकारी प्रतिबंध के बाद आया है। सूत्रों ने कहा, 'भारत सरकार ने शुक्रवार को अवैध सट्टेबाजी और जुआ से जुड़े 242 अवैध वेबसाइट लिंक को प्रतिबंधित कर दिया। ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम पारित होने के बाद से अब तक 7,800 से अधिक अवैध सट्टेबाजी और जुआ संबंधी वेबसाइट को बंद किया जा चुका है।'

'गैर-हिंदुओं की नो एंट्री', हर की पैड़ी में लगे चेतावनी बोर्ड

■ **NBT रिपोर्ट, हरिद्वार: विश्व प्रसिद्ध** हर की पैड़ी पर शुक्रवार को 'अहिंदू प्रवेश निषेध' लिखा बोर्ड लगाए जाने से बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। इस बोर्ड को लेकर कानून, आस्था और प्रशासनिक जिम्मेदारी पर सवाल उठ रहे हैं। बोर्ड श्री गंगा सभा क्षेत्र में लगाया है। गंगा सभा का कहना है कि यह नया नियम नहीं है, बल्कि निगम के पुराने कानूनों की जानकारी देने को लगाया है।

रणनीतिक संवाद 17वें भारत-जापान रणनीतिक संवाद में कई अहम सहमतियां, तकनीक, डिफेंस और स्टार्टअप पर फोकस

AI, आर्थिक सुरक्षा में भारत-जापान का बढ़ेगा साथ

Alpyu.Singh@timesofindia.com

जयशंकर ने जापान के विदेश मंत्री को टीम इंडिया का साइन किया बैट दिया।

■ **नई दिल्ली:** भारत और जापान, आने वाले वक्त में गहरे आर्थिक सुरक्षा के साझेदार बनेंगे, इस दिशा में AI में सहयोग अहम रहेगा। जापान और भारत के बीच 17वें भारत-जापान रणनीतिक डायलॉग में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों ने इस तरह की सहमति पर मंजूरी दी।

जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी इन दिनों भारत दौरे पर हैं। इस यात्रा के मद्देनजर भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने जापानी भाषा में सोशल मीडिया पोस्ट शेयर कर मोतेगी का स्वागत किया। जापान के विदेश विभाग के प्रवक्ता तोशिहिरो कितामुरा ने कहा कि दोनों देश जल्द क्रिटिकल मिनरल्स के क्षेत्र में एक वर्किंग ग्रुप बनाएंगे, जिससे इस दिशा में सहयोग कायम हो सके।

दोनों देशों के बीच AI को लेकर सहयोग एक बड़ा एजेंडा रहेगा। इसके तहत डिपक्षीय AI डायलॉग शुरू किया जाएगा। जापान ने भारत की प्रस्तावित AI इंपैक्ट समिट को समर्थन दिया है।

रिश्ते मजबूत

डिफेंस, टेक्नॉलजी पर रहेगा फोकस

डिफेंस सहयोग के तहत जापान अपनी नेवी रडार तकनीक UNICORN भारत को ट्रांसफर करेगा। इसके अलावा बुलेट ट्रेन परियोजना को लेकर भी बातचीत जारी है। टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के साथ-साथ दोनों देशों के निजी सेक्टर के बीच संवाद के लिए एक मजबूत इकोसिस्टम बनाया जाएगा। जापान भारतीय स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने पर भी जोर देगा।

क्रिकेट और डिप्लोमेसी

डिप्लोमेसी की इस बातचीत में क्रिकेट ने उस वक्त दखल दिया, जब रणनीतिक संवाद वार्ता शुरू करने से पहले जापान के विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने जापान की नैशनल क्रिकेट टीम की जर्सी डॉ जयशंकर को गिफ्ट की। जयशंकर ने भी उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम का साइन किया बैट दिया।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAJK2 User: cci Time: 01-16-2026 23:12 Color:

GenZ की नज़र से स्पेशल कवरेज

सेल्फी, थ्रिफ्टिंग और स्प्रिचुएलिटी का क्रेज़

Thrifting Spirituality

बुक फेयर में इस बार किताबों के बीच आर्मी टैंक भी है। 'अडल्टिंग' के शोर के बीच स्प्रिचुएलिटी अब कूल बन गई है। GenZ को ओशो के लॉजिक और आचार्य प्रशांत के विजन में भी इंटरेस्ट है। आपके पास किताबों से बाहर निकलकर असली हीरोज के साथ स्पेशल मोमेंट कैप्चर करने का भी मौका है और अगर आप थ्रिफ्टिंग करते हैं, तो 'बुक चोर' का कलेक्शन आपके लिए परफेक्ट है।

सेल्फी के बहाने लोगों ने रियल लाइफ हीरोज़ को कहा 'थैंक यू'

Anjali.Chand@timesofindia.com

■ अगर आपको लग रहा है कि वर्ल्ड बुक फेयर में इस बार भी सिर्फ आपको वही किताबों से भरे हॉल और पन्नों में डूबे लोग मिलेंगे। तो आपके लिए एक सरप्राइज है, क्योंकि यहां सीन कुछ अलग है। किताबों की दुनिया के बीच अचानक आर्मी के टैंक्स, हथियार और वर्दी में खड़े जवान दिखे तो मुझे समझ आया कि इस बार कॉन्सेप्ट कुछ हटके है।

डिफेंस पविलियन इस बार सिर्फ एक सेक्शन नहीं, बल्कि फेयर का सबसे बड़ा हॉट-स्पॉट बन गया है। इस साल सबसे पॉपुलर है 'मिलिट्री सेल्फी' ट्रेंड। एक सिविलियन और एक सोल्जर, एक ही फ्रेम में। ये दो अलग-अलग कहानियों के बीच बना एक कनेक्शन है। खासकर यंगस्टर्स के लिए ये तस्वीरें उस हिम्मत और बहादुरी की यादें हैं, जिनके बारे में वो अब तक सिर्फ फिल्मों में देखते आए थे। इसी भीड़ में मेरी नजर एक लड़के पर गई, जो इन जवानों के साथ सेल्फी क्लिक कर रहा था। उसने अपना नाम सौरभ बताया। मैंने उससे पूछा कि क्या ये सब आपके इंस्टा अपडेट के लिए है, तो उसने मुस्कुराते हुए कहा कि वो तो जरूरी है ही। क्योंकि उसके बिना ये आउटिंग मेमोरेबल कैसे बनेगी। मगर ये सिर्फ रील नहीं है। ये हमारे रियल-लाइफ हीरोज के साथ मेरा फैन मोमेंट है।

फेयर में कई नामी ऑथर आए हैं। लंबी लाइनें हैं, ऑटोग्राफ्स मिल रहे हैं, लेकिन सबसे ज्यादा क्रेज जवानों का ही है। सच कहूं तो लोगों के मन में इन जवानों के लिए जो प्यार दिखा, उसे देखकर यहां ली गई हर सेल्फी किसी रील से ज्यादा, एक साइलेंट 'थैंक यू' कार्ड जैसी लगती है।

मेले में मिला 'बुक चोर': नाम है टेढ़ा, पर काम में है परफेक्ट

Atul.Kumar1@timesofindia.com



■ वीकेंड के मुकाबले भीड़ थोड़ी कम थी, लेकिन vibe अब भी जिंदा थी। लोग ठीक-ठाक जमा थे और मैं भी क्राउड के साथ बस drift कर रहा था। तभी एक स्टॉल पर नजर अटक गई—लोग रुक रहे थे, मुस्कुरा रहे थे और क्यूरियस मोड में किताबें पलट रहे थे। वजह थी उस स्टॉल का नाम- बुक चोर। नाम सुनते ही दिमाग में 'ये क्या सीन है?' वाला सवाल अपने आप kick-in हो जाता है। स्पॉइलर अलर्ट: यहां कोई चोरी नहीं होती, बस किताबों से प्यार करने वालों का प्रॉपर चिल अड्डा है।

यहां थ्रिफ्टेड यानी सेकंड-हैंड किताबें मिलती हैं। सच कहूं तो पहले लगा था कि फटी-पुरानी, पीले पन्नों वाली किताबें होंगी। लेकिन अंदर जाकर पूरा नजरिया रीसेट हो गया। Becoming (Michelle Obama), Game of Thrones और Life of Pi जैसी किताबें एकदम नई जैसी कंडीशन में थीं। किताबों की कीमत भी फुल पॉकेट फ्रेंडली। हार्डकवर 300 में, paperback और softcover 200 में। स्टॉल पर मौजूद वॉलंटियर अक्षय बताते हैं कि ये किताबें दुनियाभर से प्रोक्योर (procure) की जाती हैं। यहां सिर्फ ओरिजिनल बुक्स मिलती हैं, पाइरेटेड नहीं। यहां पुरानी किताबें खरीदी और बेची दोनों जाती हैं। अक्षय ने कहा कि अब लोग नई किताबों की जगह सेकंड हैंड बुक्स ढूंढ रहे हैं। ये सस्ती भी होती हैं और रिसोर्सेज भी बर्बाद नहीं होते। यहां चोरी किताबों की नहीं होती, बस रीडर्स दिल से पकड़े जाते हैं। स्टॉल से निकलते वक्त यही लगा- सस्ती किताब, बढ़िया कंडीशन और एकदम पैसा वसूल एक्सपीरियंस।

Q&A

फेवरेट किताबों का पता जान लीजिए

यहां हैं आपके सभी सवालों के जवाब

■ **आर्य समाज से जुड़ी किताबें किस स्टॉल पर मिलेंगी?**

- हॉल नंबर 3 में आर्य समाज के स्टॉल से।

■ **हिंदी कहानियों की बुक नीलमणि किस पब्लिकेशन पर मिलेगी? - राकेश झांडा**

- हिंदी बुक्स को छापने वाले पब्लिकेशन पर ये बुक मिल सकती है।

■ **मेरे पास हिंदी इंग्लिश किताब और पत्रिकाओं का संग्रह है। सर्वोत्तम, सारिका, दिवाना का जिल्द समेत संग्रह है। क्या मैं इन्हें कहीं बेच कर कुछ पैसे अर्जित कर सकता हूं? -सुभाष जैन**

- बुक फेयर में कुछ लोग पुराने संग्रहों की किताबों को बेचने के लिए स्टॉल लगाते हैं। आप ऐसे किसी शख्स से बात करके पुरानी बुक्स को बेचने के लिए उन स्टॉल पर रखवा सकते हैं।

■ **बुक फेयर किस दिन लास्ट हो रहा है?**

- 18 जनवरी को फेयर का आखिरी दिन है।

■ **क्या बुक फेयर में सेकंड हैंड किताबें मिल सकती हैं?**

- हां, फेयर में बुक चोर नाम से हॉल नंबर-6 में एक स्टॉल है, जिस पर इस तरह की बुक्स मिल रही हैं।

■ **सेना के टैंक और हथियार कहां देख सकते हैं? क्या इसके लिए अलग टिकट है?**

- ये हॉल नंबर 5 के पास बने डिफेंस पविलियन में है। इसके लिए अलग से कोई टिकट नहीं है।

स्प्रिचुअल बुक्स के साथ यूथ का कनेक्शन और वाइब



Devid.Sharma@timesofindia.com

■ बुक फेयर के उस शोर-शराबे के बीच अचानक एक लाइन मेरे कान में पड़ी, 'देखोगे तो जानोगे!' ये कोई नॉर्मल सेल्स पिच तो नहीं थी। मैंने मुड़कर देखा तो वहां धर्म और स्पिरिचुअलिटी की किताबों का पूरा जखीरा था। मेरी जिज्ञासा जागी और मैं वाइब चेक करने उस ओर मुड़ गया।

मेरे घर पर भी गीता और उपनिषद रखे हैं, लेकिन वो बस बुकशेल्फ्स एस्थेटिक्स का हिस्सा हैं। यहां भी सीन कुछ ऐसा ही था, बाकी स्टॉल्स के मुकाबले कम लोग दिखे। Gen-Z तो ना के बराबर थे और जो एक-दो दिखे भी तो उनके चेहरे पर साफ लिखा था 'मॉम मेड मी डु इट!' इस सीरियस जोन से निकलकर मैं थोड़ा आगे बढ़ा तो एक इंट्रेस्टिंग नजारा दिखा। एक लड़का वीडियो कॉल पर अपने किसी फ्रेंड को किताबें दिखा रहा था 'यार, देख न! इसमें से ओशो की कौन सी किताब लूं?' मैंने नोटिस किया कि ओशो के सेक्शन में यूथ का फुट-फॉल ठीक-ठाक था। वजह थी, उनका लॉजिक और समझाने का स्वैग। उससे थोड़ी बात हुई तो उसने बताया, 'ओशो को रील्स पर सुना था। उनका थॉट प्रोसेस हिट करता है। तब से स्पिरिचुअलिटी में थोड़ा इंटरेस्ट आने लगा है।'

रील्स का जिक्र आया तो दिमाग में आचार्य प्रशांत का ख्याल आना तो बनता था। मैं उनके स्टॉल को गूगल मैप्स की तरह स्कैन कर ही रहा था कि तभी एक लड़की ने मुझे अप्रोच किया, 'Hey! Do you have an interest in Philosophy?' उसका सवाल सुनते ही मैं समझ गया कि डेस्टिनेशन पास ही है। जब मैं वहां पहुंचा तो देखा कि उनका स्टॉल बाकी दिग्गजों के मुकाबले थोड़ा छोटा था, लेकिन वहां की एनर्जी अलग थी। वहां यंग क्राउड डिस्कशन के साथ खरीदारी कर रहा था। उनके वॉलंटियर्स भी हम उम्र ही थे।

बेघर तीमारदारों के लिए किए गए इंतजाम

रैन बसेरा: 70 पैगोड़ा टेंट तैयार, सबवे हो गए साफ

Prachi.Yadav@timesofindia.com

उठाए कदम: कोर्ट ने पाया कि सभी संबंधित एजेंसियों ने मरीजों के बेघर तीमारदारों की समस्या को दूर करने के लिए गंभीरता से कदम उठाए हैं

■ **नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को गौर किया कि ठिठुरती ठंड में अस्पताल के बाहर खुले में रात बिताने को मजबूर प्रभावित लोगों के स्वास्थ्य और भलाई की रक्षा के लिए सरकारी एजेंसियों द्वारा कुछ कदम उठाए गए हैं। इस मुद्दे पर साउथ डिस्ट्रिक्ट के प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज, एम्स के एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट और दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (DUSIB) ने हाई कोर्ट को अपनी रिपोर्ट दी, जिन्हें देखने पर कोर्ट ने पाया कि सभी संबंधित एजेंसियों ने अस्पतालों के अंदर और आसपास मरीजों के बेघर तीमारदारों को होने वाली समस्या को दूर करने के लिए पूरी गंभीरता से कदम उठाए हैं और उठा रही हैं। लॉन्ग टर्म उपायों के तौर पर अंसारी नगर में 3000 बेड वाले विश्राम सदन के निर्माण से जुड़ा एम्स का प्रस्ताव कोर्ट को काफी पसंद आया। इसमें एम्स को हर संभव मदद देने का संबंधित एजेंसियों को निर्देश मिला।

HC ने जताया विश्वास, नोडल अधिकारियों की हालात पर लगातार रहेगी नजर

रैन बसेरों में पर्याप्त जगह और सुविधाओं की कमी पर खुद से सुनवाई शुरू करते हुए हाई कोर्ट ने 14 जनवरी को केंद्र और दिल्ली सरकार समेत संबंधित सरकारी एजेंसियों को साकेत कोर्ट में प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज की अध्यक्षता में बैठक करने का निर्देश दिया था। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने कोर्ट को बताया कि प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट और सेशंस जज ने तीन घंटे की मीटिंग की थी। इसमें अलग- अलग अथॉरिटी के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। 70 पैगोडा टेंट लगाए गए हैं, सबवे को अपने कब्जे में लेकर साफ किया गया है।

इसके बाद चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने यह आदेश पारित किया। कोर्ट ने कहा, हमें लगता है कि पिछले दो दिनों में स्थिति में सुधार हुआ है, हालांकि एजेंसियों के नोडल अधिकारियों और अन्य प्रमुख अधिकारियों से लगातार निगरानी रखने की उम्मीद है। हमें भरोसा है कि किसी कठिनाई को दूर करने के लिए जो जरूरी होगा, वो किया जाएगा।

3000 बेड वाले AIIMS विश्राम सदन के लिए वकील देंगे डोनेशन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

हाई कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली हाई कोर्ट बार एसोसिएशन (DHCBA) के सदस्य वकीलों से एम्स को डोनेशन देने की अपील की, ताकि मरीजों, उनके अटेंडेंट और परिवार वालों को रहने की जगह मिल सके, जो कड़ाके की ठंड में अस्पताल के बाहर सोने को मजबूर हैं। कोर्ट की अपील पर DHCBA अध्यक्ष सीनियर एडवोकेट एन हरिहरन ने मदद का पूरा भरोसा दिलाया और तत्काल कुछ फंड देने की पेशकश भी की।

चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की डिवीजन बेंच ने मौखिक रूप से कहा कि वकीलों को इसमें सक्रियता दिखानी चाहिए। यह तब हुआ जब एम्स की ओर से पेश वकील सत्य रंजन स्वैन ने कोर्ट को बताया कि अस्पताल ने लॉन्ग टर्म उपाय के तौर पर 2 एकड़ जमीन पर 3,000 बेड वाली सुविधा विश्राम सदन (नाइट शेल्टर) बनाने का प्रस्ताव दिया है। यह जानने के बाद कि एम्स डोनेशन स्वीकार करता है, कोर्ट ने एएसजी चेतन शर्मा से कहा, DHCBA के सदस्यों को एक्टिव करें, ताकि फंड AIIMS को डोनेट किया जा सके।

HC की अपील पर वकील संगठन आए आगे

पंजाब बाढ़ में भी दिया था डोनेशन

एएसजी शर्मा ने आश्वासन दिया कि बार इस अनुरोध पर जिम्मेदारी से काम करेगा और इस नेक काम के लिए पहला डोनेशन वह खुद देंगे। कुछ ही मिनटों में, DHCBA के अध्यक्ष, सीनियर एडवोकेट एन हरिहरन भी वर्चुअल मोड से शामिल हो गए। कोर्ट ने अपील दोहराई। इस पर सीनियर एडवोकेट एन हरिहरन ने कहा, हम ऐसा करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पंजाब बाढ़ के दौरान DHCBA ने भी इसी तरह का डोनेशन दिया था। उसमें से कुछ फंड है, जो तत्काल इस काम के लिए दिया जा सकता है।

हिरणों की बढ़ती आबादी चिड़ियाघर के लिए बनी सिरदर्द

■ राम त्रिपाठी, चिड़ियाघर

इन्हें रखने के लिए चिड़ियाघर के पास पर्याप्त नाइट शेल्टर तक नहीं है

चिड़ियाघर (NZP) में हिरण और मृग प्रजाति के वन्य जीवों की बढ़ती संख्या से उनका रखरखाव प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। इस प्रजाति के 260 से अधिक वन्य जीव लंबे समय से 'सरप्लस' की श्रेणी में आ चुके हैं। उन्हें तरीके से रखने के लिए चिड़ियाघर के पास पर्याप्त संख्या में नाइट शेल्टर तक नहीं है। देश के कई चिड़ियाघरों से 'एनिमल एक्सचेंज' योजना के तहत उनके बदले दूसरे वन्य जीव लेने की कोशिशें भी परवान नहीं चढ़ पा रही हैं।

हर बीट में 2 से 5 शेल्टर ही ठीक स्थिति में है

चिड़ियाघर के एक अधिकारी ने बताया कि हिरण और मृग प्रजाति के हर वन्य जीव को रात में शेल्टर की जरूरत नहीं होती, लेकिन बीमार, घायल और अधिक उम्र के वन्यजीवों को शेल्टर की जरूरत होती है। कागजों में दर्ज इन सभी शेल्टरों की हालत बिल्कुल ठीक नहीं बताई जा रही है। अधिकारी के अनुसार, हर बीट में 2 से 5 शेल्टर ही ठीक स्थिति में हैं। कई बार नर हिरणों में आपसी लड़ाई जानलेवा साबित होती है। चिड़ियाघर में हर साल 150 से अधिक छोटे बड़े वन्यजीव और पक्षियों की मौत होती है जिनमें 50 से अधिक हिरण और मृग प्रजाति के वन्य जीव शामिल हैं। हिंसक घटनाओं के कारण नर और मादा हिरण और मृगों को बाड़े में अलग-अलग रखा जा रहा है।

चिड़ियाघर के डायरेक्टर डॉ. संजीत कुमार ने बताया कि नैशनल जू अथॉरिटी की गाइडलाइन का पालन करते हुए 20 जोड़ों से अधिक किसी भी प्रजाति के जानवर को रखा नहीं जा सकता है। उनके संरक्षण का काम प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। कई बीट में हिरण और मृग प्रजाति के वन्य जीवों की संख्या बहुत अधिक है, लेकिन उतने नाइट शेल्टर नहीं हैं।

सबसे ज्यादा आबादी काला मृग की है

सबसे अधिक संख्या काला मृग की है। 60 जोड़े और उनके 20 बच्चों सहित 140 काला मृग हैं। इसके बाद चीतल हिरण 80 (20 नर, 40 मादा, शेष बच्चे) हैं। काकड़ 70 (20 नर, 40 मादा, शेष बच्चे) सांभर हिरण भी 70 (25 जोड़े, 20 सिंगल जेंडर और बच्चे) हैं। पाड़ा हिरण 50 (15 जोड़े, 20 सिंगल जेंडर और बच्चे) हैं। सबसे कम चौसिंगा मृग, केवल 1 नर है। सिका हिरण एक जोड़ा है। चिंकारा मृग की संख्या केवल 8 (3 नर, 4 मादा, 1 बच्चा) है।

रेलवे स्टेशन पर पार्सल की बुकिंग बंद

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** गणतंत्र दिवस के मद्देनजर राजधानी के सभी रेलवे स्टेशन पर हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सुरक्षा के लिहाज से रेलवे प्रशासन ने ट्रेनों में पार्सल की बुकिंग पर अस्थाई रोक लगाने का फैसला लिया है। यह निर्णय 23 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा।

इसके अलावा नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल और दिल्ली सराय रोहिल्ला पर सभी प्रकार के पार्सल लेनदेन पर रोक लग दी गई है। रेलवे के अनुसार, इन स्टेशनों पर पार्सल गोदाम और प्लेटफॉर्म पार्सल पैकिंग से मुक्त रखे जाएंगे।

CDER में ऑन-कॉल ड्यूटी रोस्टर होगा सेंट्रलाइज्ड

■ **NBT रिपोर्ट नई दिल्ली:** एम्स दिल्ली के सेंटर फॉर डेंटल एजुकेशन एंड रिसर्च (CDER) में ऑन-कॉल ड्यूटी व्यवस्था को और व्यवस्थित करने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है। डेंटल सेंटर प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों और स्पेशलिटी से महीने की ऑन-कॉल ड्यूटी से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है, ताकि एक सेंट्रलाइज्ड ड्यूटी रोस्टर तैयार किया जा सके।

इसके लिए प्रशासन ने रोस्टर का फॉर्मेट भी जारी कर दिया है। अभी इस पहल की शुरुआत सिर्फ डेंटल सेंटर ने ही की है, जल्द ही इसे बाकी सेंटरों और विभाग को भी तैयार करना होगा।

यमुना की 70% गंदगी होगी खत्म! नजफगढ़ नाले में उतरी फिनलैंड की वॉटर ड्रेजर मशीन

Dredger

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



फिनलैंड से आयातित एम्फीबियन वॉटर ड्रेजर मशीन का उद्घाटन मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने किया

यमुना में सबसे ज्यादा गंदगी नजफगढ़ नाले से है। नाले के गंदे पानी से ही सालों से यमुना गंदी है। कुल 57 किमी लंबे नाले की सफाई के लिए सिंचाई और बाढ़ विभाग ने शुक्रवार से फिनलैंड से आयातित एम्फीबियन वॉटर ड्रेजर मशीन को नाले में उतारा है। मशीन का उद्घाटन दिल्ली सरकार में सिंचाई और बाढ़ विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने किया। इसकी लागत 8.03 करोड़ बताई जाती है। एम्फीबियन मशीन के साथ गाद को हटाने के लिए ऑटोमेटिक हॉपर बार्ज मशीनें भी मंगाई हैं। जिनकी कुल लागत करीब 5.25 करोड़ रुपये है। प्रत्येक हॉपर बार्ज की कैपिसिटी 12 क्यूबिक मीटर है।

नजफगढ़ नाले की सफाई फिनलैंड से आई एम्फीबियन ड्रेजर से शुरू

प्रवेश साहिब सिंह के अनुसार, यमुना में सबसे बड़ा प्रदूषण का स्रोत नजफगढ़ ड्रेन ही है। अगर इस ड्रेन की सफाई पूरी तरह से कर दी जाती है, तो यमुना में करीब 60-70 प्रतिशत गंदगी खत्म हो जाएगी। 57 किमी लंबे नजफगढ़ ड्रेन की सफाई के लिए फिनलैंड से एम्फीबियन वाटर ड्रेजर मशीन मंगाई गई है, जो नाले की 6 मीटर गहराई तक गाद निकालने में सक्षम है। मशीन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि जमीन और पानी, दोनों में बिना किसी रुकावट के आवाजाही कर सकती है। इसमें 4 स्टेबलाइजर हैं। 80 डिग्री तक घूमने वाला लचीला एक्सकेवेटर आर्म और 600 लीटर क्षमता की बकेट लगी है। यह मशीन जीपीएस से लैस है, ताकि इसके मूवमेंट का पता चल सके। उनका कहना है कि ड्रेजर की स्लज पंपिंग कैपेसिटी 600 क्यूबिक मीटर प्रति घंटा है। यह एक घंटे में 1.5 किमी दूर तक गाद निकाल सकता है। मशीन की कुल लागत 8.03 करोड़ रुपये है। इसके अलावा तीन ऑटोमेटिक हॉपर बार्ज भी तैनात किए गए हैं। प्रत्येक बार्ज की लागत 1.75 करोड़ रुपये है।

दो महीनों में जल बोर्ड ने खर्च किए थे 79.62 लाख

Sudama.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** छले साल छठ पूजा के दौरान यमुना में झाग हटाने के लिए दिल्ली सरकार ने हथिनी कुंड बैराज से ईस्टर्न और वेस्टर्न कैनाल में जाने वाले हजारों क्यूसेक पानी को यमुना में डायवर्ट किया, लेकिन यमुना में झाग खत्म नहीं हो पाया। कुछ दिन पहले भी कालिंदी कुंज के पास यमुना में पानी की सतह पर झाग तैरते नजर आया। छठ पूजा से पहले और दिसंबर के मध्य तक जल बोर्ड ने झाग खत्म करने के लिए करीब 46 टन केमिकल का छिड़काव किया। केमिकल के खरीदारी पर जल बोर्ड ने कुल 79.62 लाख रुपये खर्च किए। इसके बाद भी स्थिति में बदलाव नहीं है। यमुना में झाग हटाने के लिए जल बोर्ड ने जितना केमिकल का छिड़काव किया, उसकी रिपोर्ट तैयार की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि केमिकल का छिड़काव 15 अक्टूबर से शुरू किया गया और 16 दिसंबर तक लगातार छिड़काव होता रहा। पहले दिन यमुना में 1,000 किलोग्राम केमिकल का छिड़काव किया गया। दूसरे दिन केमिकल की मात्रा बढ़ाकर 1150 किलोग्राम कर दिया गया। नवंबर में स्थिति थोड़ी बेहतर होने पर केमिकल की मात्रा 400 किलोग्राम कर दी गई। 15 अक्टूबर से 4 नवंबर तक यमुना में कुल 20,300 किलोग्राम केमिकल का छिड़काव किया गया। 5 नवंबर से 25 नवंबर तक यमुना में झाग खत्म करने के लिए जल बोर्ड ने 17,500 किलो केमिकल का छिड़काव किया। कुल मिलाकर दो महीने तक कुल 46,150 किलोग्राम केमिकल का इस्तेमाल किया गया।

इसके बावजूद भी यमुना से खत्म नहीं हुआ झाग

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHBP User: vivek.kumar4 Time: 01-16-2026 21:58 Color:

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: ccl Time: 01-16-2026 23:43 Color:

नई दिल्ली > शनिवार, 17 जनवरी 2026 > पौष 28, शक संवत 1947, माघ कृष्ण चतुर्दशी, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 15 > पेज 26* > मूल्य ₹5.00 या ₹11.50* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in
*स्थानिक खरीद पर ही लागू

NBT नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

भारत बनाम बांग्लादेश
U-19 वर्ल्ड कप मैच
समय: 1:00 pm से, जिम्बाब्वे में, प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स पर
p14

गोल्डन ग्लोब्स फैशन में प्रियंका-सेलेना टॉप पर
DelhiTimes

WPL आज के मैच

यूपी वॉरियर्ज vs मुंबई इंडियंस
3:00pm से, नवी मुंबई में

दिल्ली कैपिटल्स vs रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
7:30pm से, नवी मुंबई में

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 7, 10, 13 और 14

GOOD न्यूज
गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 13

महाराष्ट्र में महा-बदलाव

सबसे बड़े नगर निगम BMC में पहली बार BJP का मेयर | 29 नगर निकायों में से 25 में सत्ताधारी गठबंधन को बढ़त

Rajkumar.Singh@timesofindia.com

■ **मुंबई:** महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों में बीजेपी की अगुआई वाला सत्ताधारी गठबंधन 'महायुति' बंपर जीत की ओर है। शुक्रवार रात तक आए नतीजों और रुझानों में 29 निगमों में से 25 में बीजेपी गठबंधन जीत के करीब है। सबसे अहम नतीजा BMC यानी बृहन्मुंबई नगर निगम का रहा, जहां इस सत्ताधारी गठबंधन ने अविभाजित शिवसेना के तीन दशकों के वर्चस्व को तोड़ा है। इस सबसे बड़ी महानगरपालिका में पहली बार बीजेपी का मेयर होगा। साथ ही, नागपुर, पुणे, ठाणे, नवी मुंबई, पिंपरी चिंचवड और नासिक में भी बीजेपी गठबंधन जीत की ओर है।

ठाकरे भाई नहीं छोड़ पाए प्रभाव, कांग्रेस का भी हाल बुरा

BMC समेत 29 निकायों के लिए गुरुवार को वोट पड़े थे। इन चुनाव में दुश्मनी भुलाकर उद्धव और राज ठाकरे एक साथ मैदान में थे। हालांकि ठाकरे भाइयों को विशेष फायदा नहीं हुआ। खुद डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे भी चुनाव में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। कांग्रेस भी बहुत मौजूदगी दर्ज नहीं करा पाई।

29 निगम की 2869 सीटों में से देर रात तक 2784 पर नतीजे आए, जिनमें सबसे ज्यादा 1372 सीटों पर बीजेपी जीती। शिवसेना -शिंदे गुट 394 सीटें जीत दूसरे नंबर पर है। पेज 11

बंपर जीत... महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जनता विकास चाहती है, इसीलिए हमें चुना है।

पवार परिवार का भी फ्लॉप रहा शो

महायुति सरकार में डिप्टी सीएम अजित पवार को झटका लगा है। अजित की पार्टी ने महायुति छोड़कर मुंबई में अकेले चुनाव लड़ा। अपने मजबूत गढ़ पुणे, पिंपरी चिंचवड में वापसी के लिए चाचा (शरद पवार) की अगुआई वाली NCP से हाथ मिलाया था। लेकिन चाचा-भतीजे के लिए ये चुनाव फ्लॉप शो ही साबित हुए।

> महाराष्ट्र के लोगों ने NDA के जन-समर्थक सुशासन के अजेंडे को आशीर्वाद दिया है। हमारा ट्रैक रेकॉर्ड और विकास का विजन लोगों को पसंद आया है। यह वोट प्रगति को गति देने और राज्य की शानदार संस्कृति का जश्न मनाने के लिए है।
> -नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

ओवैसी की AIMIM ने दिखा दी ताकत

सांसद असदुद्दीन ओवैसी की AIMIM ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसने BMC में ही 8 सीटें जीत कर चौंका दिया। साल 2017 में इसे सिर्फ 2 सीटें मिली थीं। मालेगांव, नांदेड़, संभाजीनगर, धुले, अमरावती, जालना में भी शानदार प्रदर्शन किया। पूरे राज्य में यह 114 सीटों पर जीत चुकी है, जिसमें 33 सीटें संभाजीनगर में जीती हैं।

खबर का असर: इंदिरा गांधी स्टेडियम में होने लगी सफाई

Prabhat.Sharma@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रही इंडिया ओपन सुपर-750 बैडमिंटन चैंपियनशिप को लेकर उठे सवालों के बाद आखिरकार प्रशासन हरकत में आया। गंदगी, अव्यवस्था और जानवरों की मौजूदगी को लेकर विदेशी खिलाड़ियों की शिकायतों और नवभारत टाइम्स की रिपोर्ट के बाद कॉम्प्लेक्स में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान शुरू किया गया। 16 जनवरी को हालात 14 जनवरी से बिल्कुल अलग नजर आए। मेन एंट्री से लेकर हॉल, गैलरी और प्लाजा तक सफाईकर्मी सक्रिय दिखे। टूटे-फूटे हिस्सों को कवर किया गया, मलबा हटाया गया और साइन बोर्ड लगाए गए। गंदी टाइल्स को धोकर चमकाया गया, जबकि बदबूदार वॉशरूम को बैरिकेड कर दिया गया।

NBT इंपैक्ट



पहले...वॉशरूम की हालत ऐसी थी।



अब...हॉल, गैलरी में दिखी सफाई

...लेकिन अब भी सवाल बाकी

सफाई तो हो गई, लेकिन कॉम्प्लेक्स से कबूतरों को भगाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं, इस पर अभी भी सवाल है। लोगों का कहना है कि सिर्फ सफाई नहीं, बल्कि स्थायी व्यवस्था जरूरी है।

14 जनवरी को NBT ने बदहाली पर खबर प्रकाशित की थी।

राजधानी का AQI 350 पार, GRAP-3 लागू



घने कोहरे के बीच गणतंत्र दिवस परेड की रिहर्सल हुई।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली में 14 दिन बाद GRAP-3 की वापसी हो गई। इस बार पूर्वानुमान के आधार पर इसे लागू किया गया है। इसे तब लागू किया जाता है जब AQI 401 से 450 के बीच पहुंचने के आसार हों। पूर्वानुमान के अनुसार 17 और 18 जनवरी को प्रदूषण गंभीर स्थिति में रह सकता है। दिल्ली का AQI 354, फरीदाबाद का 245, गाजियाबाद का 376, ग्रेटर नोएडा का 358, गुरुग्राम का 347 और नोएडा का 363 रहा। GRAP-3 में निर्माण संबंधी गतिविधियों पर शर्तों के साथ रोक रहेगी। 5वीं तक स्कूल हाइब्रिड मोड पर चलेंगे। देखें अंदर

रांची ED ऑफिस पर छापा पहली नज़र में तयशुदा: HC

■ पीटीआई, रांची

झारखंड हाई कोर्ट ने ईडी ऑफिस पर हुई राज्य पुलिस की छापेमारी को पहली नजर में 'पहले से तय' बताया है। ईडी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने केंद्र सरकार के गृह सचिव को मामले में पक्षकार बनाने का आदेश दिया। कोर्ट ने ईडी ऑफिस और अफसरों की सुरक्षा के लिए CRPF, BSF या किसी अन्य अर्धसैनिक बल की तैनाती के निर्देश दिए। साथ ही रांची SSP को सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा। कोर्ट ने कहा कि किसी भी लापरवाही के लिए वे सीधे जिम्मेदार होंगे। ईडी अफसरों के खिलाफ दर्ज FIR की जांच पर भी रोक लगा दी।

जस्टिस वर्मा को SC से राहत नहीं

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कैश कांड में इलाहाबाद हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा की याचिका को खारिज कर दिया। इसमें उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष द्वारा उनके पद से हटाने (महाभियोग) से संबंधित प्रस्ताव को स्वीकार किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। पेज 10

चाबहार पर विदेश मंत्रालय ने कहा- US से हो रही बात

कश्मीर के कई इलाकों में शुक्रवार को ईरान के समर्थन में प्रदर्शन हुए।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि ईरान में रणनीतिक रूप से अहम चाबहार बंदरगाह से जुड़ी योजनाओं पर आगे बढ़ने के लिए भारत सरकार अमेरिका से बात कर रही है। कुछ रिपोर्टों में कहा गया था कि चाबहार से भारत की साझेदारी खत्म हो गई है, जिसे डिवेलप करने में भारत की बड़ी भूमिका है। ईरान से व्यापार करने वाले देशों पर 25% टैरिफ की धमकी के बाद सरकार ने यह भी कहा कि हम चाबहार में अपनी भागीदारी के संबंध में विभिन्न विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। चाबहार पर भारत को US से मिली छूट 26 अप्रैल को खत्म हो रही है।

ईरान की हिरासत में 10 भारतीय: मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने कहा कि ईरान में लगातार नजर बनाए हुए हैं। वहां 9000 के करीब भारतीय हैं। वहां फंसे लोगों की सुरक्षा और भलाई के लिए हम सभी जरूरी कदम उठाएंगे। जो भी बन पड़ेगा करेंगे। मंत्रालय ने यह भी बताया कि ईरान में 10 भारतीय हिरासत में हैं। उन तक कौन्सुलर एक्सेस की मांग की गई है। इस बारे में दोनों देशों के बीच राजनयिक बातचीत जारी है। पेज 15

वेनेजुएला की मचाडो ने सौंपा अपना मेडल
ट्रंप को मिल गया नोबेल!

■ पीटीआई, वॉशिंगटन

वेनेजुएला में विपक्ष की नेता मारिया कोरिना मचाडो (Maria Corina Machado) ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप से मुलाकात के दौरान उन्हें अपना नोबेल शांति पुरस्कार का मेडल सौंपा। मचाडो ने कहा कि हमारी आजादी के लिए उनकी अनूठी प्रतिबद्धता को सम्मान देने के लिए मैंने यह मेडल उन्हें सौंपा है। ट्रंप ने कहा कि मारिया ने मेरे काम के लिए अपना नोबेल शांति पुरस्कार मुझे सौंपा है।

नोबेल कमिटी ने कहा, प्राइज साझा नहीं कर सकते

ट्रंप 8 जंग रोकने का दावा करते हुए खुद के लिए नोबेल की वकालत करते रहे हैं। मारिया ने उन्हें पीछे छोड़ते हुए 2025 का यह पुरस्कार अपने नाम किया था। मचाडो ने पहले कई बार कहा था कि मैं नोबेल ट्रंप को दूंगी। लेकिन नोबेल कमिटी ने कहा कि एक बार घोषणा के बाद इसे वापस नहीं लिया जा सकता, न साझा किया जा सकता है और न ही किसी को ट्रांसफर किया जा सकता है।

चहक उठे ट्रंप वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो ने गुरुवार को वाइट हाउस में ट्रंप से मुलाकात के दौरान उन्हें अपना नोबेल शांति पुरस्कार सौंपा। ट्रंप ने कहा कि यह मेरे लिए सम्मान की बात है।

SC ने कहा, अनुच्छेद-32 का दुरुपयोग

HC में अर्ज़ी पेंडिंग, फिर भी अपील, भड़का SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाएं दायर करने में संविधान के अनुच्छेद 32 के संवैधानिक अधिकार के दुरुपयोग पर शुक्रवार को नाराजगी जताई। इस अनुच्छेद के तहत मौलिक अधिकारों के उल्लंघन की स्थिति में कोई शख्स सीधे सुप्रीम कोर्ट जा सकता है। एक शख्स ने बॉम्बे हाई कोर्ट में सुनवाई टलने पर जब इस अधिकार के तहत सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया तो जस्टिस बी. वी. नागरत्ना की अगुआई वाली बेंच ने कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हर छोटी बात पर, स्थगन पर... अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दायर कर देते हैं। खासकर दिल्ली के आसपास के लोग ऐसी याचिकाएं दायर कर रहे हैं। यह क्या है? यह याचिका अदालत की प्रक्रिया और कानून का घोर दुरुपयोग है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया।

'दिल्ली के आसपास से ऐसी याचिकाएं दायर हो रहीं'

> हर छोटी बात पर, स्थगन पर भी, यहां आर्टिकल 32 में याचिका दायर की जाती है। यह कानून का घोर दुरुपयोग है।
> -सुप्रीम कोर्ट

तृणमूल नेता मुकुल को अयोग्यता से राहत

दलबदल विरोधी कानून के तहत तृणमूल नेता मुकुल रॉय को पश्चिम बंगाल विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराने वाले कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रोक लगा दी। कोर्ट ने मुकुल रॉय के बेटे की याचिका पर यह अंतरिम आदेश दिया।

हैपी मॉर्निंग

संजू और बंटी दोनों भाई एक ही क्लास में पढ़ते थे।
टीचर: तुम दोनों ने अपने पापा का नाम अलग-अलग क्यों लिखा?
संजू: मैडम फिर आप कहोगे कि नकल मारी है, इसलिए।

₹ अर्थसार

सेंसेक्स	83,570.35 (+187.64)
निफ्टी	25,694.35 (+28.75)
रुपया/US डॉलर	90.64 (+0.44)
रु/यूरो	105.22 (+0.17)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
दिल्ली	₹1,46,200 (-1,100)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
दिल्ली	₹2,92,600 (+3,600)

मौसम

अधिकतम तापमान 22.5°
4.3° न्यूनतम तापमान

सूर्यास्त 5:48 शनिवार | सूर्योदय 7:15 रविवार

अगले दो दिनों तक मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना है।

सरकारी आंकड़ो में खुलासा 2024-25 में जहां 1.80 लाख गाड़ियां स्क्रैप हुईं, 2025-26 में दिसंबर तक सिर्फ 139

दिल्ली में पुरानी गाड़ियों की स्क्रैपिंग में भारी कमी, NOC लेने वालों की संख्या भी घटी

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राजधानी में उम्र पूरी कर चुकी पुरानी गाड़ियों की स्क्रैपिंग और एनओसी लेने के आंकड़ों में बड़ी गिरावट आई है। दिल्ली सरकार की 'सांख्यिकी हैंडबुक 2025' के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में 1,80,877 गाड़ियों को स्क्रैप किया गया था, जबकि 2025-26 में दिसंबर तक सिर्फ 139 गाड़ियों की ही स्क्रैपिंग हुई। इसी तरह 2024-25 में 8,30,086 गाड़ियों की एनओसी ली गई थी, जो 2025-26 में दिसंबर तक घटकर 89,896 रह गई। इस गिरावट की मुख्य वजह अगस्त 2024 में सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत मानी जा रही है, जिसमें BS-4 श्रेणी की गाड़ियों पर कार्रवाई पर रोक लगाई गई थी। हालांकि इन्हें चलाने की अनुमति अब भी नहीं है। परिवहन विशेषज्ञ और पूर्व डिप्टी कमिश्नर अनिल छिकारा के अनुसार, स्क्रैपिंग पर स्पष्ट कैश बेनिफिट नीति न होने से लोग एनओसी लेकर वाहन दूसरे राज्यों में ले जा रहे हैं।

2024-25 में 8.30 लाख एनओसी
2025-26 में दिसंबर तक 89,896



वॉकी टॉकी अवैध ढंग से बेचे, आठ कंपनी पर फाइन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (CCPA) ने ई-कॉमर्स मंचों पर वॉकी-टॉकी की बिना अनुमति और नियमों के विपरीत बिक्री के मामले में संज्ञान लेते हुए आठ कंपनियों पर 44 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। सीसीपीए ने नोटिस जारी किए थे। CCPA ने पाया कि प्लेटफॉर्म्स ने ऐसे पर्सनल मोबाइल रेडियो की बिक्री की, जो प्रतिबंधित और संवेदनशील रेडियो फ्रीक्वेंसी पर काम करते हैं।

8 ई-कॉमर्स कंपनियों पर CCPA ने लगाया 44 लाख जुर्माना

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: cci Time: 01-16-2026 23:05 Color:

राजधानी को पर्यटनोत्सव का केंद्र बनाने के लिए काम किया जाना चाहिए। यह कहना है केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का। -p4

देश की सबसे बड़ी मेडिकल टेस्ट परीक्षा NEET(UG) के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन इस बार जनवरी में ही शुरू हो जाएगा -p10

354 रहा दिल्ली का AQI शुक्रवार को, गाजियाबाद का 376 रहा

4.3 डिग्री रहा शुक्रवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान। यह सामान्य से 3.3 डिग्री कम रहा

www.delhi.nbt.in

टेक्नॉलजी संग दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ जंग

प्रदूषण पर 'वॉर रूम': सीएम ने बनाई 24x7 क्लीन-एयर रणनीति

NBT 5 मिनट में पढ़ें

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

प्रदूषण नियंत्रण को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी संबंधित विभागों के मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक हाई लेवल समीक्षा बैठक की। इसमें विभागों द्वारा प्रदूषण में कमी लाने के लिए बनाए गए एक्शन प्लान की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने प्रदूषण कम करने के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी सीएम को दी। रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए 12 महीने, 24 घंटे काम करना होगा। सरकार शॉर्ट टर्म और लॉन्ग टर्म योजनाएं बनाकर उन्हें लागू कर रही है। सीएम ने बैठक में धीमी रफ्तार से चल रही योजनाओं पर अधिकारियों को फटकार भी लगाई और ब्लू प्रिंट के हिसाब से प्रभावी काम करने के निर्देश दिए। सड़कों की मरम्मत, ई-परिवहन को बढ़ावा देने और सफाई पर फोकस करने को कहा गया है।

सरकार निजी वाहनों के इस्तेमाल को कम करने और बसों की संख्या बढ़ाने पर फोकस कर रही है। 31 मार्च 2029 तक 14 हजार इलेक्ट्रिक बसें लाने की योजना बनाई है। इनमें 7 मीटर लंबी बसें भी शामिल हैं, जो 'लास्ट-माइल कनेक्टिविटी' को मजबूत करेंगी। सरकार नई EV नीति-2.0 पर भी काम कर रही है। 58 लाख दुपहिया वाहनों को टारगेट किया जा रहा है, ताकि उन्हें ई-बाइक/स्कूटर में तब्दील किया जा सके। इसके लिए सब्सिडी और स्क्रैपिंग बेनिफिट्स दिए जाएंगे। पब्लिक चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग पॉइंट्स की संख्या भी मौजूदा 9,000 से बढ़ाकर 36,000 करने का लक्ष्य रखा गया है।

वर्तमान में दिल्ली मेट्रो का 395 किमी का नेटवर्क प्रतिदिन 65 से 70 लाख यात्रियों को सेवा दे रहा है। इसे फेज-4 में 110 किमी और फेज-5A और 5B के तहत 96 किमी का विस्तार और दिया जा रहा है। अगले चार सालों में रैपिड रेल का कुल नेटवर्क भी 323 किमी तक पहुंचाया जाएगा। सरकार ने करीब 3,300 किमी लंबी सड़कों की हालत सुधारने के लिए 6,000 करोड़ का बजट रखा है। बार-बार सड़क काटने से रोकने के लिए अंडरग्राउंड यूटिलिटी डक्ट्स बनाने पर जोर दिया जा रहा है। ट्रैफिक जाम से होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए 62 'कंजेशन पॉइंट्स' की पहचान की गई है, 30 पर तत्काल काम शुरू कर दिया गया है। ट्रैफिक प्रबंधन को ठीक करने के लिए दिल्ली सरकार ने DTC के 1200 अतिरिक्त कर्मचारी भी ट्रैफिक पुलिस को उपलब्ध कराए हैं।

PTI

मिकैनिकल स्वीपिंग से डस्ट कंट्रोल

सड़कों की धूल प्रदूषण बढ़ाने में सबसे बड़ा कारण बनकर उभरी है। इसके लिए बड़े पैमाने पर मैकेनिकल स्वीपिंग और धूल दबाने के उपाय लागू किए जा रहे हैं। 76 मैकेनिकल रोड स्वीपिंग मशीनें तैनात की गई हैं। 60 फीट से कम चौड़ी सड़कों के लिए 70 अतिरिक्त MRSM मशीनों की तैनाती को मंजूरी दी गई है। 250 वॉटर स्प्रिंकलर-कम-एंटी-डस्ट मशीनों का बेड़ा तैनात किया जाएगा। स्मार्ट पार्किंग प्रबंधन को प्रदूषण नियंत्रण रणनीति का अहम हिस्सा बनाया है। मौजूदा पार्किंग सुविधाएं अपर्याप्त हैं। इससे नो पार्किंग जोन में पार्किंग से जाम जैसी समस्या होती है। बड़े पैमाने पर पार्किंग इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने की तैयारी है।

लैंडफिल साइटों की सफाई पर फोकस

पुराने कचरे को खत्म करने के लिए समय सीमा तय की गई है। ओखला लैंडफिल जुलाई 2026 तक, भलस्वा लैंडफिल अक्टूबर 2026 तक और गाजीपुर लैंडफिल साइट दिसंबर 2027 तक पूरी तरह साफ करने का लक्ष्य रखा गया है। दिल्ली सरकार ने कचरा प्रबंधन के लिए MCD को चालू वित्त वर्ष में 500 करोड़ रुपये और भविष्य में 300 करोड़ रुपये सालाना देने की घोषणा की है।

स्टार्टअप्स के आइडियाज़ से साफ होगी दिल्ली की हवा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर IIT दिल्ली में आयोजित 'प्रदूषण के खिलाफ इनोवेटिव सॉल्यूशंस प्रदर्शनी' का शुभारंभ किया। इस प्रदर्शनी में जून 2025 में घोषित इनोवेशन चैलेंज के तहत चुने गए 33 समाधानों के प्रोटोटाइप दिखाए गए। यह कार्यक्रम दिल्ली सरकार की प्रदूषण कम करने की योजना का अहम हिस्सा है।

CM ने IIT दिल्ली में इनोवेशन एग्जीबिशन का शुभारंभ किया

CM ने युवा इनोवेटर्स से कहा कि आप सभी के इनोवेटिव आइडियाज को देखकर उन्हें दिल्ली का आने वाला कल बहुत सुंदर और बेहतर दिखाई दे रहा है। दिल्ली का युवा अब केवल नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बने, यही हमारा संकल्प है। उन्होंने कहा कि ऑड-ईवन, रेड लाइट ऑन-इंजन ऑफ जैसे कदम अस्थायी थे। अब दिल्ली सरकार टाइमबाउंड, स्टक्चर्ड और टेक्नॉलजी-ड्रिवन समाधानों पर काम कर रही है।

पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि पिछले आठ महीनों से सरकार ऐसी तकनीक पर काम कर रही है, जिससे दिल्ली में प्रदूषण कम करने का असर साफ दिखाई दे। अगर सोनीपत, गाजियाबाद या गुरुग्राम में प्रदूषण बढ़ता है तो उसका असर दिल्ली में भी पड़ता है, इसलिए दिल्ली अपनी हवा को साफ करने के लिए अपनी खुद की प्रभावी व्यवस्था और तकनीक विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

उन्होंने भरोसा जताया कि इन प्रयासों से दिल्ली की एयर क्वॉलिटी में सुधार होगा और क्लाउड सीडिंग के जरिए प्रदूषण नियंत्रण व बारिश प्रबंधन में देश के लिए एक नई मिसाल बनेगी।

दिल्ली का युवा अब केवल नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बने, यही हमारा संकल्प है।

-रेखा गुप्ता, सीएम

- इस प्रदर्शनी में जून 2025 में घोषित इनोवेशन चैलेंज के तहत चुने गए 33 समाधानों के प्रोटोटाइप दिखाए गए
- यह कार्यक्रम दिल्ली सरकार की प्रदूषण कम करने की योजना का अहम हिस्सा है

काई वाला प्यूरीफायर 20 पेड़ों के बराबर छोड़ेगा ऑक्सिजन

काई से होगी हवा साफ, हर गाड़ी से होगा मिस्ट स्प्रे!



आईआईटी दिल्ली में शुक्रवार को प्रदूषण को कम करने के लिए विभिन्न स्टार्टअप और कंपनियां, इंस्टिट्यूट अपने समाधान के मॉडल लेकर पहुंचे। इनमें कई प्रयोग काफी अनूठे रहे और यहां इन्हें काफी पसंद भी किया गया

खास एल्गी से कम होगा प्रदूषण: जोहद्री, झीलों में जमी काई हवा को साफ कर सकती है। लिक्विड ट्री टेक्नॉलजी की मदद से काई से बना एक प्यूरीफायर करीब 20 पेड़ों के बराबर ऑक्सीजन छोड़ेगा। इसके तहत एक शीशे के चैंबर में काई वाला पानी डाला जाएगा। इस चैंबर के नीचे से प्रदूषित हवा जाएगी। जब यह हवा काई के पानी से होते हुए ऊपर जाएगी तो यह ऑक्सीजन से युक्त होगी।

डस्ट और स्मोक कैप्चर डिवाइसः मुंबई से जीरोकार्बनटेक यहां फिल्टरलेस डस्ट और स्मोक कैप्चर डिवाइस लेकर आए हैं। डॉ. वी चौरसिया ने बताया कि आमतौर पर सभी प्यूरीफायर में फिल्टर होता है। यह फिल्टर जब भर जाते हैं तो उन्हें फेंक दिया जाता है। उससे वापस फिल्टर के प्रदूषण हवा में घुल जाते हैं। हमने फिल्टर रहित डिवाइस तैयार किया है। यह प्रदूषक को स्टोर करते हैं और उन्हें प्रैक्टिकल तरीके से निपटाया जा सकता है।

हर गाड़ी बनेगी प्यूरीफायरः दिल्ली से आए अमित ने बताया कि हर कार हवा को साफ करने का काम कर सकती है। राजधानी में एक करोड़ गाड़ी पर यह खास प्यूरीफायर लगा दिया जाए तो प्रदूषण काफी हद तक कम हो जाएगा। इसमें कोई पावर नहीं है और कोई मोटर भी नहीं है। गाड़ी जब चलेगी तो एयर प्रेशर की मदद से ही हवा को यह साफ करेगी। यह 10 हजार रुपये का फिल्टर है, बल्क लेवल पर कीमत और कम हो जाएगी।

आज कोहरे का येलो अलर्ट

कुछ दिन शीतलहर से राहत, 21 से वापसी!

- चार दिन बाद शुक्रवार को 4 डिग्री से ऊपर रहा न्यूनतम तापमान
- पालम में विजिबिलिटी महज 150 मीटर रही
- पूर्वानुमान के अनुसार, आज आंशिक बादल रहेंगे

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** चार दिन बाद राजधानी को शीतलहर से राहत मिल गई। शुक्रवार को सभी जगह तापमान 4 डिग्री से ऊपर रहा। शनिवार को कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है। 21 जनवरी से सर्दी एक बार फिर वापसी कर सकती है।

बीते चार दिनों की तुलना में शुक्रवार की शुरुआत थोड़ी कम सर्द रही। सुबह छह बजे तक घना कोहरा रहा। पालम में विजिबिलिटी महज 150 मीटर रही। सात बजे के बाद कोहरे की स्थिति में सुधार हुआ और धूप खिलने लगी। अधिकतम तापमान 22.5 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.9 डिग्री अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री रहा। यह सामान्य से 3.3 डिग्री कम रहा। हवा में नमी का स्तर 39 से 100 प्रतिशत रहा। पालम में न्यूनतम तापमान 4.7 डिग्री, लोदी रोड में 4.7 डिग्री, रिज में 6 डिग्री, आया नगर में 4.3 डिग्री रहा।

पूर्वानुमान के अनुसार शनिवार को आंशिक बादल छाए रहेंगे। ज्यादातर जगहों पर मध्यम कोहरा और कुछ जगहों पर घना कोहरा रहेगा। अधिकतम तापमान 22 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री तक रह सकता है। 18 से 20 जनवरी तक आंशिक बादल छाए रहेंगे। सुबह के समय मध्यम कोहरा रहेगा। अधिकतम तापमान 21 से 24 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7 से 10 डिग्री तक रह सकता है। 21 जनवरी से एक बार फिर सर्दी बढ़ेगी। आंशिक बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान 19 से 21 और न्यूनतम तापमान 6 से 8 डिग्री तक रह सकता है।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
विकास पथ गाजियाबाद
(ISO 9001 :2015 एवं ISO 14001 :2015 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक 655/पी0ए0-टी0/2025-26 दिनांक 16.01.2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से 12 कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की वेबसाइट www.gdaghaziabad.in पर उपलब्ध हैं एवं UPLC की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर निविदा विक्रय की तिथि में उपलब्ध होगी। सम्बन्धित निविदाओं को ई-निविदा आमंत्रण सूचना में उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गयी तिथियों पर खोला जायेगा। निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन व अतिरिक्त सूचनाओं को वेबसाइट पर ही प्रकाशित किया जायेगा।

प्रभारी मुख्य अभियन्ता

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, @Gda Ghaziabad, gdagzb
हेल्पलाइन नं. 0120-4418384 व्हाट्सएप- 9999988004, वेबसाइट : www.gdaghaziabad.in

एक सुन्दर शहर .... हमारा संकल्प

उत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल इंजीनियर-चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं:

कार्य का नाम	सहायक मंडल अभियंता रोहतक के अंतर्गत SSE/W/ROK खंड में DLI-BTI खंड पर ABQ में रेल स्तर प्लेटफॉर्म संख्या 1, 2, 3, 4 को ऊंचा करना और उच्च स्तरीय प्लेटफॉर्म तक विस्तारित हेतु कार्य। (निविदा) संख्या 117-25-26-W-IV)
अनुमानित लागत	₹5,64,24,621.12 — धरोहर राशि ₹4,32,100/-
ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय	ई-निविदा भरने का समय कार्य 27.01.2026 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 10.02.2026 को 15:00 बजे
निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है	www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

पत्र सं.: 128-डब्ल्यू/260/निविदा सूचना/NIT 117/25-26-डब्ल्यू-4
दिनांक: 15.01.2026 170/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना (ई-टेंडरिंग द्वारा)

कार्य का नाम तथा स्थान	नई दिल्ली के सरोजनी नगर रेलवे कॉलोनी में स्थित टाइप-VI फ्लैटों की 20 इकाइयों में दूरसंचार सुविधाएं उपलब्ध कराना।
कार्य की अनुमानित लागत	रु. 97,46,516.52/- मात्र
धरोहर राशि	रु. 1,94,900.00/- मात्र
कार्यालय का पता	वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता-C, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055
निविदा प्रपत्र जमा करने तथा निविदा खुलने का दिनांक तथा समय	निविदा प्रपत्र जमा अपलोड करने का समय दिनांक 09.02.2026, 15.00 बजे तक
वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है	उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें या देखें नोटिस बोर्ड, तृतीय तल, संकेत एवं दूरसंचार ब्रांच, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055

सं.: 558-सिगनल-16-टेली-ओपरटेक-1028 दिनांक: 16.01.2026 172/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
TENDER NOTICE
ई-निविदा (ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम) के माध्यम से निविदा आमंत्रण

	एन आई टी	72, 73, 75, 77, 79, 80-2025-26-WV
1	काम का नाम (स्थान के साथ)	72) ADEN/TKD के तहत JNC-PWL सेक्शन पर भारी अतिक्रमण वाली जगहों पर घुसपैठ रोकने के लिए बाउंड्री वॉल फेंसिंग का निर्माण ADEN/TKD के तहत सेक्शन में यार्ड में रेल, स्लीपर, फिटिंग का कैजुअल रिन्यूअल, ओवरहॉलिंग और अन्य विविध कार्य।। कार्य की सामान्य प्रकृति: किसी भी प्रकार का ट्रैक वर्क। 73) ADEN/DEE के तहत सेक्शन में यार्ड में रेल, स्लीपर, फिटिंग का सामान्य रिन्यूअल, ओवरहॉलिंग और अन्य काम। कार्य की सामान्य प्रकृति: किसी भी प्रकार का ट्रैक वर्क। 75) ADEN/DEE के तहत SSE/W/GGN सेक्शन में गुड़गांव रेलवे स्टेशन पर हेल्थ यूनिट का निर्माण। कार्य की सामान्य प्रकृति: भवन/क्वार्टर का निर्माण। 77) ADEN/TKD के तहत विभिन्न बड़े और छोटे पुलों की 2025-2026 के लिए सालाना मरम्मत। कार्य की सामान्य प्रकृति: ट्रैक के काम के अलावा कोई भी सिविल कार्य 79) ADEN/DEE के तहत SSE/W/GGN सेक्शन में स्टीम लोको हेरिटेज शेड रेवाड़ी में हेरिटेज रोलिंग स्टॉक के लिए भारी मरम्मत और रखरखाव सुविधाओं का विकास। कार्य की सामान्य प्रकृति: भवन/क्वार्टर का निर्माण। 80) TTR (TSR) – 10 सेट (1:8.5 – 2 सेट और 1:12 – 8 सेट) ADEN/TKD के तहत NDLS-PWL सेक्शन के बीच
2	काम की अनुमानित लागत	72) रुपये 7182821.77 73) रुपये 6994418.62 75) रुपये 21648713.87 77) रुपये 6034925.09 79) रुपये 61262280.85 80) रुपये 2825441.15
3	अग्रिम राशि (रुपये)	(यह नेट बैंकिंग के रूप में होना चाहिए या केवल भुगतान गेटवे द्वारा।) (नोट: रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-आई/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार जो टेंडर आईआरईपीएस पर आमंत्रित किया गया है उसमें एफडीआर को निविदा के लिए, ईएमडी के रूप में, स्वीकार नहीं किया जाएगा।) 72) रुपये 143700.00 73) रुपये 139900.00 75) रुपये 258300.00 77) रुपये 120700.00 79) रुपये 456300.00 80) रुपये 56500.00
4	काम की समाप्ति अवधि	72) 12 महीने 73) 06 महीने 75) 06 महीने 77) 06 महीने 79) 06 महीने 80) 06 महीने
5	निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय	09.02.2026 को 15:00 बजे तक तथा 09.02.2026 को 15:00 बजे निविदा खुलना है।
6	वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा	यह निविदा आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट अर्थात www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

No. 128-W/260/OET/2025-26/NIT-72, 73, 75, 77, 79, 80-W-V
Date 16.01.2026 169/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

शुद्धि-पत्र

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद के तहत **ई-अल्पकालीन निविदा संख्या- 10/2025-26/RWD/CHATRA**, दिनांक-31.12.2025 (**Construction of Road from Kataili Mahuaa More to Nawadih**), जिसके अनुसार निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि - 22.01.2026 है, जिसका **P.R. No. 369880 Rural Work Department (25-26)_D** है, उसमें निम्नलिखित संशोधन किया जाता है :-

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :- **21.01.2026**
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :- **03.02.2026 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
3. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- **05.02.2026 अपराह्न 03.30 बजे।**
4. अन्य शर्तें यथावत् रहेंगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 370810 (Rural Work Department)25-26*D

JHARIA REHABILITATION AND DEVELOPMENT AUTHORITY, DHANBAD

e-Procurement Notice
Tender Reference No: JRDA/CIVIL/25-26/36/02
Date: 01.01.2026

1.	Name of Work	Upgradation of Phase-I of Visthapit Awas at Belgaria, Dhanbad. (2nd Call)
2.	Estimated Cost	Rs. 47,85,22,760.00
3.	EMD	Rs. 47,85,300.00
4.	Tender Document Cost	Rs.10,000.00
5.	Time of Completion	18 months
6.	Date/Time from which bid is available for online bidding	06.01.2026 at 03:00 PM
7.	Last Date/Time for on-line submission of bids	27.01.2026 at 5:00 PM
8.	Date and Time of Bid Opening	29.01.2026 at 11:30 AM
9.	Name and Address of Officer inviting tender	Head of Department (Civil), JRDA, Dhanbad Hatia More, Golf Ground Road, Hirapur, Dhanbad - 826001 Jharkhand, India Email: infojrda.dhn@gmail.com

Note : 1. Only e-tenders will be accepted.
2. Further details can be seen on website – https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Head of Department (Civil), JRDA, Dhanbad,

PR 370854 (Rural Development)25-26*D

उत्तर रेलवे
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई-प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली-110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

क्र. सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा (नग)	अंतिम तिथि
1	82262287	इंजेक्शन ऑक्ट्रीओटाइड 30 मि.ग्रा.	321	09.02.2026
2	82268852	इंजेक्शन कप्रूवायूर्मेब 120 मि.ग्रा.	200	09.02.2026
3	82264555A	टैबलेट क्वाटेटुराइड 300 मि.ग्रा.	4,000	12.02.2026
4	82269944	इंजेक्शन ट्रास्टुजुमैब डेरक्सटेकैन 100 मि.ग्रा.	40	12.02.2026
5	82260382	टैबलेट/कैप्सूल एसिटियोनिन (एस-एडेनोसाईल एल-मेथियोनीन) 400 मि.ग्रा.	68,730	16.02.2026
6	82261000	टैबलेट एलेक्टिनिब 150 मि.ग्रा.	2,700	19.02.2026
7	82268838	इंजेक्शन टेरीपैराटाइड 250 माइक्रोग्राम/मि.ली. (3 मि.ली.)	3,815	19.02.2026
8	82260652	टैबलेट सायोप्रिटाज़ार 4 मि.ग्रा.	1,80,000	23.02.2026

निविदा शर्तें- 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं.: टेबलेट/इंजेक्शन और दवाएं दिनांक: 16.01.2026 175/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

स्पेशल टास्क फोर्स (एस0टी0एफ0), उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
टीसी-33, वी-2, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ-226010
फोन/फैक्स नं0-0522-2721100, ई-मेल: stf@upstf.com

संख्या: एसटीएफ-क-103/2025(02) दिनांक: जनवरी , 2026

जेम (GeM) कस्टम निविदा सूचना

शासन द्वारा 3090 विशेष सुरक्षा बल हेतु स्वीकृत निम्नांकित शस्त्रों के क्रयार्थ जेम पोर्टल पर कस्टम बिड प्रकाशित की गयी है, जिनका विवरण निम्नवत् है:-

क्र. सं.	शस्त्रों का विवरण	बिड संख्या	प्रकाशित होने की तिथि	निविदा बन्द होने की तिथि/समय	निविदा खुलने की तिथि/समय
1-	Sniper Rifle .338mm with sight	GEM/2026/B/7106469	14.01.2026	29.01.2026/ 19:00	29.01.2026/ 19:30

उक्त शस्त्रों के क्रय हेतु जेम की नियम व शर्तें एवं विभाग द्वारा निर्धारित नियम व शर्तें लागू होंगी, जिन्हें UP Police की Website - https://uppolice.gov.in पर भी देखा जा सकता है। निविदा में उल्लिखित क्रय संबंधी समस्त नियम व शर्तों को पूरा करने वाली फर्मों द्वारा निविदा में प्रतिभाग किया जा सकेगा।

पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, स्पेशल टास्क फोर्स, 3090, लखनऊ।

UPID-244125/16.01.2026 www.upgov.nic.in

पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र:** नामालूम, **पता:** नामालूम, **उम्र:** लगभग 40 साल, **कद:** 5'3", **लिंग:** पुरुष, **रंग:** सांवला, **पहचान चिन्ह** : दाहिनी बांह पर चोट का निशान, बाईं कोहनी पर चोट का निशान, **पहनावा:** कुछ नहीं (कंबल में लिपटा हुआ), **बरामदगी स्थल:** जो चंदन होला, फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली स्थित पीएनबी बैंक के पास, डिवाइन फार्म के सामने मृत अवस्था में पाया गया।

इस सम्बंध में **DD No. 42A, दिनांक 28.12.2025, पुलिस स्टेशन: फतेहपुर बेरी, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशन: फतेहपुर बेरी, दिल्ली
फोन: 7065569296

DP/675/SD/2026

कृषि निदेशालय, उत्तर प्रदेश
(कृषि रक्षा अनुभाग)
अल्पकालीन जेम (Gem) निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषकों में वितरण हेतु कृषि विभाग द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से बायोपेस्टीसाइड, एन0पी0वी0 2.0 प्रतिशत ए0एस0 का बिड संख्या- GEM/2026/B/7109501 date 14.01.2026 जेम पोर्टल पर कस्टम बिड अपलोड किया गया है। जिसकी अन्तिम तिथि 30.01.2026 है।

इच्छुक विनिर्माता (OEM) अथवा OEM द्वारा अधिकृत विक्रेता जेम निविदा में भाग ले सकते हैं। जेम यूजर आई0डी0 adappup से निविदा अपलोड की गई है।

उक्त सूचना को कृषि विभाग की विभागीय वेबसाइट www.agridarshan.up.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

अपर कृषि निदेशक (कृषि रक्षा) उत्तर प्रदेश।

UPID 244118 dt 16.01.2026, www.upgov.nic.in

दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

निविदा सूचना संख्या: एसईआर/एचपीकेपी-25-26-35, दिनांक: 15.01.2026। भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (कार्मिक), खड़गपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और ऐसे किसी भी मैनुअल प्रस्ताव के प्राप्त होने पर उसे नजरअंदाज कर दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** खड़गपुर स्टेशन पर त्वरित वाटरिंग अरेंजमेंट का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 2,05,02,088.98 **बोली प्रतिभूति:** ₹ 2,52,500 **निविदा प्रपत्र की कीमत:** शून्य। **निविदा खुलने का स्थान:** वरिष्ठ डीएसई/खड़गपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 06.02.2026 को अपराह्न 3:00 बजे। निविदा वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदाकारों/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय सभी प्रासंगिक कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे। (PR-1078)

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: vivek.kumar4 Time: 01-16-2026 21:58 Color:

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 17-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: cci Time: 01-16-2026 22:44 Color:

बांसेरा में DDA के सालाना पतंगोत्सव-2026 में हिस्सा लेने पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह

बांसेरा में विरासत की उड़ान, दिल्ली में बनेगा पतंगबाज़ी का वर्ल्ड सेंटर

Photos: Anindya Chattopadhyay, PTI

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राजधानी को पतंगोत्सव का केंद्र बनाने के लिए काम किया जाना चाहिए। राजधानी में ऐसी क्षमता है। यह कहना है केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का। बांसेरा में DDA के सालाना पतंगोत्सव-2026 में हिस्सा लेते हुए उन्होंने कहा कि इसे सतत प्रयासों से और अधिक लोकप्रिय बनाने की जरूरत है।

गृहमंत्री ने कहा, पतंग हब बनाने के लिए बने कमिटी

पतंगोत्सव को दिल्ली और समूचे देश में विस्तार देने और राजधानी को इसका केंद्र बनाने के लिए एक समिति गठित करनी चाहिए। यह समिति इसे लोकप्रिय बनाने और इसमें जनभागीदारी बढ़ाने के पहलुओं पर काम करे। उन्होंने कहा कि अगला पतंगोत्सव ऐसा हो जिससे इस उत्सव का नाम देश और दुनिया के प्रमुख पतंगोत्सवों में आए। उन्होंने कहा कि दिल्ली में देश के अलग-अलग किस्मों के बांस से बना बांसेरा पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। उनके साथ इस मौके पर एलजी वी के सक्सेना और सीएम रेखा गुप्ता मौजूद रहीं। पतंगोत्सव में तीन पविलियन हैं। इसमें पतंगों का इतिहास और पतंगों का युद्धकालीन उपयोग भी देखने को मिल रहा है। यहां लोगों को प्रदर्शनी में जानकारी मिल रही है पतंगों का अंग्रेजों के युद्ध में भी अहम योगदान रहा है।



बांसेरा में आयोजित कार्यक्रम के मौके पर एलजी वी के सक्सेना और सीएम रेखा गुप्ता मौजूद रहीं

18 जनवरी तक पतंग उत्सवः डीडीए 18 जनवरी तक इस बार पतंगोत्सव का आयोजन कर रहा है। इस उत्सव में कई विदेशी डिप्लोमेट्स और प्रतिनिधि भी हिस्सा ले रहे हैं।

गृहमंत्री ने पतंग महोत्सव को और भव्य तरीके से आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। मुझे विश्वास है कि आने वाले सालों में इसकी भव्यता बढ़ेगी। *-एलजी वी के सक्सेना*

गृहमंत्री ने कहा कि यह वही दिल्ली है जहां हर धागा लोगों को जोड़ता है, हर उड़ान परंपरा से संवाद करती है और हर रंग शहर की साझा पहचान को और गहरा करता है। -सीएम रेखा गुप्ता

वर्कशॉप में लोगों ने सीखा पुराने कपड़ों से नया फैशन

हाल ही में एनबीटी रंगमंच क्लब द्वारा एक अपसाइकलिंग क्लोद्स वर्कशॉप का आयोजन किया गया जिसमें फैशन डिजाइनर अनुभा नांबियार ने पुराने कपड़ों को नए स्टाइल में ढालकर फैशन पीस में बदलने के बारे में बताया। ब्रैंड 'अनुभा' की फाउंडर अनुभा ने इस वर्कशॉप में बताया गया कि किस तरह पुराने कुर्तों, साड़ियों, दुपट्टों और जींस को री-डिजाइन कर नए आउटफिट्स, जैकेट्स, स्टोल्स और एक्सेसरीज बनाए जा सकते हैं। साथ ही, यह भी चर्चा हुई कि इस साल फैशन में कौन-से ट्रेंड्स चलन में हैं और उन्हें अपसाइकल्ड कपड़ों के जरिये कैसे फैरी किया जा सकता है।

वर्कशॉप में शामिल लोगों की उत्सुकता पर डिजाइनर अनुभा नांबियार कहती हैं, 'सभी जानना चाहते हैं कि पुराने कपड़ों का इस्तेमाल कैसे किया जाए। सस्टेनेबल फैशन आने वाले समय में और भी ज्यादा देखने को मिलेगा। हर उम्र के लोगों की इसमें दिलचस्पी थी। सबका एक ही सवाल था-कैसे सस्टेनेबल रहें और चीजें उपयोगी भी बनें।' वहीं दिलशाद गार्डन से आई चंचल पांडे कहती हैं, 'वर्कशॉप बहुत ही बढ़िया थी। हम अक्सर पुराने कपड़े या तो फेंक देते हैं या किसी को दे देते हैं। लेकिन यहां आकर समझ में आया कि इन्हें कितने क्रिएटिव तरीकों से दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। इससे न सिर्फ पैसा बचेगा, बल्कि पुराने कपड़ों का सही उपयोग भी होगा।'

वर्कशॉप में हिस्सा लेने वाली संध्या जैन के मुताबिक, 'मुझे अंदाजा ही नहीं था कि पुराने कपड़ों को री-यूज करने के इतने तरीके हो सकते हैं। इस वर्कशॉप ने सोचने का तरीका बदल दिया। अब समझ में आया कि किस कपड़े को किस स्टाइल में बदला जा सकता है।'

यह पहल न सिर्फ फैशन को सस्टेनेबल बनाने की दिशा में एक कदम है, बल्कि यह भी दिखाती है कि थोड़ी-सी समझ और क्रिएटिविटी से पुराना कपड़ा भी नया और स्टाइलिश बन सकता है। *- डिजाइनर अनुभा नांबियार*

नर्सरी एडमिशन के लिए होंगे ड्रॉ

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** प्राइवेट स्कूलों में नर्सरी एडमिशन के लिए ज्यादातर स्कूलों को ड्रॉ का सहारा लेना पड़ेगा। कई स्कूलों में एक ही पॉइंट पर कई बच्चे हैं और सीटों के मुकाबले बच्चों की संख्या बहुत ज्यादा है। शुक्रवार को प्राइवेट स्कूलों ने नर्सरी एडमिशन के लिए बच्चों को मिले मार्क्स की लिस्ट जारी कर दी है। अकैडमिक सेशन 2026-27 के लिए नर्सरी एडमिशन के लिए सभी प्राइवेट स्कूल 23 जनवरी को पहली एडमिशन लिस्ट और वेटिंग लिस्ट जारी करेंगे। अगले एक हफ्ते में ड्रॉ पूरे हो जाएंगे।

आतिशी के कथित बयान और जारी जांच का हवाला दिया

ज़रूरत पड़ी तो बुलाया जा सकता है विधानसभा का विशेष सत्रः स्पीकर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया जा सकता है। विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने अपने बयान में यह कहा है। शीतकालीन सत्र के दौरान नेता प्रतिपक्ष आतिशी के कथित बयान और इसके संदर्भ में की जारी जांच का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि सदन की गरिमा और लोकतांत्रिक जवाबदेही बनाए रखने के लिए अगर जरूरत हुई तो सदन का विशेष सत्र बुलाया जा सकता है।

अध्यक्ष ने पूरे मामले को गंभीर बताते हुए कहा कि सभी निर्णय केवल सदन द्वारा ही लिए जाने चाहिए। यह निर्णय सदन के बाहर नहीं होना चाहिए। इसलिए जरूरत पड़ी तो सदन का विशेष सत्र बुलाया जा सकता है। वहीं, इस मामले में दिल्ली सचिवालय ने एफएसएल पंजाब के डायरेक्टर को नोटिस देते हुए 22 जनवरी तक अपनी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। गुप्ता ने बताया कि तथ्यों की सही जांच सुनिश्चित करने के लिए संबंधित प्राधिकरणों को नोटिस जारी किए गए हैं। पंजाब के डीजीपी और जालंधर के पुलिस आयुक्त से जवाब मिले हैं। पंजाब के डीजीपी को व्यक्तिगत कारणों से 22 जनवरी तक जवाब पेश करने के लिए समय दिया गया है। जालंधर के पुलिस आयुक्त को डीजीआईपी टीम से संबंधित आधिकारिक व्यस्तताओं के कारण समय प्रदान किया गया है।

फॉरेंसिक जांच के संबंध में अध्यक्ष ने कहा कि पंजाब के विशेष पुलिस महानिदेशक (साइबर अपराध) द्वारा एक लिखित जवाब मिला है, जिसमें साफ किया गया है कि साइबर अपराध शाखा की इस घटना में कोई जांच संबंधी भूमिका नहीं है।

आतिशी को 19 तक लिखित जवाब देने का नोटिस

- विधानसभा सचिवालय ने एफएसएल पंजाब के डायरेक्टर को दिया नोटिस, 22 जनवरी तक रिपोर्ट देने के निर्देश
- विधानसभा अध्यक्ष ने कहा, गुरु तेग बहादुर से संबंधित टिप्पणियों पर निर्णय लेने का अधिकार केवल दिल्ली विधानसभा को, हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं

कम टाइम में हेल्दी और टेस्टी स्नैक्स बनाना सीखें

एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लेकर आया है ट्रेडिशनल किचन रेसिपीज वर्कशॉप जिसमें फूड बिजनेस चलाने वाली शेफ शिवानी बहुगुणा आपको सिखाएंगी कि कैसे आप घर पर कम समय में हेल्दी इंडियन स्नैक्स और टेस्टी फूड तैयार कर सकते हैं। इसके साथ ही वह आपको चॉकलेट बनाने और केक बेकिंग के टिप्स भी देंगी। इसमें हिस्सा लेने के लिए आपको करवाना है बस रजिस्ट्रेशन।

शिवानी बहुगुणा
(शेफ)

तारीख: 21 जनवरी 2026
समय: 3 से 4 बजे तक
फीस : निःशुल्क

रजिस्ट्रेशन के लिए 7003890071 पर कॉल या वट्सऐप करें

अवैध रेत खनन पर ऐक्शन क्यों नहीं लिया?: AAP

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** अवैध रेत खनन मामले में आम आदमी पार्टी ने सवाल उठाया है। 'आप' दिल्ली संयोजक सौरभ भारद्वाज ने एलजी और सीएम से सवाल किया है कि अवैध रेत खनन के सबूत देने के बाद भी जिम्मेदार अफसरों पर अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? एलजी ने न तो डीएसपी पर कोई कार्रवाई की और न तो सीएम ने ही संबंधित डीएम को सस्पेंड किया। उन्होंने कहा कि नैशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (NGT) ने अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस और मुख्य सचिव को कई बार आदेश दिए। सरकार ने एनजीटी में बताया कि खनन रोक दिया गया है, जबकि अब भी खनन जारी है।

सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 30 अप्रैल 2025 को एनजीटी ने कहा कि अवैध खनन रोकने के बजाय दिल्ली के मैजिस्ट्रेट केवल आपसी चिट्ठीबाजी में व्यस्त हैं। अक्टूबर 2025 में दिल्ली सरकार ने एनजीटी में शपथ पत्र दाखिल कर कहा कि यहां कोई अवैध खनन नहीं हो रहा है, जबकि दिसंबर में खनन होने के सबूत पेश हो गए और अवैध खनन पर दिल्ली कोर्ट ने भी सवाल उठाए। 'आप' विधायक संजीव झा ने सीएम, एलजी, केंद्रीय गृह मंत्री समेत जिले के अफसरों और पुलिस को शिकायत की थी, फिर भी अवैध खनन जारी है।

सौरभ ने NGT की फटकार का भी किया जिक्र

सौरभ ने कहा कि 13 जनवरी को AAP ने बुराड़ी और जगतपुर इलाके का दौरा किया और सबूतों के साथ विडियो बनाकर दिखाया कि यमुना के तट पर संगठित माफिया अवैध रेत खनन कर रहा है। दिल्ली चुनाव से दो महीने पहले दिसंबर 2024 में एनजीटी ने एडीएम (नॉर्थ) और सीपीसीबी को लिखित निर्देश दिए थे कि अवैध खनन को रोकने के लिए 24 घंटे पैट्रोलिंग की जाए। जुलाई 2025 में एनजीटी ने एक इंटर स्टेट कॉर्डिनेशन कमिटी बनाकर अवैध खनन रोकने के लिए आदेश दिए और अनुपालन रिपोर्ट भी मांगी थी। अक्टूबर 2025 में दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने एफिडेविट देकर यह दावा किया कि यमुना में कोई खनन नहीं चल रहा है लेकिन 19 दिसंबर को एनजीटी में अवैध खनन के सबूत पेश किए गए, जिनमें फोटो, वीडियो और लाइव लोकेशन शामिल थे।

कंस्ट्रक्शन वर्कर्स के लिए वेलफेयर बोर्ड

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली सरकार में श्रम मंत्री कपिल मिश्रा का कहना है कि दिल्ली के असंगठित श्रमिकों, गिग वर्कर्स और कंस्ट्रक्शन वर्कर्स के वेलफेयर के लिए केंद्र सरकार की तरह ही दिल्ली सरकार भी वेलफेयर बोर्ड का गठन करेगी। इस संबंध में शुक्रवार को एक समीक्षा बैठक भी बुलाई गई थी। वेलफेयर बोर्ड का काम ऐसे लोगों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाना होगा। बैठक में लेबर कमिश्नर सहित विभाग के कई अधिकारी भी मौजूद रहे। दिल्ली के श्रम मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार 29 पुराने लेबर लॉ को एक साथ मिलाकर चार श्रम संहिता बना रही है। इनका मकसद श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करना और सामाजिक सुरक्षा का विस्तार करना है। सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 के तहत असंगठित श्रमिकों, गिग/प्लैटफॉर्म श्रमिकों को भी शामिल किया गया है, ताकि उन्हें भी सामाजिक सुरक्षा मिल सके।

विज्ञापन सूचना (ADVERTISEMENT NOTICE)

खाद्य सुरक्षा विभाग, दिल्ली सरकार, में उप विधि सलाहकार (Deputy Legal Advisor), समूह-"A" के पद पर *प्रतिनियुक्ति (Deputation) जिसमें अल्पावधि अनुबंध (Short Term Contract) भी शामिल है, और इसके असफल होने पर प्रत्यक्ष भर्ती (Direct Recruitment)* द्वारा *100%* पदों की भरती हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

पद का नाम: उप विधि सलाहकार (Deputy Legal Advisor)

रिक्त पदों की संख्या: 01 (एक)

वेतनमान: लेवल-11, 7वीं सीपीसी, वेतन मैट्रिक्स लेवल-11 (₹67,700-2,08,700/-)

आयु सीमा: प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

शैक्षणिक योग्यताएँ

अनिवार्य: (I) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से विधि स्नातक (LLB) की डिग्री।

(II) केंद्रीय सरकार/ राज्य सरकारों/ केंद्र शासित प्रदेशों/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/ स्वायत्त या सांविधिक निकायों/ मान्यता प्राप्त संस्थानों/ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों, अथवा सूचीबद्ध कंपनियों, अथवा विधि फर्म, अथवा विधि व्यवसायी के रूप में *पाँच वर्षों का विधिक कार्य अनुभव*।

वांछनीय: (i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एलएलएम (LLM)।

अनुभव: लागू नहीं।

नोट: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करने से पूर्व भर्ती की पद्धति, कार्यों की प्रकृति आदि के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए विभागीय वेबसाइट www.foodsafety.delhi.gov.in पर उपलब्ध विवरण अवश्य देखें।

आवेदन कैसे करें

1. विभागीय वेबसाइट www.foodsafety.delhi.gov.in पर उपलब्ध निर्धारित आवेदन पत्र को आवश्यक दस्तावेजों सहित केवल *स्पीड पोस्ट* के माध्यम से इस कार्यालय में समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन की तिथि से *साठ (60) दिनों* के भीतर भेजा जाए।
2. अपूर्ण आवेदन पत्र विचारार्थ स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
3. पूर्णतः भरे हुए आवेदन पत्र तथा सभी संबंधित दस्तावेज निम्नलिखित पते पर **कार्यालय प्रमुख** के नाम से भेजे जाएँ:

DEPARTMENT OF FOOD SAFETY
(दिल्ली सरकार)
8वीं मंज़िल, मयूर भवन,
कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001

नोट: पूर्ण आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 18.03.2026 शाम 17:00 बजे तक है।

(कार्यालय प्रमुख)
खाद्य सुरक्षा विभाग
दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार

DIP/Shabdarth/Classified/0394/25-26

खाद्य सुरक्षा विभाग
(दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार)
8वीं मंज़िल, मयूर भवन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001

विज्ञापन सूचना

खाद्य सुरक्षा विभाग, दिल्ली सरकार में *संयुक्त पद्धति (प्रतिनियुक्ति एवं पदोन्नति)* द्वारा **खाद्य विश्लेषक** (Food Analyst), समूह 'A' के पद पर भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

पद का नाम: खाद्य विश्लेषक (Food Analyst)
रिक्तियों की संख्या: 01 (एक)
वेतनमान: लेवल-11, 7वां वेतन आयोग वेतन मैट्रिक्स (₹ 67,700 – 2,08,700/-)

आयु सीमा:

(a) पदोन्नति द्वारा नियुक्ति (विभागीय उम्मीदवार) के लिए आयु सीमा लागू नहीं।
(b) प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए आयु 56 वर्ष से अधिक नहीं।

शैक्षणिक योग्यता:

- भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से रसायन विज्ञान, जैव-रसायन, सूक्ष्म जीव विज्ञान, डेयरी रसायन, खाद्य प्रौद्योगिकी, खाद्य एवं पोषण में स्नातकोत्तर उपाधि; **या** डेयरी/तेल प्रौद्योगिकी में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी; **या** पशु चिकित्सा विज्ञान में डिग्री; **या** इंस्टिट्यूशन ऑफ केमिस्ट (इंडिया) द्वारा आयोजित फूड एनालिसिस सेक्शन की परीक्षा उत्तीर्ण एसोसिएट सदस्यता; **तथा** खाद्य विश्लेषण में कम से कम पाँच वर्ष का अनुभव।
- **तथा** प्राधिकरण द्वारा नियुक्त और अधिसूचित बोर्ड द्वारा 'खाद्य विश्लेषक' के रूप में नियुक्ति हेतु अर्ह घोषित किया गया हो।

नोट:

